CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 13°C
तापमान

सेंसेक्स 74,102.32
निफ्टी 22,497.90

सोना 88,610
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 12 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 213 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2081 11 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 11वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोज़े से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोज़े तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोज़े में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।




## टैरिफ कटौती पर अमेरिका को कोई आश्वासन नहीं दिया

# भारत ने ट्रम्प के दावों को सिरे से नकारा

नई दिल्ली, वार्ता



**केंद्र सरकार** ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को बताया कि भारत ने अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है।

विदेश मामलों की संसदीय समिति को जानकारी देते हुए सुनील बर्थवाल ने साफ किया कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया। बर्थवाल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यापार वार्ता में भारत के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। भारत फ्री ट्रेड के पक्ष में है और व्यापार को उदार बनाना चाहता है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है, लेकिन टैरिफ वार से किसी का फायदा नहीं है और इससे मंदी भी आ सकती है। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत अंधाधुंध तरीके से टैरिफ कम नहीं करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जो हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए काफी जरूरी हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए बहुपक्षीय के बजाय द्विपक्षीय तौर पर टैरिफ कटौती पर बातचीत करना पसंद करता है। दरअसल ट्रम्प ने कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं।

**कहा: भारत-अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया**

**अमेरिका से हमारा कोई कमिटमेंट नहीं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दावे पर भारत सरकार ने कहा**

### तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेन्सी की निदेशक तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर हैं। सुश्री गबार्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि मैं हिन्द प्रशांत के कुछ देशों की यात्रा पर हूं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत जाऊंगी, वापस आने से पहले फ्रांस में कुछ समय के लिए रूकूंगी। उन्होंने कहा कि शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ और संपर्क का मार्ग बनाना महत्वपूर्ण है।

# मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

पोर्ट लुईस, वार्ता



■ मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से नवाजा

**मॉरीशस** के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है।

मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस के पीएम ने अभी घोषणा की है कि वे मुझे अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करेंगे। मैं आपके फैसले को विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहता हूं। यह भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान है। भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी मैं मॉरीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है जैसे में अपने ही लोगों के बीच हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मारीशस के संबंधों में मधुरता बढ़ी है। मॉरीशस के नागरिकों को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मैं दस साल पहले इसी दिन मॉरीशस आया था। यह होली के सप्ताह बाद का दौरा था और मैं अपने साथ फगवा की खुशी लेकर आया था।

### पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया कुंभ का पवित्र जल

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र संगम जल भेंट किया। इस जल को एक पीतल और तांबे के बर्तन में रखा गया था। प्रधानमंत्री ने गोखूल की पत्नी बृंदा गोखूल को प्रसिद्ध बनारसी साड़ी भी भेंट की। दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे मोदी ने गोखूल को बिहार का प्रसिद्ध खाना 'मखाना' भी उपहार में दिया। उन्होंने बृंदा गोखूल को एक सदेली बॉक्स में साड़ी भेंट की। सदेली बॉक्स गुजरात की परंपरागत कारीगरी का प्रतीक है। सदेली बॉक्स कीमती साड़ियों, आभूषणों या वस्तुओं को रखने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात से पहले प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने सर सीवूसागर बाटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सीवूसागर रामगुलाम को श्रद्धांजंलि दी और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद वह राजकीय भोज में शामिल होंगे।

### भूमि घोटाले में सैम पित्रोदा के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी सैम पित्रोदा और अन्य के खिलाफ कर्नाटक भूमि अधिग्रहण निषेध अधिनियम 2011 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला सत्तारूढ़ पार्टी, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के पूर्व नेता और भ्रष्टाचार निरोधक फोरम के अध्यक्ष एनआर रमेश ने सोमवार को भूमि अधिग्रहण निषेध विशेष अदालत के समक्ष दायर किया। यह मामला बेंगलुरु में 12.35 एकड़ आरक्षित वन भूमि पर कथित अवैध कब्जे से संबंधित है। श्री रमेश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एलहंका के जराकाबांदे कवल में स्थित इस भूमि का सरकारी मूल्यांकन 150 करोड़ रुपये से अधिक है और इसका बाजार मूल्य 300 करोड़ रुपये से अधिक है।




### जारी होंगे 100-200 के नए नोट : RBI

**मुंबई।** आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि पहले जारी किए गए 100 और 200 रुपये के सभी पुराने नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे और वे वैध मुद्रा माने जाएंगे।

### जेकेआईएम पर गृह मंत्रालय ने पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक है। गृह मंत्रालय के एक आदेश में कहा कि जेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है। इसके तहत संगठन की सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है और इसके सदस्य या सहयोगी किसी भी प्रकार की सक्रियता में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को संगठन के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है।

# हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफॉल्ट बेल मिल चुकी

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मंगलवार को राहत देते हुए डिफॉल्ट जमानत मंजूर कर ली।

हल्द्वानी दंगे के आरोपियों भोला उर्फ सुहैल, जावेद सिद्दीकी, जावेद कुरैशी, शाहनवाज, रहीश अहमद अंसारी, अब्दुल माजिद, सहित अन्य 18 आरोपियों की अपील पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में विगत सात मार्च को सुनवाई हुई। खंडपीठ ने सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को निर्णय जारी करते हुए सभी की जमानत मंजूर कर ली। सभी आरोपियों के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के साथ ही हल्द्वानी कोतवाली में संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। सभी आरोपी पिछले साल फरवरी से जेल में बंद हैं। यूएपीए अदालत (निचली अदालत) ने आरोपियों की जमानत नामंजूर कर दी थी। इसके बाद आरोपियों की ओर से उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई। आरोपियों की ओर से कहा गया कि सरकार उनके खिलाफ यूएपीए अदालत में तय समय पर आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रही है। अदालत ने सरकार को आरोप पत्र दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया और उनकी जमानत नामंजूर कर दी। इसलिए वे डिफ़ॉल्ट बेल के हकदार हैं। अदालत इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफ़ॉल्ट बेल मंजूर कर चुकी है। आरोपियों के अधिवक्ता सीके शर्मा के अनुसार खंडपीठ ने उसी आधार पर इन आरोपियों को भी जमानत दे दी।

# विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेघालय का बर्नीहाट टॉप पर
■ दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी

**नई दिल्ली।** विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को विश्व के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे, यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7 फीसदी की गिरावट देखी गई। 2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, विश्व के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। विश्व के सबसे प्रदूषित 20 शहरों में पाकिस्तान के 4 और चीन का एक शहर भी शामिल है। ओशिनिया साल 2024 में विश्व का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57: शहर डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में पीएम 2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है। यूएन के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, -शेष पृष्ठ दो पर

### देश की सबसे अमीर महिला अब रोशनी नाडार

**नई दिल्ली।** एचसीएल (सीएल) ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47 फीसदी हिस्सेदारी ट्रांसफर की है। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के पास है। रोशनी से पहले उनके पिता शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व वाली सीएल टेक्नोलॉजी देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपये है।

# अमरोहा में उत्तराखंड की युवती की गोली मारकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था आरोपी युवक

**अमरोहा।** उप्र में अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में उत्तराखंड की एक युवती का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र गज़रौला में थाना पुलिस को मंगलवार सुबह गेस्ट हाऊस में किसी युवती की गोली मारकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। युवती की शिनाख्त हरिद्वार जिले की कनखल निवासी रोज़ी खुराना (20) के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर थाना बछरायूं (अमरोहा) क्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी अंकुश चौधरी (25) को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में उससे पूछताछ जारी है। पुलिस को पूछताछ -शेष पृष्ठ दो पर









## एक नजर

### गर्भवती महिलाओं की गोद भराई



**कासमपुर गढ़ी।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के कार्यक्रम आयोजित किए गये। बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई में फलों आदि की टोकरी भेंट की जाती है तथा उन्हें पोषण संबंधी एवं आयरन की गोलियां समय पर खाने सम्बन्धी जानकारी दी जाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में आंगनबाड़ी केंद्र कासमपुर गढ़ी, ग्राम बनियोवाला, मीरापुर मोदीवाला नार्थ आदि में गोद भराई के कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री चरनजीत कौर, पूनम देवी, गौरी, निशा, रेनू आदि मौजूद रहीं।

### सौरभ कौशिक चुने गए बार के अध्यक्ष



**नगीना।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन नगीना की कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव पीठासीन एवं मतदान अधिकारी सुनील कुमार बिश्नोई, सहायक अधिकारी राजीव कुमार सोती, जगदेव प्रसाद व निवर्तमान अध्यक्ष शेख सलीमुद्दीन की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में 46 में से 44 मतदाताओं ने वोट डाले। पीठासीन अधिकारी ने मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर हुए मतदान में सौरभ कौशिक को 32 और सुरेश कुमार को 11 मत मिले। इस प्रकार 21 मतों से सौरभ कौशिक ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। महासचिव पद पर अवधेश कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर शहजाद अहमद, ज्येष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन व नरेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आयशा रजा, संयुक्त सचिव अहसान अली, शाहनवाज अहमद, राजप्रकाश के मुकाबले कोई अन्य नामांकन दाखिल न होने पर सभी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। सौरभ कौशिक के अध्यक्ष बनने पर साथी अधिवक्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर बधाई दी।

### होली के जुलूस में खूब उड़े रंग



**नगीना।** द्वादशी के रंग का जलूस मन्दिर मुक्तेश्वर नाथ से प्रारम्भ हो कर मोहल्ला चौधराना स्थित शिव मंदिर से पूजा अर्चना के बाद इसी मार्ग से होता हुआ पुन: बाजार थाना, बारादरी, मंडी मोलगंज, बड़ा मंदिर, प्रेम पुस्तकालय, लुहारी सराय, नगर पालिका, गांधी मूर्ति, मुंसफी के सामने से होता हुआ रेलवे स्टेशन पहुंचकर सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर साहू सलिल अग्रवाल, साहू कपिल, परितोष कौशिक, पंडित सचिन शर्मा, गोपाल शर्मा, सभासद मुकेश अग्रवाल, सोमपाल सैनी, अतुल बिश्नोई, राज. कुमार बिश्नोई, सौरभ मित्तल, सुभाष शर्मा, लवी मित्तल, अंकित कुमार सहित नगर के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### रोड रोलर के नीचे आकर किशोर की मौत



**हल्दौर।** गांव बल्दिया से झालू मार्ग पर तारकोल रोड़ निर्माण कार्य चल रहा है। पुलिस के अनुसार निर्माण कार्य को लेकर जनपद मुजफ्फरनगर थाना भोपा के गांव नंगला निवासी नजिमू शकीर (15) पुत्र राशिद अपने चाचा आजम अली से मिलने गांव बल्दिया पहुंचा। ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही निकट मंगलवार को सड़क निर्माण कार्य के दौरान अचानक रोलर के टक्कर लग जाने से वह पहिए के नीचे आ गया। किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# चेयरपर्सन ताहिरा खलील के निवास पर तरावियों में कलाम पाक मुकम्मल

## देश में अमन, शांति व भाईचारे के लिए भी दुआ मांगी गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा खलील के निवास पर बीती रात नौवें रोजे व दसवीं तरावियों में कुरान पाक मुकम्मल हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती ताहिरा खलील के निवास पर रमजान का चांद देखकर तरावीहयो की- नमाज शुरू हुई थी। तरावियों में हाफिज मौहम्मद रिहान मुल्तानी ने कलाम पाक सुनाया और हाफिज मौहम्मद असजद मुल्तानी ने सुना। कई दर्जन नमाजियों ने तरावीह पढ़ी। कुरान पाक मुकम्मल होने पर महफिल को खिताब करते हुए हाफिज मौहम्मद रिहान मुल्तानी ने कुरान की सीरत और बरकत पर रोशनी डाली। साथ ही पांच वक्त की नमाजों की पाबंदी करने और सुन्नत पर अमल करने की बात कही। शहर इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम ने तरावियों में आपसी भाईचारा व देश की तरक्की के लिए भी दुआ कराई।



चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने कुरान पाक सुनाने वाले हाफिज मौहम्मद रिहान को व सुनने वाले हाफिज मौहम्मद असजद मुल्तानी को इनाम व कपड़े दिए। सभी नमाजियों को तबर्रुक बांटी गई।

इस मौके पर चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष व समाजसेवी शेख शाह नवाज खलील के अलावा शेख शैहराज खलील, शेख हसन शाहनवाज, शेख जमशेद ठेकेदार, शेख खुर्शीद ठेकेदार, मेराज अहमद, सभासद जुनैद कुरैशी, डॉ. खालिद, शमीम अहमद, इरफान अहमद, मौहम्मद अफफान, खालिद मुल्तानी, अनसार अतीक, असहर अतीक, शेख परवेज, मौहम्मद राहत, वसीम अहमद, मौहम्मद शुऐब, बबलू, फहीम अहमद, इरफान अहमद, आसिम मुल्तानी, बहार आलम मुल्तानी, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद आलम, मौहम्मद कसीम, अनस मंसूरी, मौहम्मद खिजर आदि मौजूद थे।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक के दोनों पैर व एक हाथ कटा

**नजीबाबाद।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल युवक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद के मौहल्ला पाईबाग निवासी लगभग बाइस वर्षीय युवक आमिर पुत्र मौहम्मद साबिर सोमवार दोपहर को ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन से टक्कर लगने के बाद युवक बुरी तरह से घायल हो गया। रेलवे ट्रैक पर हुए इस हादसे में आमिर के दोनों पैर और एक हाथ धड़ से अलग हो गया। बताया गया कि युवक विवाह समारोह एवं पार्टीयों में वेटर का कार्य करता है। वहीं इस हादसे से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ भी जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर किया।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होकर करेंगे संघर्ष

## एक अप्रैल को प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलेदारी कार्यालय सिंचाई खंड में विजयप्रताप सिंह जिलेदार की अध्यक्षता में सिंचाई संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया ।

इस बैठक के मुख्य अतिथि देशराज सिंह संरक्षक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद रहे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा बिजनौर की नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष धीरज क्रांति कुमार शर्मा जिला मंत्री, ललित कुमार ऑडिटर, वरिष्ठ उपाध्याय शूरवीर सिंह ने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की कोई भी समस्या हो उसके लिए परिषद हर समय तैयार है। चंद्रहास सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी अटेवा ने बताया कि एक अप्रैल 2025 को अटेवा द्वारा पूरे देश में एनपीएस/ यूपीएस के विरोध में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्यालय में कार्य करेंगे और जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में संजय वर्मा पूर्व जिला मंत्री सिंचाई संघ नलकूप बिजनौर ने अपने विचार रखें। सिंचाई विभाग में सींचपाल सींच पर्यवेक्षक एवं नलकूप चालक के पदों पर सरकार द्वारा काफी समय से पदोन्नति एवं नियुक्ति नहीं की गई है, विभाग में सींचपालो, सींचपर्यवेक्षकों की वेतन विसंगतियां भी सन् 2011 से दूर नहीं की गई है। जिससे राजस्व कर्मचारियों में रोष है। बैठक में दिलीप सिंह, आशीष कुमार, कृष्ण कुमार, अंकित कुमार, राजकुमार, देवेंद्र कुमार, अनुज कुमार, गगन गुप्ता, मोहित त्यागी आदि ने संबोधित किया।



## त्यौहारों के मद्देनजर निकाला फ्लैग मार्च

**अफजलगढ़।** होली पर्व को लेकर नगर सहित थाना क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम के जवानों के हमराह फ्लैग मार्च निकाला। मंगलवार की देर शाम सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में निकाले गए फ्लैग मार्च का शुभारंभ कोतवाली प्रांगण से शुरू किया। फ्लैग मार्च नगर के मुख्य मार्गों से होकर मौहल्ला बेगम सराय, नायक सराय, गौहर अली खां, होली चौक, पीएनबी चौराहे, कालागढ़ मार्ग, जसपुर तिराहे से होते हुए कोतवाली प्रांगण में जाकर सम्पन्न हुआ। पैदल मार्च का उद्देश्य त्यौहारों से पहले आमजन को एक संदेश जारी करना था कि समाज में परस्पर सद्भाव बनाए रखें और अफवाहों पर ध्यान न दें। असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने को चेतावनी दी गई। सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि माहौल खराब करने वालों को किसी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। कहा शांतिपूर्ण आगामी त्यौहारों को संपन्न करवाने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नगरवासियों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुमित राठी के आलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, एसआई शेर सिंह, एसआई राजीव कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार तथा हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में अंतरंग सभा



**बिजनौर।** दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में अंतरंग सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 16, 17 मार्च को श्री आदिनाथ भगवान की भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव क्षुल्लक रत्न श्री 105 समर्पण सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की मंत्री नीरज जैन ने विस्तार से जानकारी अंतरंग सदस्यों को दी। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए सदस्यों से अभी तैयारी में जुटने का आव्हान किया। महाराज श्री 15 मार्च को मन्दिर प्रधारेंगे। महाराज के स्वागत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे कर आशीर्वाद लें। दीपक जैन भण्डारी, निशू जैन कोषाध्यक्ष, दीपक जैन सदस्य, राहुल जैन, पुनीत जैन, कुमकुम जैन, सिद्धार्थ जैन, राजीव जैन आदि उपस्थित रहे।

# शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पुलिस व आबकारी टीम ने संयुक्त रूप से ड्रोन कैमरे की मदद से क्षेत्र में कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने मौके पर ही 2200 लीटर लाहन को नष्ट किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आगामी त्यौहार होली पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के गांव लड्डूवाला के जंगल सहित अनेक स्थानों पर पुलिस व आबकारी टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया। वहीं पुलिस व आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। मंगलवार को एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुमित राठी व आबकारी इंस्पेक्टर उपेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस व आबकारी टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम लड्डूवाला के जंगल रामगंगा नदी सहित पुराना कालागढ, ग्राम मुरलीवाला तथा ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला जंगल के स्थानों पर छापामारी करते हुए ड्रोन कैमरे की मदद से कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने ग्राम लड्डूवाला जंगल रामगंगा नदी खादर पर छापामारी करते हुए मौके पर ही 2200 लीटर लाहन बरामद हुआ। जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया। इसके अलावा अवैध कच्ची शराब बनाने हेतु कोई गतिविधियां संचालित होना नहीं पाया गया। वहीं पुलिस व आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान आबकारी इंस्पेक्टर उपेन्द्र शुक्ला ने बताया कि होली पर्व को लेकर क्षेत्र में कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान जारी रहेगा। कोई भी अगर क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने या बेचने का कार्य करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर एसआई शेर सिंह के आलावा एसआई राजीव कुमार, एसआई शिवम तायल, हेड कांस्टेबल पीयूष खोखर, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल आकाश यादव, कांस्टेबल शुभम चौधरी, कांस्टेबल शैलेन्द्र कांत, कांस्टेबल अंकित कुमार, हेड कांस्टेबल आबकारी राहुल कुमार, आबकारी कांस्टेबल योगेन्द्र तोमर तथा कांस्टेबल अभय पिलानिया आदि संयुक्त रूप से इस अभियान में मौजूद रहे।

## एक नजर

### कान्हा गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण



**नहटौर।** उपजिलाधिकारी धामपुर रितु रानी ने नहटौर के मोहल्ला में स्थित कान्हा गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंधे पशुओं के रखरखाव और पानी की व्यवस्था के अलावा भूसा घर का निरीक्षण किया। पशुओं को दिए जाने वाले चारे की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा और जानकारी ली। एसडीएम रितु रानी ने मौसम के बदलाव के दौरान पशुओं की व्यवस्था को उचित रूप से रखने व देखभाल के लिए दिशा निर्देश दिए। पशुओं की समय समय-समय पर चिकित्सा जांच के लिए भी दिशा निर्देश दिए। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस मौके पर पालिका के वरिष्ठ लिपिक विशेष कुमार,शाजेब आदि मौजूद रहे।

### सामुदायिक शौचालय की सफाई के निर्देश




**नहटौर।** आंकू विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलीपुर दामोदर में सोमवार की शाम को जिला पंचायत राज अधिकारी ने पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय व कूड़ा नियोजन केंद्र की व्यवस्थाओं को देखा। व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ सफाई व कूड़ा नियोजन केंद्र को ठीक करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। समस्या के दौरान ग्रामीणों का आरोप था कि पंचायत घर खुलता ही नहीं है। उन्होंने पंचायत घर को नियमित रूप से खोलने के निर्देश दिए। ग्रामीणों के व्यक्तिगत शौचालय की डिमांड भेजने के निर्देश दिए। गांव में साफ सफाई सड़कों नालों आदि को भी देखा। जो की संतोषजनक मिले। इस मौके पर जिला कोऑर्डिनेटर चंद्रेश, एडीओ पंचायत मनोज कुमार, ग्राम प्रधान पति सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### संक्रामक रोग फैलने का खतरा



**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम मौहम्मद अलीपुर चोहड़ के प्राथमिक विद्यालय में पानी निक. ासी के लिए नाली का निर्माण नहीं किया गया है। जिस कारण लैट्रिन आदि का गंदा पानी प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में फैल रहा है। ग्रामीण मौहम्मद इलयास, रफीक अहमद, चंद्रपाल सिंह, ललित कुमार, रीता देवी आदि का कहना है कि इस प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र भी है। जहां प्राथमिक बच्चों के साथ नन्हे-मुन्ने बच्चे भी आंगनबाड़ी केंद्र पर आते हैं। कई बार इसकी शिकायत प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों एवं ग्राम प्रधान से भी की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए अब उन्होंने अपने बच्चों को ही विद्यालय जाने से रोक दिया है कि जब तक प्रांगण से फैली गंदगी साफ न हो जाए। उनका कहना है कि उन्हें प्राथमिक विद्यालय बच्चों को भेज कर बिमार नहीं करना है।

### पालिका ने चलाया सफाई अभियान

**नहटौर।** होली पर्व के दृष्टिगत रखते हुए पालिका प्रशासन ने नगर में साफ सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना तैयार की है। जिसके तहत 12 में 13 मार्च को रात को पालिका कर्मी जुलूस के रूट पर साफ सफाई के अलावा नालों की भी सफाई करेगें। साथ ही होली पर्व पर नगर में पानी की सप्लाई के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे और पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से रखी जाएगी। पालिका की ओर से पानी की सप्लाई सुचारू रूप से रखने के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी की जाएगी। नगर पालिका नहटौर ने नगारिकों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से कूड़ा आदि नालों में न डालें। ईओ नवनीत कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व पर सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए कार्य योजना बनाकर कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

### पेपर देने गए छात्र को पीटा

**नहटौर।** धामपुर थाना क्षेत्र के गांव मटौरा मान निवासी वेद राणा मस्कॉट पब्लिक स्कूल में 10वीं का छात्र है। वह 10वी की परीक्षा नहटौर के सांई मिलेनियम पब्लिक स्कूल में देने के लिए आया था। बताया जाता है कि कई छात्रों ने सांई मिलेनियम पब्लिक स्कूल पर छात्र पर हमलाकर घायल कर दिया। छात्र के सिर में गंभीर चोट लगने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### मरूधर एक्सप्रेस के ब्रेक से निकली चिंगारी, अफरातफरी

**जौनपुर।** जोधपुर से चलकर वाराणसी को जाने वाली मरूधर एक्स प्रेस ट्रेन में मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक बोगी में यात्रियों ने ट्रेन के पहिए से चिंगारी और धुएं लिए लपटें दिखाई देने पर शोर मचाया। ट्रेन के गार्ड को अनहोनी की आशंका के ट्रेन को रुकवा दिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अमरोहा में...** में युवक ने बताया कि रोज़ी खुराना के साथ वह पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था। बीती रात उसे फोन करके गजरौला गैस्ट हाऊस में बुलाया था। रात में किसी समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिससे युवक ने गोली मारकर युवती की हत्या कर दी। घटना की सूचना हत्यारोपी ने खुद पुलिस को फोन के माध्यम से दी थी।

**विश्व के...** न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं। भारत के शहरों में हवा इतनी खराब है कि 35 फीसदी शहरों में हवा में धूल के छोटे-छोटे कण (पीएम2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बताए लेवल से 10 गुना ज्यादा है। इस खराब हवा के कारण भारत में लोगों की सेहत खतरे में है। लोगों की औसत उम्र करीब 5.2 साल कम हो रही है। एक रिसर्च के अनुसार, 2009 से 2019 के बीच भारत में हर साल करीब 15 लाख लोगों की मौतें हवा में मौजूद पीएम2.5 कणों के प्रदूषण के कारण हुईं।

# सीमा पार कर भारत में घुसे दो रोहिंग्या नागरिक गिरफ्तार

**कूचबिहार।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में मथाभंगा सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले दो रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई है।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति म्यांमार के राखिन प्रांत के निवासी हैं। वहां से वे कुछ साल पहले बंगलादेश के कॉक्स बाजार में अवैध रूप से घुसपैठ कर गए थे। गिरफ्तार आरो. पियों में शामिल रेडवान (24) ने बताया कि म्यांमार में उन्हें गोली मारी गई थी, जिसके बाद वह वहां से भागकर बंगलादेश पहुंचे थे। हाल ही में उन्होंने नेपाल में अपने रिश्तेदारों के पास जाने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने बंगलादेशी दलाल को 40,000 टका देकर भारत में घुसने की कोशिश की, लेकिन जैसे

**पकड़े गए आरोपियों से नकदी भी बरामद की**

ही वे सीमा पार कर भारत में घुसे, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। यह घटना मथाभंगा सीमा के धापरा बाजार इलाके में हुई। स्थानीय लोगों ने जब एक पुरुष और एक महिला को संदिग्ध अवस्था में देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेडवान और फारमीना अख्तर (27) को गिरफ्तार कर लिया। मथाभंगा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गोराई ने मंगलवार को यहां बताया कि हमने एक पुरुष और एक महिला को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वे म्यांमार के नागरिक हैं। उन्हें अदालत में पेश कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इनका इरादा भारत होते हुए नेपाल जाने का था। पश्चिम बंगाल में पहले से ही बड़ी संख्या में रोलहग्या मौजूद होने की खुफिया विभाग पुष्टि करता है, लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह से रोहिंग्या घुसपैठिए पकड़े जा रहे हैं, उसने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह इलाका किसी अन्य राज्य का हिस्सा होता, तो सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी हो सकती थी। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां रोहिंग्या घुसपैठ की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोहिंग्या शरणार्थियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।

पंडित जी शर्मा
9634608433

जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।

My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट

माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में

अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

11वां रोजा वक्त इफ्तार 12 मार्च शाम 6:26

12वां रोजा वक्त सहरी 13 मार्च सुबह 5:06

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

विधानसभा क्षेत्र -19 बढ़ापुर से
विधायक पद के भावी प्रत्याशी
मौ0 सलमान की जानिब से
होली पर्व एवं ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
मौ0 सलमान
मैक्स रियल स्टेट चैयरमेन

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं
फर्नीचर, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात

रमजान माह की बधाई
शेख जाकिर हुसैन
जिला अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जिला-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
शमीम अख्तर
उपाध्यक्ष-अल्पसंख्यक
वेलफेयर सोसायटी
कोतवाली देहात

रमजान की हार्दिक बधाई
अरूण कुमार वर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल
भाजपा नेता, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी
चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत
मण्डावर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
शेख शाहनवाज खलील
युवा समाजसेवी, नगीना
जिलाध्यक्ष- स्थानीय
निकाय अध्यक्ष संघ
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
रागिब हुसैन शहजादा
वरिष्ठ समाजसेवी
नगर पंचायत, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के वाइस चेयरमैन
नहटौर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

समाजवादी पार्टी जिंदाबाद
मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
विधायक नगीना
व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार
काजी सुहैल इकबाल
नगराध्यक्ष सपा नगीना
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. खुर्शीद मंसूरी
चेयरमैन
अनूप कुमार रावत
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, साहनपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

एक नजर

## 152 टीबी मरीजों को बांटा पुष्टाहार



**चांदपुर।** जाट जागरण समिति द्वारा क्षय रोग से ग्रसित गोद लिये 152 मरीजों को पुष्टाहार वितरित किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग बिजनौर द्वारा जाट जागरण समिति को निक्षयमित्र बनाया गया था जिसमें टीबी के 169 मरीज जाट जागरण समिति ने गोद लिये थे, जिन्हें पुष्टाहार वितरण के लिए समिति द्वारा सागर श्री बंक्वेट हॉल में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कोशलेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी चाँदपुर नितिन तेवतिया, जिला कार्यक्रम समन्वयक नितिन श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. केपी सिंह, क्षय रोग पर्यवेक्षक सिद्दार्थ राज, सुभाष चंद्र, राहुल चौधरी, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी सचिन कौशिक रहे। मंच के संरक्षकों ने सभी अधिकारियों को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. लाखन चौधरी, डा. महेंद्र मलिक, डा. नरेंद्र तोमर, जयपाल सिंह, जयविंद, पुष्पेन्द्र सिंह, डा. कपिल. डा. सुयश, राजेश तोमर, एड. बादल तोमर, रूप सिंह, डा. मोहित चौधरी, आशीष माथुर, बिट्टू तोमर, मास्टर जितेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, सचेंद्र सिंह, विकल्प तोमर आदि सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर जाट जागरण समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बेहतरीन कवरेज कर न्यूज छापने वाले पत्रकार मोहम्मद हनीफ को भी सम्मानित किया गया।

## हादसे का गुनाहगार शौकीन अरेस्ट

**बिजनौर।** कल नगीना देहात थाना क्षेत्र में हादसे में मैट्रो सवार महिला व चालक की मौत हो जाने के बाद नगीना देहात पुलिस ने आरोपी डम्पर चालक शौकीन पुत्र नसीम निवासी मुजाहिदा पट्टी, भागूवाला, थाना मण्डावली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने डम्पर भी सीज कर दिया है।

## जैन मिलन अरिहंत का होली मिलन समारोह



**धामपुर।** जैन मिलन अरिहंत द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को होली की बधाई देते हुए रंग गुलाल लगाया गया। महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा होली के गाने पर सामूहिक नृत्य भी किए गए। पंकज जैन के निवास मोहल्ला बड़वान निकट पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन वीर अवधेश चंद जैन एवं कार्यक्रम संयोजक वीर अनिल जैन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन रवि चौधरी की माता संध्या सिंह को चंदन तिलक सीमा जैन द्वारा पटका एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख अतुल कुमार सिंह राजा की पत्नी ममता सिंह को नेहा द्वारा पटका पहनकर व चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजवी जैन, अद्विक जैन एवं कई बच्चों द्वारा नृत्य एवं होली के गीत प्रस्तुत किए। जिसे सभी ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। राष्ट्रीय संयोजक वीर पंकज जैन, जैन मिलन अरिहंत के अध्यक्ष वीर सुनील वर्मा जैन, मंत्री संजोग जैन, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन, संजय जैन, बुक सेलर नीरज जैन, टीकाराम जैन, अवधेश चंद जैन, मुकुल जैन, कुमुद जैन, अरुण जैन, रिंकू जैन, सुधाकर जैन, अनिल जैन, गर्वित जैन मेंबरों में जैन मिलन के अध्यक्ष दीपक जैन को चंदन तिलक पटका माल्यार्पण कर वीर पंकज जैन द्वारा स्वागत किया गया। मंत्री मनोज जैन, युवा जैन मिलन अरिहंत के अध्यक्ष मारदव जैन, सीमा जैन, जैन मिलन अरिहंत की अध्यक्ष ममता जैन, संयोजक अनीता जैन, मीना जैन, नीना जैन, बबिता जैन, रेखा जैन, कल्पना जैन, शोभा जैन, राखी जैन, सीमा जैन, नेहा जैन, नूपुर जैन, राजवी जैन, श्रृंखला जैन, सीता जैन, मोनी जैन, अल्पना जैन, शालु जैन, मेघा जैन, बीना जैन, मीना जैन, मानसी जैन, अंजलि जैन, मनीष जैन, नीतू जैन, शिखा जैन, रामपुर से आई उदिता जैन, इशिका जैन, सोनिया जैन, सृष्टि जैन, भव शिवओम आदि भारी संख्या में जैन समाज से गणमान्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना**
वाद सं. 259/2024

विकास कुमार कर्णवाल पुत्र कश्मीरी लाल निवासी कस्बा अफजलगढ़, परगना अफजलगढ़ व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर
-**वादी**

**बनाम**

1- किरन पत्नी स्व. श्री बुन्दूलाल कर्णवाल निवासी मौहल्ला बेगम सराय, अफजलगढ़, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर (मृतक)

1/1-ब्रिजेश कर्णवाल उम्र करीब 49 वर्ष, 1/2-आकाश कर्णवाल उम्र करीब 45 वर्ष, 1/3-मनीष उम्र करीब 43 वर्ष, 1/4 अमित उम्र करीब 42 वर्ष पुत्रगण बुन्दूलाल कर्णवाल, निवासीगण मौहल्ला बेगम सराय, कस्बा अफजलगढ़, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

दरख्वास्त मुसम्मा वास्ते हुसुल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जी व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा विकास कर्णवाल मुंसफा किरन देवी अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1978 ई. वक्त हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हुसून है ई.20.03.2025 सन् 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के गुजरानी के मुकर्रर हुयी है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत मुकाम में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 20.03.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना (बिजनौर)**

**शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

**न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (जू.डि.) नगीना**
वाद सं. 1142/2021
इदरीश बनाम सुखविरेन्द्र आदि
बनाम

1- सुखविरेन्द्र कुमार पुत्र डालचन्द निवासी ग्राम खुशहालपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। 2- विक्रम सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी ग्राम कुआखेड़ा, पर. बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर। 3- वकील अहमद पुत्र अब्दुल अजीज, 4- तारिक अजीज पुत्र वकील अहमद, निवासीगण मौ. अफगानान, कस्बा शेरकोट, पर. व तह. धामपुर, जिला बिजनौर

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश हुक्म इम्तनाई हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारिख 21.03.2025 वास्ते तनकी बाबत 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या आप के पास और कोई सख्श हो जो सवालात के जवाब दे सके। हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर बताईये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक: 21.03.2025

**प्रबंधक**
**द्वितीय अपर सिविल जज (जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**

# धोखाधड़ी में महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

## मण्डावर पुलिस की कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मण्डावर पुलिस ने काजीवाला की रेशमा सहित तीन आरोपियों को धोखाधड़ी में गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार यशपाल पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम कोहरपुर ने आठ मार्च को मण्डावर थाने में तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तगणों के द्वारा वादी के पिता के साथ धोखाधड़ी करते हुए लिफाफे बदल कर ग्यारह हजार रुपए ले लिए गए। पुलिस ने धारा 318 (4) व 318 (3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में फुरकान पुत्र अख्तर निवासी मुकर्रबपुर, थाना कलियर, जनपद हरिद्वार, भजन पुत्र मामराज निवासी मिर्जापुर खादर थाना मण्डावर एवं रेशमा पत्नी अकरम निवासी ग्राम काजीवाला, थाना कोतवाली शहर का नाम प्रकाश में आया। अभियोग में धारा 319 (2), 338, 336 (3), 340 (2) एवं 317 (2) बीएनएस की वृद्धि की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 2500 रुपए नकद, बैंक जमा व निकासी के फार्म एवं एटीएम के बैंक फार्म भी बरामद किए गए। फुरकान व भजन का आपराधिक इतिहास है।

# कार से स्टंट कर वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस गंभीर

## पुलिस ने हाईवे पर बढ़ाई गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नेशनल हाईवे तथा इसके आसपास के इलाकों पर पिछले काफी समय से जान जोखिम में डालकर युवाओं का कार से स्टंट कर वीडियो वायरल करने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। पुलिस ने इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेकर अब हाइवे पर गश्त बढ़ा दी है। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने कार का 17 हजार रुपए का चालान किया है।

एनएच 74 पर कार से खतरनाक स्टंट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। तीन दिन पहले भी पुलिस ने थार से स्टंट करने वाले युवक का चालान किया था। अब फिर से चार कारों की हाइवे पर स्टंट करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो राजपूताना रिसॉर्ट के पास की बताई जा रही है। जिसमें सवार युवक कार से रेसिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो इंस्टाग्राम पर वंश राणा के अकाउंट से वायरल की गई है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार पर 17 हजार रुपए का ऑनलाइन जुर्माना लगाया है। पुलिस वायरल वीडियो में शामिल अन्य कारों की भी जांच कर रही है। जांच में नाम उजागर होने पर कार्रवाई होगी। उधर कोतवाल राजेश चौहान का कहना है कारों के नंबर ट्रेस किए जा रहे हैं। सभी कार चालकों पर कार्रवाई होगी। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर हाइवे पर पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। मामला सामने आने पर गाड़ी पर सीज की कार्रवाई होगी।

# पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की सरेआम गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से देशभर के पत्रकारों में भारी आक्रोश है। इसी क्रम में धामपुर पत्रकार संघ ने धामपुर कोतवाली पहुंचकर पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा।

मृतक पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी करने और कठोर दंड की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाए जाने की भी मांग की गई, जिससे भविष्य में ऐसे हमलों को रोका जा सके। साथ ही धामपुर पत्रकार संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए तो प्रदेशभर के पत्रकार आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

उधर पत्रकार एकता मंच ने भी धामपुर कोतवाली पहुंचकर पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह को ज्ञापन सौंपा तथा ज्ञापन के माध्यम से सीतापुर के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की।

पत्रकारों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द उचित कदम नहीं उठाए तो पूरे प्रदेश में पत्रकार आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पत्रकारों ने इस हत्या को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की।

## निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन



**चांदपुर।** पत्रकार परिषद चांदपुर के सदस्यगण उप जिलाधिकारी से मिले तथा 17 फरवरी को दिए गए ज्ञापन पर चर्चा की। वन क्षेत्राधिकारी चांदपुर के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर असंतोष जताया। वार्ता में उप जिलाधिकारी ने विश्वास दिलाया कि जल्दी ही निष्पक्ष कार्यवाही होगी। इस संबंध में वे जिलाधिकारी से भी वार्ता करेंगे। पत्रकारों ने उप जिलाधिकारी को यह भी अवगत कराया कि एक सप्ताह में कार्यवाही नहीं होने पर पत्रकार परिषद सामा. जिक संगठनों के साथ क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर आंदोलन करेंगे। साथ ही साथ पत्रकार परिषद चांदपुर की ओर से सीतापुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या कर दिए जाने पर सरकार से उनके परिजनों की सुरक्षा के साथ 10 करोड रुपए सहायता राशि के रूप में दिलाए जाने की मांग की। ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए भी मांग उठाई गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं.**10** के सम्पत्ति संख्या **196** जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्रीमती दीपमाला पत्नी श्री रमेश चंद्र वर्मा के नाम दर्ज है। अत: श्रीमती दीपमाला पत्नी श्री रमेश चंद वर्मा का नाम निरस्त कर श्री गौरव वर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र वर्मा का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. **05** के सम्पत्ति संख्या **156** जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में पुरुषोत्तम शरण वर्मा पुत्र श्री मूलचंद वर्मा के नाम दर्ज है।

अत: श्री पुरुषोत्तम शरण वर्मा पुत्र मूलचन्द वर्मा का नाम निरस्त कर अजय कुमार पुत्र पुरुषोत्तम शरण वर्मा का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, चान्दपुर (बिजनौर)

पत्रांक: 946/न.पा.परि.चान्दपुर/2024-25 दिनांक: 11.3.25

## सार्वजनिक सूचना

**नोटिस अन्तर्गत धारा 143(1)147(2) उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम, 1916**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सम्पत्ति का नामान्तरण हेतु पंजीकृत बैनामे/वरिसाना प्रमाण पत्र/वसीयतनामा सहित आवेदन पत्र दिये गये हैं। नगर पालिका के जलकर अभिलेखों में उक्त सम्पत्तियों को सम्बन्ध में नया नाम दर्ज होना है, जिनका विवरण इस प्रकार है-

| क्र सं. | सम्पत्ति का पता | सम्पत्ति संख्या | सम्पत्ति स्वामी का नाम | आवेदक का नाम | दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पतियापाडा | 907 | श्री इरफान अहमद पुत्र अशफाक निवासी मौ0 पतियापाड़ा, चान्दपुर | श्री शहजाद अहमद पुत्र श्री इरफान अहमद निवासी मौ. पतियापाड़ा, चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 02 | मुफ्तीसराय | 380 | श्री मौहम्मद अंजार पुत्र श्री निजामुद्दीन निवासी मौ. मुफ्तीसराय, चान्दपुर | श्री मौ. असद व श्री मौ असजद पुत्रगण मौ. अन्जार निवासी मौ. मुफ्तीसराय | रजिस्टर्ड दान-पत्र |
| 03 | कोटला | 158 | श्री पकंज कुमार पुत्र श्री भूकन सरन निवासी मौ. कोटला, चान्दपुर | श्री अपार अग्रवाल पुत्र पकंज कुमार निवासी मौ. कोटला, चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 04 | कायस्थान | 129(1-3) | श्रीमति शशी बाला पत्नी जितेन्द्र कुमार निवासी मौ. कायस्थान, चान्दपुर | अल-नजीब मिल्ली म्यूचुअल बेनिफिटस निधि लिमिटेड माजिद गंज, नजीबाबाद द्वारा जनरल मैनेजर गय्यूरूल हक बिलाल पुत्र श्री इजफारूल हक जकी निवासी 24 अ. मौहल्ला कजियान, जलालाबाद | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 05 | साहूवान | 118(1-2) | श्री वेद प्रकाश पुत्र स्व. श्री राजेश्वर प्रसाद शास्त्री निवासी मौहल्ला साहूवान,चान्दपुर बिजनौर | श्री कपिल कुमार पुत्र वेद प्रकाश आर्य निवासी मौ. साहूवान, चान्दपुर | रजिस्टर्ड दान-पत्र |
| 06 | मुफ्तीसराय | 644 | श्री छुट्टन पुत्र श्री रहमतुल्ला निवासी मौ. मुफ्तीसराय | श्रीमति नाजरीन पत्नी स्व. जुल्फुकार अहमद निवासी मौ. मुफ्तीसराय, चान्दपुर | वारिसाना प्रमाण पत्र |
| 07 | साहूवान | 121(1-3) | श्री सतीश कुमार पुत्र मुलचन्द निवासी मौ. साहूवान, चान्दपुर | श्री सुनील कुमार गुप्ता व श्री सुधीर कुमार गुप्ता पुत्रगण श्री मूलचन्द गुप्ता निवासी मौ. साहूवान | रजिस्टर्ड दान-पत्र |
| 08 | सरायरफी | 1650 | श्री सुल्तान अ. वली हुसैन पुत्र श्री मौ. अहमद निवासी मौ. सरायरफी चान्दपुर | श्रीमति हनीफा खातून पत्नी श्री इस्माईल निवासी मौ. सरायरफी चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 09 | कायस्थान | 90(1-3) | श्रीमति सावित्र देवी पत्नी श्री सत्यपाल निवासी मौ. कायस्थान | श्री सुभाष पुत्र श्री सत्यपाल निवासी मौ. कायस्थान चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 10 | चाहसंग | 51(1-2) | श्री तनवीर समीऊल्ला हाशमी पुत्र स्व. श्री समीऊल्ला हाशमी निवासी मौ. गुलाब पाणी चाकु गाव देवी दौगरी कामा रोड वहीद लाला गरेंज समोर धरी वेस्ट मुंबई | श्री तनवीर समीऊल्ला हाशमी पुत्र स्व. श्री समीऊल्ला हाशमी निवासी मौ. गुलाब पाणी चाकु गाव देवी दौगरी कामा रोड वहीद लाला गरेंज समोर धरी वेस्ट मुंबई | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 11 | सरायरफी | 233 | श्री रामकिशन पुत्र रामचन्दर निवासी मौ. सरायरफी चान्दपुर | श्री हिरदेश पत्नी श्री अरूण कुमार निवासी मौ. सरायरफी चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 12 | चिम्मन | 02 | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नी श्री राम औतार निवासी मौ. चिम्मन चान्दपुर | श्रीमति आंचल उर्फ उमा पत्नी उजय कुमार निवासी मौ. चिम्मन चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 13 | काजीसराय | 88 | श्री अब्दुल मजीद पुत्र अल्लादिया निवासी मौ. काजीसराय चान्दपुर | श्री रईस अहमद पुत्र शमशुद्दीन निवासी मौ. काजीसराय चांदपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 14 | सरायरफी | 482(1-2) | श्री अवनीश जावा पुत्र हाकमचनद जावा निवासी मौ. कोटला | श्री संजय कुमार पुत्र श्री चंदू लाल भाटिया निवासी मौ. कोटला चान्दपुर | काजीसराय |
| 15 | कटकूई | 122 | श्रीमति नफीसा खातून पत्नी श्री नसीर बेग निवासी मौ. कटकूई चान्दपुर | श्री मौहम्मद नईम पुत्र नसीर अहमद निवासी मौ. कटकुई चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 16 | सरायरफी | 913(1-2) | श्री अ. वहाव पुत्र श्री मौ. उमर निवासी मौ. सरायरफी चान्दपुर | श्री अब्दुल नवाब पुत्र अब्दुल वहाब, श्रीमति बुशरा परवीन पत्नी श्री अब्दुल नवाब निवासी मौ. सरायरफी चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 17 | काजीसराय | 261(1-2) | श्री फखर उल इस्लाम पुत्र असगर अली निवासी मौ. काजीसराय चान्दपुर | श्री कमरूल इस्लाम पुत्र फखर उल इस्लाम निवासी मौ. काजीसराय चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 18 | बाजार | 241(3) | श्री परवीन कुमार पुत्र हरिशचन्द व श्रीमति पूनम रानी पत्नी परवीन कुमार निवासी मौ. बाजार चान्दपुर | श्री अनुभव अग्रवाल पुत्र परवीन अग्रवाल निवासी मौ. बाजार चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 19 | पतियापाडा | 829 | श्रीमति गुलनाज पत्नी इकबाल अहमद निवासी मौ. पतियापाडा चान्दपुर | श्री शहजाद अहमद पुत्र इरफान अहमद निवासी मौ. पतियापाडा | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 20 | सरायरफी | 1220 | श्री जमील अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी मौ. सरायरफी चान्दपुर | श्री अनवर जमाल पुत्र स्व. जमील अहमद निवासी मौ. सरायरफी | वारिसाना प्रमाण पत्र |
| 21 | कायस्थान | 110(1-4) | श्रीमति कमला देवी पत्नी रामेश्वर प्रसाद श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नी राजेश्वर प्रसाद श्री बशेश्वर प्रसाद पुत्र श्री ज्वाला प्रसाद निवासी मौ. कायस्थान | श्री गौरव शर्मा व श्री विकास कौशिक पुत्र राकेश शर्मा निवासी मौ. कायस्थान चान्दपुर | रजिस्टर्ड वसीयतनामा |
| 22 | कटारमल | 360 | श्रीमति अख्तरी बेगम पत्नी श्री शफीउल्ला निवासी मौ. कटारमल चान्दपुर | श्री इरशाद पुत्र मुस्तफा निवासी 2/3 सेवा नगर कोटला मुबारकपुर लोधी रोड दिल्ली | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 23 | कोटला | 24(1-2) | श्रीमति अकीला पत्नी मरगूब हुसैन निवासी मौ. कोटला चान्दपुर | श्री मंसूर अहमद, मसकूर अहमद व मौ. इमरान पुत्र मसूद अहमद निवासी मौ. सरायरफी चान्दपुर | वारिसाना प्रमाण पत्र |
| 24 | काजीसराय | 142(1-2) | श्री कमर आलम पुत्र अजीज निवासी मौ. काजीजादगान चान्दपुर | श्रीमति शबीना पत्नी कमर आलम निवासी मौ. काजीसराय चान्दपुर | वारिसाना प्रमाण पत्र |
| 25 | चिम्मन | 86(1-3) | श्री ओम प्रकाश पुत्र छज्जू सिंह निवासी मौ. चिम्मन चान्दपुर | श्री कृपाल सिंह व ब्रहमपाल सिंह पुत्र ओम प्रकाश निवासी मौ. चिम्मन | वसीयतनामा |
| 26 | मुफ्तीसराय | 309 | श्री अब्दुल अजीज पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मौ. मुफ्तीसराय चान्दपुर | श्री अनीस, रईस अहमद पुत्र अब्दुल अली निवासी मौ. मुफ्तीसराय चान्दपुर | वारिसाना प्रमाण पत्र |
| 27 | काजीजाद गान | 142 | श्री जहूर अहमद पुत्र नसीमुद्दीन निवासी मौ. काजीजादगान चान्दपुर | श्री हफीज अहमद पुत्र शफीक अहमद व श्रीमति रेशमा पत्नी हफीज निवासी मौ. काजीजादगान, चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |
| 28 | पतियापाडा | 470 | श्री शफीक पुत्र बल्लु निवासी मौ. पतियापाडा चान्दपुर | श्री तसलीम अहमद पुत्र शफीक अहमद निवासी मौ. पतियापाडा चान्दपुर | रजिस्टर्ड दान पत्र |
| 29 | मुफ्तीसराय | 619(1-2) | श्री मौ. हनीफ पुत्र श्री मौ. उमर निवासी मौ. मुफ्तीसराय चान्दपुर | श्री फरहत पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी मौ. मुफ्तीसराय चान्दपुर | वारिसाना प्रमाण पत्र |
| 30 | चिम्मन | 04 | श्री राकेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री राम औतार गुप्ता निवासी मौ. चिम्मन | श्री पराग अग्रवाल पुत्र राकेश कुमार गुप्ता निवासी मौ. चिम्मन चान्दपुर | रजिस्टर्ड बैनामे |

अत: उपरोक्त सम्पत्ति पर कॉलम संख्या 05 में अंकित नामों को नगर निकाय के जलकर अभिलेखों में दर्ज करने में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो नगर निकाय कार्यालय में अपनी आपत्ति मय अभिलेखीय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करने के लिए उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह (30 दिन) का समय दिया जाता है। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उपरोक्त सम्पत्ति पर स्वामित्व के रूप में उक्त आवेदकों का नया नाम नगर पालिका परिषद चान्दपुर (बिजनौर) के जलकर अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**नगर पालिका परिषद**
**चान्दपुर (बिजनौर)**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**चान्दपुर (बिजनौर)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**चान्दपुर (बिजनौर)**

## एक नजर

### रेलवे ट्रेक पर मिला जख्मी व्यक्ति



**चांदपुर।** आज सुबह गांव मिर्जापुर बेला निवासी पप्पू प्रजापति ने गांव बागड़पुर निवासी शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह को कॉल की कि उनके गांव के पास से गुजर रही रेलवे लाईन पर एक व्यक्ति गम्भीर अवस्था में पड़ा है। सूचना पर तुरंत ही चौधरी वीर सिंह वहां पहुंचे और गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को सीएचसी स्याऊ पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे बिजनौर के लिये रैफर कर दिया। पुलिस द्वारा बुरी तरह जख्मी व्यक्ति की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया



**धामपुर।** होली मिलन कार्यक्रम जाह्नवी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल टीचर्स कॉलोनी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समस्त स्टाफ और छात्र एवं छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर होली धूमधाम से मनाई। शिक्षक स्टाफ में वेद प्रकाश, संजय कुमार, राजकुमार, रानी, छाया, मोनिका, प्रधानाचार्य सरिता सिंह, प्रबंधक अनिल कुमार राजपूत, इंदु, सला. `नी, हिमानी आदि शिक्षक एवं छात्र व छात्राओं में अंशिका, प्रिंसी, सलोनी, रितिका, मानसी, शिवि, मान्या, टिंकल, कनिका आदि बच्चों ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर होली मिलन धूमधाम से बनाया ।

### पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



**कोतवाली देहात।** कोतवाली देहात के पत्रकार तहसील अध्यक्ष कमल कुमार के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पहुंचे और थाना अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कमल कुमार ने कहा कि सीतापुर में शनिवार को पत्रकार राघवेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सरकार को तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करना चाहिए। आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने मांग की सरकार को पत्रकारों की सुरक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। इस दौरान मनोज कुमार, विवेक गुप्ता, कल्लन कादरी, राशिद कुरैशी, ताराचंद, उज्जवल, उदय पाल, आसिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

### पुल निर्माण कराने की मांग



**नजीबाबाद।** आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे एक पत्र में अवगत कराया है कि पूर्व में शासन द्वारा ग्राम पंचायत वीरूवाला में लाखों रुपए की लागत से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का निर्माण किया गया है तथा पास में ही बेसिक शिक्षा विभाग के दो स्कूल भी मौजूद है और इन स्कूलों के पीछे मालन नदी बहती है जो की बरसात आने पर भयंकर रूप धारण कर लेती है और आवागमन बिल्कुल ठप हो जाता है। इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए तथा अन्य कोई आपातकाल में आना जाना पड़े तो लगभग 8 किमी दूर कारसेवा से बने पुल से घूम कर जाना पड़ता है और यह पुल भी वर्तमान में ज्यादा भार सहन नहीं कर सकता। इसके अलावा इसकी एप्रोच रोड भी खराब हो गई है। आरटीआई कार्यकर्ता ने पत्र में बताया कि अगर राष्ट्रीय राजमार्ग 119 मथुरापुर मोर बेगम कोठी से बीरूवाला मार्ग को जोड़ने वाले मार्ग पर बहने वाली मालन नदी पर 90 से 100 मीटर के पुल का निर्माण कर दिया जाए तो पौड़ी गढ़वाल, लैंसडाउन, कोटद्वार तथा क्षेत्र की जनता तथा किसानों के समक्ष आ रही समस्याओं का समाधान होगा। इसके अलावा पुल निर्माण के संबंध में वीरू वाला निवासी समाजसेवी सुरजीत सिंह चीमा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने जिलाधिकारी को भी अवगत कराया है।

### भाजपाइयों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम रौनिया निवासी प्रभात यादव जिला मंत्री भाजपा अपनी टीम के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्यान केंद्रित करते हुए जिले वासियों के हक में लिंक रोड की जगह पूरे एक्सप्रेस वे को बिजनौर से गुजारने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि गंगा एक्सप्रेस वे का प्रथम चरण पूरा हो चुका है और यह अब दूसरे चरण में प्रवेश करने को है। ऐसे में बिजनौर वासियो को अब यह डर सता रहा है कि कही बिजनौर वासियो को महज एक्सप्रेस वे की एक लिंक रोड देकर ही न जोड़ दिया जाए । ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बिजनौर में कोई भी एक्सप्रेस वे नही है, बिजनौर वासियो की पुरजोर मांग भी है, वहीं कार्यकर्ताओं की ओर भी जनपद वासियों की निगाहें टिकी हुई है ऐसे में यदि यह एक्सप्रेस वे बनता है तो कार्यकर्ताओं का भी मनोबल बढ़ जाएगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा बिजनौर कार्तिक बालियान, विधि प्रमुख विहिप बिजनौर रवि ढाका, रजनीश चौहान, तरुण त्यागी, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत झालू में शांति समिति की बैठक

## त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत झालू के सभा कक्ष में आगामी त्यौहार को लेकर एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रातः 11:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी त्यौहार के मद्देनजर अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के अध्यक्षता एवं सुरेश वर्मा के संचालन में एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों संप्रदाय के सभी सम्मानित लोगों को बुलाया गया और कस्बे के सभी लोगों से आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने का आहवान किया गया।



सुरेश वर्मा ने बताया कि यह कोई पहली बार ऐसा नहीं हो रहा की होली का पर्व जुमे के दिन आया है बल्कि इससे पहले भी होली का पर्व जुमे के दिन मनाया गया है और हमारे कस्बे के लोग एक दूसरे के त्यौहारों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और कभी भी किसी भी त्यौहार के अवसर पर आपस में कोई ईर्ष्या नहीं रखते। इस अवसर पर मौलाना वसीउल हसन, सभासद मोहम्मद आकिब, सभासद सौरभ गुप्ता, हारून नेताजी, मोहम्मद आवेश, अनुराग जोशी, बिट्टू जोशी, दिनेश भास्कर, नदीम आजाद, मास्टर इरफान अहमद आदि लोगों ने अपने कस्बे वासियों से अपील की जिस तरह से गत वर्षो से हम त्यौहार मनाते आ रहे हैं, उसी तरह से हम त्यौहार मनाएं। हमारा कस्बा गंगा जमुनी तहजीब की एक मिसाल है, कभी भी यहां किसी तरह का किसी भी अवसर पर आपस में कोई लड़ाई झगड़ा नहीं होता है और ना ही आगे होगा। चौकी प्रभारी सुभाष राणा ने सभी कस्बे वासियों को आश्वासन दिलाया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाए जाएंगे और यदि किसी ने पुलिस कार्य में बाधा उत्पन्न की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने कस्बे वासियों को आश्वासन दिलाया कि भले से ही मैं भाजपा का अध्यक्ष हूं लेकिन सबसे पहले सर्वोपरि मेरे कस्बे के लोग हैं। मैं सेक्युलरिज्म में विश्वास रखता हूं। इसीलिए मैं कस्बे के हर वर्ग हिन्दू, मुसलमान, अमीर, गरीब, ऊंची जाति, पिछड़ी जाति से हो मैं सबके साथ खड़ा हूं। डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में आप लोगों ने मुझे देख ही लिया है। कस्बे के अंदर विकास कार्य हो रहे हैं या नहीं। कुछ राजनीतिक लोग बेवजह ही कामों में अड़चन पैदा करते हैं लेकिन साक्ष्य को किसी प्रमाण की जरूरत नहीं होती। मेरा काम आप सबके सामने है।

इस अवसर पर सभासद मोहम्मद आकिब, मोहम्मद फुरकान, निकेश कुमार, सौरभ गुप्ता व मौलाना वसीमुल हसन, हारून मलिक, डा. आवेश, अनुराग जोशी, बिट्टू जोशी, अनुज अग्रवाल, मास्टर गिरिराज सिंह, हबीब अल्वी और कस्बे के अनेक सम्मानित लोग के साथ-साथ नगर पंचायत का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर का निर्वाचन 16 को

**बिजनौर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर का वार्षिक निर्वाचन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 मार्च को आर्य समाज शेरपुर कल्याण के परिसर में 10:00 बजे से होगा। जिन आर्य समाजों के वार्षिक चित्र कोटि धन सहित जमा नहीं हो पाया है वह शीघ्र अपना चित्र, कोटिधन सहित जमा कर दे। स्मरण रहे कुछ शरारती लोग चुनाव न होने और चुनाव 6 माह का कार्यकाल बढ़ाने की स्वीकृति आर्य प्रतिनिधि सभा लखनऊ से प्राप्त होने की बात कह रहे हैं जो भ्रामक है क्योंकि प्रदेश स्तर पर कोई कमेटी वर्तमान में अस्तित्व में नहीं है। न्यायालय ने चारों कमेटियों को भंग करके नए चुनाव कराए जाने का आदेश कर दिया है जिले की आर्य समाज के आर्य जन भ्रमित ना हो और 16 मार्च को वार्षिक निर्वाचन में अवश्य भाग लें इस आशय की सूचना जिला सभा के प्रधान रविंद्र पाल आर्य और कार्यकारी मंत्री राजपाल सिंह आर्य जी ने दी है।

## रंग से परहेज है, तो रंग खेले जाने वाले रास्तों पर न जाएं: मुफ्ती उवैस अकरम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद अवैस अकरम ने नगीना तहसील के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि रमजान मुबारक का महीना चल रहा है जो कि इबादत करने का महीना है। उधर रमजान में ही इस बार भी पिछले वर्ष की तरह होली के रंगों का त्यौहार भी है और हमारे नगीना वासी आपस में आपसी भाईचारा सौहार्द कायम रखते हुए एक दूसरे के त्योहारों को बड़े हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्वक मनाने में एक दूसरे का बराबर सहयोग करते चले आ रहे हैं।

उन्होंने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मुस्लिम भाईयों से कहा कि मंगलवार से शुक्रवार की दोपहर लगभग दो ढाई बजे तक होली का रंग चलेगा। अगर किसी को रंग से आपत्ति है तो जिन स्थानों पर रंग खिल रहा हो, उन स्थानों की ओर जाने से बचें और अपने घरों की महिलाओं व बच्चों को भी उस ओर ना जाने दें। उन्होंने कहा



कि जुमे की नमाज भी अपने अपने मोहल्लों की मस्जिदों में पढ़ें, जहां पर जुमे की नमाज होती है। उन्होंने कहा कि होली के रंगों का त्योहार भी हमारे भाईयों का है और हमें मिलजुलकर एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए त्योहारों को शांति पूर्वक मनाकर अपने नगीना के आपसी भाईचारा व सौहार्द की मिसाल को बरकरार रखते हुए पुलिस प्रशासन व प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग करना है।

## कार पेड़ से टकरा कर खाई में पलटी एक की मौत

**हल्दौर।** गांव नवादा तुल्ला नहर पर एक कार पेड़ से टकरा गई और गहरी खाई में पलट गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। अपने दादा ट्रक चालक को खाना देने नवादा तुल्ला में एक ढाबे पर जा रहा था।

गांव वाजिदपुर निवासी रोहित कुमार का 15 वर्षीय इकलौता बेटा जतिन कुमार कक्षा नौ का छात्र था। ग्रामवासियों के अनुसार उसके दादा ओमवीर ट्रक चालक है। उसके दादा का घर पर खाना आदि सामान देने के लिए फोन पहुंचा। जतिन अपने मुमेरे भाई को साथ लेकर नवादा नहर पर कार में सवार होकर नवादा तुल्ला जा रहे थे। इसी दौरान सामने आ रहे किसी वाहन को बचाने को लेकर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई और गहरी खाई में जा गिरी। कुछ राहगीरों ने दोनों को बाहर निकाला और सूचना परिजनों को दी। परिजन उपचार के लिए दोनों को बिजनौर ले गए। जहां चिकित्सकों ने जतिन को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द हो

## सीएम के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** जनपद बिजनौर में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या की कड़ी निंदा की और जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की



प्राप्त समाचार अनुसार जनपद बिजनौर में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई हत्याकांड को तीन दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। हत्यारे सीतापुर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। वहीं पत्रकार की हत्या के बाद पत्रकार जगत में आक्रोश है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हेमपुर नेरी रेलवे क्रॉसिंग के ओवर ब्रिज के पास हमलावरों ने पहले पत्रकार को बाइक से गिराया फिर उन पर गोलियों की बौछार कर दी। इस हमले में राघवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। तीन-दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक सीतापुर पुलिस के हाथ खाली हैं। मंगलवार को अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री से सीतापुर के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या की निंदा कर उनके हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर उनको कड़ी सजा देने की मांग की और उनके परिजनों को उचित मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, पत्रकारों को मासिक वेतन तथा पेंशन, पत्रकारों की सुरक्षा हेतु कानून बनाने, पत्रकारों को आत्मरक्षा के लिए शास्त्र लाइसेंस देने आदि की मांग की गई। बाद में एक ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर को भी सौंपा गया।

ज्ञापन देने में विनोद कुमार शर्मा राष्ट्रीय सह सचिव, जिला महासचिव आफताब आलम, अध्यक्ष अनिल शर्मा, शक्ति शर्मा नगर अध्यक्ष, जिला सलाहकार मौलाना शाहिद, मोहम्मद अरशद नगर महासचिव, नबाब अहमद कार्यालय प्रभारी, बहादुर शाह जफर आदि पत्रकार शामिल थे।

## हीमपुर दीपा में विधवा संग मारपीट

**हीमपुर दीपा।** ग्राम रेहरा में एक विधवा महिला को पीटने का मामला सामने आया है। जहां महिला को गुम चोटे आई है। वहीं पीड़िता ने दबंगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रेहरा निवासी राबिया ने हीमपुर दीपा थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह नमाज पढ़ रही थी। इसी दौरान गाली गलौज कर रहे बच्चों को धमकाने पर पड़ोस के ही कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया, जिसमें उसे गुम चोट आई है। पीड़िता ने बताया कि उसका शौहर नहीं है और उसकी दो जवान बेटियाँ है और लड़के छोटे-छोटे हैं। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद थाने से मिले जवाब को साझा करते हुए बताया कि पुलिस का कहना है कि बिना खुली चोट के कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

समाचार लिखे जाने तक पीड़िता थाने में बैठी न्याय की गुहार लगा रही थी, जिसने थाने के बाहर ही बैठकर रोजा इफ्तारी की।

# गायकों व कवियों ने होली के खूब रंग बिखेरे

## फिल्म अभिनेत्री मधुबाला को समर्पित हलचल म्यूजिकल सोसाइटी का होली मिलन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** वीनस ऑफ द स्क्रीन कही जाने वाली बीते जमाने की मशहूर फिल्म अभिनेत्री मधुबाला को समर्पित हलचल म्यूजिकल सोसाइटी के संगीतमय होली मिलन में गायकों/कवियों ने अपने गीतों/कविताओं के माध्यम से होली के खूब रंग बिखेरे।




रामलीला बाग रोड स्थित रॉयल रेस्टोरेंट में नगीना में संगीत कार्यक्रमों के आयोजन की अग्रणी संस्था हलचल म्यूजिकल सोसाइटी के संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत सोसाइटी के संरक्षक क्रमशः पुष्पा लाहोटी, शीतल कुमार अग्रवाल, नीलम पारस, सी.के. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। संरक्षिका पुष्पा लाहोटी द्वारा उपस्थित सभी लोगों को गुलाल लगाकर व टोपी पहनाने के बाद संगीतमय होली मिलन की रंगारंग शुरुआत सुशील गुप्ता व स्वाति जैन द्वारा फिल्म कटी पतंग के सदाबहार होली गीत 'आज न छोड़ेंगे बस हमजोली' गीत गाकर हुई। इसके बाद सोसाइटी के गायक/गायिकाओं क्रमशः स्वाति अग्रवाल, खुशी गुप्ता, सुकृति, राजपाल सिंह, अमन कुमार, विशाल सैनी, अल्पिका अग्रवाल, बाल कलाकार वियान अग्रवाल, कवि व गीतकार के.के. विश्नोई ने होली के गीतों को सुनाकर माहौल को होलीमय कर दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में एंटी करप्शन फेडरेशन ऑफ इंडिया की स्टेट चेयरपर्सन विशाखा मित्तल का स्वाति अग्रवाल द्वारा बैच लगाकर स्वागत करने के बाद सोसाइटी के संरक्षक मंडल सहित डॉ. अंजू विश्नोई (अध्यक्ष), ऋतु गर्ग (महासचिव) द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। खुशी गुप्ता द्वारा तैयार किये गए होली मिलन के विशेष कार्यक्रम फूलों की होली में होली के गीतों पर जमकर फूल और गुलाल उड़ाया गया, जिसमे सोसाइटी के सभी सदस्यों ने जमकर डांस करते हुए खूब हुड़दंग मचाया।

सुशील गुप्ता, डॉ. अंजू विश्नोई व राजकुमार विश्नोई के संयुक्त संचालन में सम्पन्न हुए इस संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम में लवली अग्रवाल, सुमन थापन, कंचन अग्रवाल, गीता माहेश्वरी, खुशी अग्रवाल, अलका सिंह, पूजा, मधु गिलोत्रा, निकिता जैन, नेहा जैन, डॉ. पूजा थापन, दिग्विजय सिंह, प्रियल अग्रवाल, डॉ. अनिल मलिक, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय माहेश्वरी व संजीव चौधरी, शलभ अग्रवाल, सुमेर बेरी, अन्नू अग्रवाल, गौरव विश्नोई, अनिल थापन, नीरू बेरी, तनु बेरी, विनीता गुप्ता, काजल गुप्ता, सावन गुप्ता, स्वाति गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं ने खेली फूलों की होली



**धामपुर।** श्री सांई मंदिर के निकट आयोजित पांचवें वार्षिक आध्यात्मिक समारोह तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भजनों और जयकारों के माध्यम से कार्यक्रम स्थल को बजरंग मय बना दिया। इस दौरान खेली गई फूलों की होली में श्रद्धालुओं ने एक दूसरे पर जमकर पुष्प वर्षा करते हुए एक दूसरे के मुख पर गुलाल लगाया और प्राचीन एवं ऐतिहासिक होली महापर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रदर्शित की गई भगवान कृष्ण एवं राधा रानी की आकर्षक और मनमोहक झांकी में शामिल कलाकारों ने अपने प्रभावी नृत्य से धूम मचा दी। झांकी को श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप में तालियों की गड़गड़ाहट तथा जयकारों से भरपूर प्रोत्साहन एवं सम्मान भी प्रदान किया। नरेश कुमार सैनी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह एवं डॉ. शिखा सिंह, दीपक कुमार सिंह, युवा समाजसेवी कुंवर आशीष कुमार सिंह राजपूत, भूपेंद्र सैनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अशोक कुमार विश्नोई, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, ओमजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई



**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की ओर से माता सावित्रीबाई फुले जी की पुण्य तिथि श्रद्धा समर्पण कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने समसामयिक विचारों के माध्यम से माता सावित्रीबाई फुले के आदर्शों से परिपूर्ण जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके द्वारा संजोई गई भावनाओं को साकार रूप दिलाने का संकल्प लिया। महाराजा शूरसेन सैनी चौक पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन संस्थापक शिवम सैनी के संरक्षण में माता सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित करते हुए उनके प्रति श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। नगर अध्यक्ष गौरव सैनी, प्रशांत सैनी, उज्जवल सैनी, विनीत सैनी, दीपांशु सैनी, महाराजा शूरसेन अखाड़ा के सदस्य निखिल सैनी, अजय सैनी, कार्तिक सैनी, अभय सैनी उपस्थित रहे।

### फाल्गुन महोत्सव में भंडारे का आयोजन



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित बाबा खाटू श्याम के विशाल फाल्गुन महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजनों और जयकारों के माध्यम से श्याम बाबा के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस मौके पर बाबा खाटू श्याम के दरबार की प्रसिद्ध भजन गायक गौरी वर्मा द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर प्रभावी नृत्य भी किया। इस दौरान आयोजित विशाल भंडारे में भी बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद के संरक्षण में आयोजित पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान शमशेर सिंह चौहान एवं सुनीता चौहान, योगेंद्र सिंह चौहान एवं नरेशों देवी चौहान, राजीव कुमार सिंह सिसोदिया एवं मानसी रानी सिसोदिया, अथर्व सिसोदिया, कुलदीप कुमार सिसोदिया एवं आकांक्षा सिसोदिया, गौरांश सिसोदिया, दीपक कुमार चौहान एवं पूजा रानी चौहान, चिराग चौहान, खुशी रानी चौहान आदि रहे। पूजन कार्यक्रम पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया।

### कार पोल से टकराई, चालक घायल



**कासमपुर गढ़ी।** सुखविंदर सिंह पुत्र जगनैल सिंह निवासी काशीपुर क्षेत्र मे चल रहें डम्परों की चैकिंग कर रहा था। सुबह सवेरे वह अकेला अपनी डस्टर कार से काशीपुर से अफजलगढ़ की ओर आ रहा था कि रास्ते मे नींद की झपकी आने से कार नेशनल हाईवे वादीगढ़ राजनगर के पास खड़े पोल से टकरा गई, जिससे कार सवार घायल हो गया। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुर गढ़ी मे भर्ती कराया गया।

### शबीना पूरा होने पर अमनो अमान की दुआ



**स्योहारा।** रविवार की देर रात्रि फव्वारा चौक के निकट मरहूम हाजी वहाजुद्दीन अंसारी के यहां नौ दिन का शबीना पूरा होने पर मुफ्ती मौहम्मद नदीम अहमद ने मुल्क में अमनों अमान की दुआ कराई। मुफ्ती नदीम ने कहा कि हम लोगों को दस या उसके कम दिन का शबीना पढ़ने के बाद ईद का चांद दिखने तक पाबंदी के साथ तारावियों का एहतमाम करना है। इस्लाम में कोई भी ऐसी किताब नहीं, जिसमें कुरान पूरा होने के बाद तारावियों के लिए मना आया हो। बशर्ते ईद के चांद दिखाई ना दिया हो। अलबता ईद का चांद दिखने तक तारावियों का पढ़ना जरूरी है। तरबिया हाफिज नौशाद ने सुनाई, हाफिज इरफान ने सुनी। इस मौके पर इरशाद अंसारी, इनाम अहमद गुल्लू, रियाज उर्फ प्रिंस, वाहिद कुरैशी, इब्राहीम अंसारी, अतीक अहमद, सुलेमान मंसूरी, नौशाद अंसारी, शावेज कुरैशी, दिलशाद अंसारी, शरीक अहमद, अल्तमश मलिक, फैजी, आयन, अदनान, फरजान अहमद, दिलशाद आदि मौजूद रहे।

# 15 मिनट में 15 करोड़ का बजट पारित

## नगर पंचायत बोर्ड की बैठक आयोजित, बारह सभासद रहे मौजूद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सिरसी।** जहां संसद और विधानसभा में करोड़ों का बजट पारित कराने पर कई-कई दिन तक बहस और तर्क वितर्क के बीच बजट पास किया जाता है लेकिन नगर पंचायत में मात्र 15 मिनट में ही 15 करोड़ के बजट पर सभासदों ने अपनी स्वीकृति की मोहर लगा दी।

नगर पंचायत सभागार कक्ष में पूर्व निर्धारित समय पर बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मूल बजट वित्तीय वर्ष2025-25 (आय-व्यय) लगभग पन्द्रह करोड़ के प्रस्तावों को सभी सभासदों की सहमति से पारित कर दिया गया। बैठक में लिपिक रईस अहमद, के अलावा हबीब रज़ा, खुर्शीद, खैरून्निशां, हुस्नबानो, चंचल, मौ. साहिर एवं हाशिम अली आदि बारह सभासद मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता चैयरमेन कौसर अब्बास ने की व संचालन अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने किया।



सिरसी- नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में भाग लेते अध्यक्ष एवं सभासद।

# नमाज़ का समय तय करना पुलिस-प्रशासन व धर्मगुरुओं का नहीं काम: जफर अली

## शाही जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने सी ओ के बयान का किया खंडन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** होली के दिन रमजान माह के दूसरे जुम्मे की नमाज का समय बढ़ाये जाने पर जामा मस्जिद इंतेज़ामिया कमेटी के सदर जफर अली ने कहा कि यह काम पुलिस-प्रशासन अथवा धर्म गुरूओं का नहीं है बल्कि इंतेज़ामिया कमेटी का काम है। फोन पर हुई वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि नमाज किस समय अदा करायी जायेगी इसे मस्जिद कमेटी ही तय करेगी जबकि धर्म गुरू हों या पुलिस व प्रशासन बस अपनी राय दे सकते हैं। उन्होने कहा कि पुलिस-प्रशासन ने इंतजामिया कमेटी से नमाज का समय निश्चित किए जाने को लेकर कोई बात नहीं की गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी के बयान पर उन्होने कहा कि आई हेडली कंडेम आफ द स्टेटमैंट ऑफ सी ओ (हम सी ओ के बयान का खंडन करते हैं),क्योंकि उनका बयान छोटा व शेमफुल है और हमारी तरफ से अभी कोई ऐलान नहीं हुआ। सदर शाही जामा मस्जिद ने कहा कि नमाज का समय बढ़ाने की जहां तक बात है वह हमारी ओर से कोई घोषणा नहीं की गयी है। धर्मगुरु अपनी राय दे सकते हैं जबकि ऐलान नहीं कर सकते हैं। इंतजामिया कमेटी हम हैं तो ऐलान भी हम ही करेंगे। शाही जामा मस्जिद में नमाज कितने बजे अदा की जायेगी इसे लेकर धर्म गुरूओं से बातचीत की जायेगी। उसके बाद ही नमाज का समय बढ़ाया गया है अथवा नहीं घोषणा की जायेगी।

# तीस पारे मुकम्मल होने पर करायी देश दुनिया व शहर की तरक्की और अमन की दुआ

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** रमजान माह के पाक महीनें में मुकददस किताब मुकम्मल होने पर हाफिज साहेबान को नज़राना पेश किया गया और देश दुनिया में अमनो-अमान की दुआ की गई।

नगर के मोहल्ला चौधरी सराय में रमजान की विशेष तरावीह की नमाज हाफिज हसन मुसन्ना ने अदा करा रहे है। उन्होने मुकददस किताब के सभी 30 पारे नमाजियों को सुनाए। तरावीह के बाद मुक्तदियों ने फूलमाला पहनाकर हाफिज साहेब का स्वागत किया। हाफिज हसन मुसन्ना ने बताया कि रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। पहले 10 दिन रहमत के, दूसरे 10 दिन बरकत के और आखिरी 10 दिन मगफिरत के होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहे पहले अशरे में परवर दिगार अपने बंदों पर विशेष रहमत बरसाते हैं। उन्होने ने स्पष्ट किया कि एक मुकददस किताब पूरा होने को तरावीह का समापन न समझा जाए। बल्कि रमजान की पहली रात से लेकर ईद-उल-फितर के चांद का दीदार होने तक तरावीह जारी रखनी चाहिए। उन्होने कहा कि मुकददस किताब को सुनना और सुनाना दोनों सुन्नत हैं। उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आहवान किया। इस मौके पर हसन फराज, हसन रय्यान, हाजी मुजम्मिल, अमन, उसामा, दानिश, मुसफ्फा, फारूक हुसैन, कारी अबरार, कारी कय्यूम, कारी नाजिम, मौलाना इब्राहिम आदि मौजूद रहे। समापन पर हाफिज हसन मुसन्ना ने देश की तरक्की, खुशहाली और शांति के लिए विशेष दुआ की।




सम्भल- वैश्य महासभा की बैठक को सम्बोधित करते अजय गुप्ता सर्राफ

## नगर निकायों में वित्त आयोग से होने वाले कार्यों पर की चर्चा

**सम्भल।** 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत टाइड एवं अनटाइड फंड के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव की स्वीकृति को बैठक में चर्चा की गयी। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में गवां नगर पंचायत, बबराला नगर पंचायत तथा नगर पंचायत नरौली, नगर पंचायत सिरसी, नगर पालिका सम्भल, नगर पालिका चंदौसी, नगर पालिका बहजोई के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों तथा आवश्यक खरीदे जाने वाले उपकरण को लेकर चर्चा की गयी। पाईप लाइन डाले जाने वाले कार्य, आर. सी. सी नाला निर्माण, फीजर, 6 शीटर मोबाइल टॉयलेट, ऑटोमेटिक स्टेबलाइजर, कूड़ा कलेक्शन वाहनों के लिए टीन शेड, पानी की टंकी की मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, टयूवेल की मरम्मत तथा वेस्ट टू वंडर पार्क, विद्यालयों में पेयजल, कूड़ा कलेक्शन हेतु ट्रक्टर, ट्राली, बिलिचिंग पाउडर, डबल बैरल फागिंग, नालियों की सिल्ट व कचरा को उठाने की ट्राईसाईकिल, कैटल कैचर , मिनी ट्रिपर, ओवर हैड टैंक रंगाई पुताई, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, कल्कि त्रिनेत्र के अन्तर्गत सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम, आर. सी. सी पुलिया एवं रैम्प निर्माण, महिष्मति नदी आदि पर चर्चा की। गयी।



सम्भल-मौहल्ला चौधरी सराय स्थित मस्जिद में मुकददस किताब मुकम्मल होने पर दुआ मांगते।

## वैश्य महासभा की बैठक में संजय गुप्ता पॉली को चुना गया अध्यक्ष

# वैश्य समाज को संगठित करने के लिए करना होगा संघर्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वैश्य महासभा की बैठक में अध्यक्ष का चुनाव कर वैश्य समाज की सफलता को संघर्ष करने पर बल दिया।

माथुर वैश्य धर्मशाला में आयोजित बैठक में सभा की अध्यक्षता कर रहे अमर रस्तौगी ने संजय कुमार गुप्ता (पोली) को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसका सभा में उपस्थित सभी ने अनुमोदन किया। सभा में अजय अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज को एकजुट होना होगा। अजय गुप्ता (सर्राफ) ने कहा कि वैश्य समाज को संगठित करने के लिए हमें सफलता पूर्वक संघर्ष करना होगा। नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता (पोली) ने सभी वर्गों से एकजुट होने का आहवान किया। उन्होने एक दूसरे के परस्पर सहयोग के लिए तत्पर रहने का संकल्प दिलाया तथा वर्षभर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करेंगे। सभा में वीरेन्द्र गुप्ता, मनोज गुप्ता ने भी संबोधित किया तथा सचिन गुप्ता ने संचालन किया। सभा में दीपक गुप्ता, नितिन गुप्ता, विनोद अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, विकास गुप्ता, राजीव गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, हर्ष, शोभित गुप्ता राकेश वाष्णेय, संजय गुप्ता मास्टर, राजेश गर्ग, सर्वेश रस्तौगी एड आदि मौजूद थे।

# अमन और शांति के साथ मनाएं होली व अदा करें जुमा की नमाज़

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** एतिहासिक ईदगाह ईमाम शहर सम्भाल हाफिज ओ कारी राशिद अली ने आगामी 14 मार्च को जुमा की नमाज और होली का पर्व एक दिन होने के मददेनजर शहर एवं आसपास रहने वाले सभी समुदायों से आपसी भाईवारा व एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होने कहा कि शहर हक सबका है और भारत हमारा प्यारा मुल्क है। जिसमें आपसी भाईचारे को बनाए रखना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए 14 मार्च को जुमे की नमाज और होली पर्व पर प्रेम व आपसी भाईचारा बनाए रखना देश से सच्चीर मौहब्बत की निशानी है। इसलिए मुसलमानों की अहम जिम्मेदारी है कि वह इबादत में मशगूल रहें और हर तरह की बुराईयों से खुद को दूर रखों तथा हिंदू भाई ेली की प्राचीन परम्परा को निभाते हुए आपसी मौहब्बत और एक दूसरे से शिकवे दूर करते हुए अटूट प्रेमभाव का परिचय दें।

## शरारती तत्वों पर रखें पैनी निगाह

**सम्भल।** आगामी 14 मार्च को जुमे की नमाज और रंगो का पर्व होली पर नगर की शांति प्रिय जनता शरारती तत्वों पर अपनी नज़र बनाए रखे। किसी भी तरह की अराजक हरकत करने वालों की सूचना तत्काल स्थानीय एवं जिला प्रशासन को देकर आर्दश भारतीय नागरिक और अच्छा शहरी होने का परिचय दें।

## नमाज और होली के रंग पर रखें अहतियात

**सम्भल।** त्यौहार एकता और सदभाव का संदेश देते है। पर्व की तरह हर एक दूसरे की भावना का ख्याल रखना व अहतराम करना ज़रूरी है। होली ओर जुमा की नमाज के दौरान भी साम्प्रदायिक सदभाव बनाये रखें। इस दिन हिंदू भाई होली का पर्व मनायेंगे ऐंसे में मुस्लिमों को चाहिए कि वे अपनी हिफाजत का ख्याल रखें और उन जगहों से दूर रहें, जहां रंग खेला जा रहा हो। जबकि हिंदू भाई किसी गैर हिंदू भाई पर बिना उसकी इच्छा के रंग न डालें। मस्जिदों में नमाज का वक्त होली का रंग सम्पन्न होने के बाद 2:30 बजे के आपास का रखा जाये जिससे नमाज और होली पर्व में किसी तरह का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो सके।

## होली आपसी सदभाव व भाईचारे का त्यौहार

**बबराला।** रंगों का त्यौहार होली हमें प्रसन्न रहने की प्रेरणा देती है।



इसलिए इस पवित्र पर्व के अवसर पर हमें ईर्ष्या, द्वेष जैसी बुराइयों को दूर करके आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। वास्तव में हमारे द्वारा होली का त्यौहार मनाना तभी सार्थक होगा जबकि हम इसके वास्तविक महत्व को समझकर उसके अनुसार आचरण करें। चूँकि होली का पावन पर्व इस बार रमजान के पवित्र महीने में आया है इसलिए वर्तमान परिवेश में जरूरत है कि इस पवित्र त्यौहार पर हम आपसी भाईचारे की मिशाल पेश करते हुए बिना किसी की मर्जी के उस पर रंग न डालें क्योंकि होली खुशियां देने का त्यौहार है। किसी को परेशान करने का नहीं इसलिए होली खेलो उसी से जो रंग डलवाए खुशी से।

# बाबा के भजनों पर झूमे भक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बाबा खाटू श्याम सेवा समिति पंवासा के तत्वावधान में होली पर्व को लेकर खाटू श्याम के जागरण और फूलों की होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पवांसा में स्थित जय संतोषी माता शक्तिपीठ मंदिर के परिसर में आयोजित जागरण में रात भर ग्रामीणों ने फूलों की होली खाटू श्याम भगवान हनुमान, श्रीकृष्णा और मां शेरावाली की भव्य झांकी भी निकाली। जबकि बदायूं की गायक शिवानी चौधारी, शरद पाठक और जितेंद्र शानू चेतन ने भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। भक्तों ने भी खाटू श्याम के भजनों पर जमकर नृत्य किया। गायक शरद पाठक ने भक्तों को बताया कि दुनिया में सबसे भाग्यशाली वह संतान है। जिनकी माता-पिता की सेवा करते हैं। अपने माता-पिता की सेवा करने से ही जीवन धन होता है। माता-पिता होने के बाद भी पुत्र और बहू के द्वारा सेवा नहीं करते तो तीर्थ यात्राओं पर घूमने का कोई फायदा नहीं होता है। महिलाओं को घर पर तुलसी का पौधा लगाने के एवं उसकी पूजा अर्चना जरूर करनी चाहिए। होली के इस पर्व को सब बुराइयों को त्याग कर एक दूसरे को गले मिलकर समाज में एकता बनाए रखें। बृहस्पतिवार की शाम को होली का पूजन जरूर करें। सनातन धर्म की प्रत्येक पर्व को धूमधाम से मनाना चाहिए। धर्म की रक्षा और आस्था समाज में बनाए रखें। इस दौरान प्रवीण सिंह राघव, राजू शर्मा, डा. मनोज कुमार शर्मा, मोहित राघव, सुमित राघव, जयदीप राघव, सोनू राघव, रोहित गुप्ता, अमित राघव, श्रृषभ राघव,जय विक्रांत, विनित राघव, विपिन शर्मा , महिपाल पाल, बबलू पाल, राजू पाल, प्रतिज्ञा राघव, करिश्मा राघव, वर्षा राघव, छुटकी राघव, माही राघव, शांति पाल, सावित्री पाल, पूजा पाल, प्रीति पाल, सुधा पाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता व वैश्य समाज में रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सोशल मीडिया पर वायरल बनिया अग्रवाल वैश्य समाज की दुकान से कभी कोई सामान नहीं खरीदने के संदेश पर वैश्य समाज में रोष फैल गया। आपत्ति जनक संदेश वायरल करने के आरोपी के विरूद्व तहरीर पुलिस को दी गई है।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के नगर बबराला व गुन्नौर के वैश्य समाज ने मिलकर वायरल वीडियो में जो शख्स कहते दिख रहा है उसके खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए उपजिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि अग्रवाल समाज वैश्य समाज के खिलाफ आपत्तिजनक भाषण दिए हैं।



जिससे अग्रवाल व वैश्य समाज का घोर अपमान हुआ है। उक्त भाषण बहुत तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिससे वैश्य समाज के लिए काफी पीड़ा हो रही है जबकि समर्थको में रोष व्याप्त है। वायरल वीडियो में जो शख्स दिखाई दे रहा है जानकारी अनुसार आशुतोष नेगी पुत्र ज्ञानसिंह निवासी श्रीकोट तहसील पौडी जिला गढ़वाल उत्तराखंड का है। इस दौरान भाजपा मंडल अधध्क्ष गुन्नौर इंदीवर सिंह, प्रशान्त अग्रवाल,चन्द्रशेखार गुप्ता,नवनीत गांधी, सुभाष आदि रहे। उधर नगर के गौरव कुमार पुत्र मोहनलाल ने अपने वैश्य समाज के लोगों के साथ मिलकर गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान को तहरीर दी है।उस व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही को मांग की है।

# गो आश्रय स्थलों पर भूसा विक्रय के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गौ आश्रय स्थल एवं पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक में ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने गौशालाओं के विस्तारीकरण पर विकास खंड वार चर्चा की। डीएम ने चंदन कटी मौजा, घासीपुर, रीठ, सिंहावली , आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जबकि नेपियर घास को लेकर भी निर्देशित किया। इसके अलावासीय से भूसा क्रय करने के भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत ग्रामीण आवास को लेकर विकासखंड वार जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह, सभी खंड विकास अधिकारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# शुगर के रोगी भी ले सकेंगे गुजियों का स्वाद

## बाज़ार में तरह-तरह की गुजियां तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** आगामी होली पर्व को लेकर बाजार में गुजिया की काफी बड़ी रेंज तैयार हैं। दुकानों पर गुजिया बनाने की तैयारी जोरों पर चल रही है। शुगर की बीमारी वालों को मीठे की मनाई है लेकिन होली पर गुजिया का मजा न मिले तो कैसी होली। उनके लिए कम मीठे की गुजिया तैयार की जा रही है। जिससे शुगर मरीज भी गुजिया का स्वाद लेकर इसका जायका ले सकें। बाजारों में गुजियाओं की काफी रेंज है। जो ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। घरों में भी गुजिया बनाने का सिलसिला शुरू हो गया है लेकिन भागमभाग भरी जिंदगी व समय के अभाव के चलते तमाम परिवार बाजार पर निर्भर हो गए हैं। बाजार ऐसे परिवारों के लिए सजा है। वह ऐसी गुजिया को पसंद कर रहे हैं। इस गुजिया के दाम साधारण गुजिया से ज्यादा है। होली पर्व पर गुजियों का बनना जरूरी है। सोनू-मोनू मिष्ठान भंडार के स्वामी रविराज वार्ष्णेय ने बताया कि बाजार में कई प्रकार की गुजिया से दुकाने सजी है। चाशनी पाग गुजिया, पिस्ता गुजिया, केसर गुजिया, मावा गुजिया आदि है।

# भाजपा नेता के निधन पर शोक संवेदनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर में भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य गुलफाम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की वह शोकाकुल परिवार को दु:ख सहने की सामर्थ्य प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, सभासद मीना गुप्ता, दिनेश कौशल, नीरज वार्ष्णेय आदि रहे। पूर्व बदायूँ सांसद संघमित्र मौर्य ने गंगाघाट राजघाट पर पहुँचकर शोक व्यक्त किया। उधर नगर के स्टेशन रोड स्थित युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल के आवास पर शोक व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने में अंकित गोयल मनोज यादव, ललतेश, राजू गुप्ता, अंश अग्रवाल, इशांत गुप्ता, विपिन गोयल अनिकेत वार्ष्णेय आदि रहे।

# खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों की समीक्षा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में जिले के सबसे खराब प्रदर्शन बच्चों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता आदि करने वाले प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्र की बैठक में ग्राम सेमरी, कम्पोजिट विद्यालय कुकेटा, उच्च प्राथमिक विद्यालय करकोरा प्राथमिक विद्यालय करकोरा विकासखंड संभल से प्राथमिक विद्यालय पल्था आदि की समीक्षा की गयी। मेरी त्रुटि मेरी सीख की कॉपी सभी विद्यालयों में बनाने के लिए निर्देश दिए। मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत गतिविधियां करने विद्यालय का सोशल में मीडिया हैंडल बनाए जाने ,अध्यापकों के दायित्व का हस्तलिखित चार्ट ,विद्यालय में बच्चों की होने वाली प्रतिज्ञा ,हैंड वॉश यूनिट बाउंड्री वॉल बच्चों की उपस्थिति आदि को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों का पंजीकरण शत प्रतिशत हों तथा बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। विद्यालय 19 पैरामीटर से संतृप्त हो मेरा।

# चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने को पार्टी अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया

## चुनाव आयोग ने पत्र जारी किए

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** संसद और उसके बाहर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाने के बाद चुनाव आयोग कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए राजनैतिक दलों के अध्यक्षें संग वार्ता करेगा। इसी को लेकर आयोग की और से और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है।

भारत के चुनाव आयोग सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ई आरओ, डीईओ या सीईओं के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए है। आयोग की और से राजनैतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए परस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की। आयोग ने इससे पहले पिछले सप्ताह ई एस आई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सी ई ओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्यवाही रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचान गए 28 हिट धारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हित धारक है। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने उल्लिखित किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम 1960 चुनाव संचालन नियम 1961 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश मैन्युअल और हैंडबुक ई एस आई वेबसाइट पर उपलब्ध ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## बाल कल्याण समिति की बैठक में दी गई जानकारी

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अमरजीत सिंह ने सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। प्रभारी बाल विकास अधिकारी राजकुमारी ने किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम को समझाया।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी को एशियन लीडरशिप अवार्ड

## बालीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री श्रीमती सोनाली बेंद्रे ने प्रो. रस्तोगी को इंडियाज लीडिंग हैल्थकेयर एजुकेशन इन्नोवेटर की श्रेणी में अवार्ड से नवाजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीएमयू हॉस्पिटल के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी को एशियन लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। द यूनिवर्सल मीडिया और इन्साइट केयर मैगजीन के संयुक्त तत्वावधान में रेडिशन ब्लू, द्वारिका-नई दिल्ली में आयोजित थर्ड एशियाज लीडरशिप अवार्ड-2025 समारोह में बालीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री श्रीमती सोनाली बेंद्रे ने प्रो. रस्तोगी को इंडियाज लीडिंग हैल्थकेयर एजुकेशन इन्नोवेटर-2025 अवार्ड दिया। इस अवसर पर प्रो. रस्तोगी की सुपुत्री मिस भव्या रस्तोगी भी मौजूद रहीं। प्रो. रस्तोगी को रिसर्च, एकेडमिक्स और ट्रेनिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए यह सम्मान मिला है। प्रो. राजुल ने हैल्थ केयर एजुकेशन में रिसर्च, ट्रेनिंग, एक्सपर्ट टाक, इन्नोवेटिव आइडियाज इन एआई के क्षेत्र में विशेष कार्य किए हैं। अवार्ड समारोह में मेडिकल एजुकेशन के संग-संग योगा, मार्शल आर्ट, ज्योतिष आदि क्षेत्र में एशिया की जानी-मानी करीब 50 से अधिक हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में जाने-माने एथलीट श्री रोहन शाह की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी को रेडियोलॉजी में 24 सालों का लंबा अनुभव है। वह 10 बरस से टीएमयू में अपनी सेवाएं दे रहे है। प्रो. रस्तोगी, 2024 में यूरोपियन कॉग्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी- ईसीआर की ऑस्ट्रिया, इंटरनेशनल कॉग्रेंस ऑन एमआरआई- आईसीएमआरआई की साउथ कोरिया में इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस के संग-संग आरआई सीओएन- 2024 की स्टेट कॉन्फ्रेंस, एशियन ओशियनियन कॉग्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी- एओसीआर एवम् इंडियन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग एसोशिएशन- आईआरआईए-2025 की चेन्नई की नेशनल कॉन्फ्रेंस में अपने रिसर्च पेपर्स/व्याख्यान दे चुके हैं। प्रो. राजुल ने हाल ही में आईआईआईटी, हैदराबाद से एआई इन हैल्थकेयर का सर्टिफिकेट कोर्स भी किया है। उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी के 201 पब्लिकेशन्स भी नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर प्रकाशित हो चुके हैं। लगभग 699 से अधिक शोधार्थी इनका संदर्भ ले चुके हैं। इसके अलावा रेडियोलॉजी एंड दीगर सब्जेक्ट्स बुक्स पर प्रो.राजुल के करीब 15 टेक्सट बुक्स में करीब 55 चौप्टर्स भी प्रकाशित हैं। इंटरनेशनल स्तर के छह और नेशनल स्तर के करीब एक दर्जन से अधिक अवार्ड भी प्रो. रस्तोगी की झोली में शामिल हैं। प्रो. राजुल अब तक 15 देशों की विजिट कर चुके हैं। वह करीब 110 विभिन्न नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में लगभग 200 से अधिक रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर चुके हैं।



# पुल की रेलिंग तोड़ 40 फुट नीचे गिरा ट्रक, दो की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** थाना मूंढापांडे क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे पर देर रात सरियों से भरा ट्रक दलपतपुर इलाके की राजेड़ा नदी पर बने पुल की रेलिंग को तोड़ता हुआ 40 फुट नीचे जा गिरा,,इस भीषण हादसे में ट्रक ड्राइवर और हैल्पर की मौके पर ही मौत हो गई,,हादसा इतना भीषण था कि पुल से नीचे गिरने से ट्रक के परखच्चे उड़ गए,,,हादसा देर रात 2 बजे के आसपास का बताया जा रहा है,,,चश्मदीद के अनुसार ये ट्रक गाजियाबाद से सरिया भर कर हल्द्वानी जा रहा था,,पता नही ड्राइवर को नींद आई या किसी गाड़ी को ओवरटेक करते हुए संत.ुलन बिगड़ने पर पुल से नीचे गिर गया,, टाटा 407 में फंसे चालक व परिचालक को पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद बाहर निकाला इसमें हादसे में ड्राइवर वसीम और उनके हेल्पर की भी मौके पर ही मौत हो गई थी,,,पुलिस ने दोनों को गाड़ी से निकाल कर अस्पताल भिजवाया था. वहीं पुलिस ने दोनों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है।

## एक नजर

### मोनू बिश्नोई ने बजरंग दल का साथ छोड़कर थामा राष्ट्रीय लोक दल का हाथ

**कांठ ( शाह टाइम्स )** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेता रहे मोनू बिश्नोई ने अब बजरंग दल का साथ छोड़ दिया और राष्ट्रीय लोक दल का दामन थाम लिया नगर के भूड़ मंदिर पर हुए अभिनय चौधरी के स्वागत समारोह में उन्होंने राजीव चौधरी सुमित शर्मा रमन चौधरी अखिलेश



विश्नोई राहुल कुमार अरुण कुमार अनुज कुमार ठाकुरद्वारा मनोज कुमार विपिन कुमार निपेन्द्र कुमार दीपक चौधरी नृपेंद्र सिंह प्रजापति सहित सैकड़ो लोगों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण करी। प्रेस वार्ता के दौरान अभिनय चौधरी ने कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा युवाओं को लोक दल से जोड़कर क्षेत्र के लिए विकास करने का काम करेंगे।

### उत्कर्ष योगदान के लिए महिलाओं को किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** महिला संस्था यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब द्वारा महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वूमेन एंपावरमेंट नारीत्व का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन पीली कोठी स्थित रेस्टोरेंट में किया गया।विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कर्ष योगदान के लिए कई मेंबर्स को सम्मानित किया गया। वीनू आहूजा (योग) डॉ अनामिका गुप्ता (शिक्षा) संजना (समाज



सेवा) चांदनी छाबड़ा (समाज सेवा) ऋतु चौधरी (ब्यूटीशियन) प्रियंका अवस्थी ( ब्यूटीशियन) मानसी टंडन ( शिक्षा) दिव्या अग्रवाल ( शिक्षा)गौरी शर्मा (फैशन) को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहा मेहरोत्रा एवं संचालन प्रीति शर्मा ने किया। कार्यक्रम में वीनू,मनीषा , ऋतु, संजना, ईशा ,मानसी, दिव्या,चांदनी ,डॉ अनामिका, रवजीत, स्नेहा, पूनम, निधि, मिनी, दीपसी, प्रीति,मेघा स्नेहा,आंचल,गौरी, नैना आदि मौजूद रही।

### व्यापारियों ने अधिकारियों को दी बधाई

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा आज दिनांक 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को मुरादाबाद महानगर के शासन प्रशासन और जी एसटी मुरादाबाद के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन श्री आरके द्विवेदी जी डीसी प्रशासन



वरुण यादव जी डीसी सपना गुप्ता जी ंकउ सिटी ज्योति सिंह जी ै च सिटी श्री कुमार रणविजय सिंह हाइवे अंकित कुमार जी कोमुरादाबाद महानगर में उनकी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गई व उनको सम्मानित किया गया और होली की शुभकामनाएं दी गईअध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में आशुतोष गुप्ता प्रमुख महासचिव विपिन गुप्ता उपाध्यक्ष टोनी सहगल उपाध्यक्ष सुप्रीत खन्ना महासचिव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# 'रंग मिलन: टिमिट में रंगों की बहार, यादों में बसी मस्ती'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) में आयोजित ''रंग मिलन 2025'' कार्यक्रम ने छात्रों के बीच उत्साह और उल्लास का रंग बिखेर दिया। होली वाले सप्ताह में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में छात्रों ने रंगों की मस्ती, संगीत और स्वाद का भरपूर आनंद लिया। रंगों और उत्साह का अनोखा संगम-कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक अंदाज में रंग गुलाल से हुई, जहां छात्रों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर दोस्ती और भाईचारे का संदेश दिया। पूरे परिसर में रंगों की खुशबू और संगीत की धुनें गूंज रही थीं। डीजे जोन में बॉलीवुड हिट्स और पंजाबी बीट्स पर छात्रों ने जमकर डांस किया। रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे छात्र-छात्राएँ इस अनोखे आयोजन का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित नजर आए। स्टॉल्स ने बढ़ाई कार्यक्रम की रौनक-कार्यक्रम में विभिन्न स्टॉल्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया-फूड स्टॉल्स:-छात्रों ने चटपटे गोलगप्पे, छोले-कुलचे और समोसे का स्वाद चखा। ठंडाई और गुजिया जैसे पारंपरिक होली व्यंजन ने सबका मन मोह लिया। गेम्स और एक्टिविटीज-रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पिचकारी चौलेंज और रंग बरसे रिंग टॉस ने सभी में उत्साह भर दिया। फोटो बूथ पर छात्रों ने अपने दोस्तों के साथ रंगीन पलों को कैद किया। कल्चरल परफॉर्मेंस-छात्रों ने रंगारंग नृत्य और गायन प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा। होली थीम पर आधारित फैशन शो ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। एलुमनाई की विशेष भागीदारी-इस कार्यक्रम की खासियत यह रही कि टिमिट के एलुमनाई (पूर्व छात्र) ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व छात्रों ने अपने शिक्षकों से मिलकर आशीर्वाद लिया और वर्तमान छात्रों के साथ मिलकर रंगों की मस्ती में डूब गए। एलुमनाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ''टिमिट में वापस आकर पुराने दोस्तों और शिक्षकों से मिलना बेहद खास रहा। 'रंग मिलन 2025' ने हमें न केवल पुराने दिनों की याद दिलाई बल्कि नए रिश्तों को भी मजबूत किया।'' इस अनूठे अवसर ने वर्तमान और पूर्व छात्रों के बीच एक सेतु का कार्य किया, जिससे सभी ने मिलकर इस आयोजन को यादगार बना दिया। टिमिट के डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ''रंग मिलन' न केवल छात्रों के लिए मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह आयोजन आपसी सौहार्द और एकता को भी मजबूत करता है। इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैं सभी प्रतिभागियों और एलुमनाई को बधाई देता हूँ और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की कामना करता हूँ।'' छात्रों ने साझा किए अनुभव- कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों ने इसे अपनी यादों में हमेशा के लिए संजो लिया। एक छात्रा ने कहा कि ''यह मेरा पहला 'रंग मिलन' था और मैंने अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती की। संगीत, रंग और स्वादिष्ट खाने ने इसे यादगार बना दिया।''समापन और आभार व्यक्त- कार्यक्रम का समापन रंगों की बारिश और समूह फोटो के साथ हुआ। टिमिट प्रशासन ने आयोजन में शामिल सभी छात्रों, संकाय सदस्यों, स्वयंसेवकों और एलुमनाई को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। ''रंग मिलन 2025'' ने छात्रों और एलुमनाई के बीच नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जो लंबे समय तक उनकी यादों में ताजा रहेगा।




# शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** मंगलवार को थाना डिलारी के परिसर में आगामी त्यौहार होली और ईद उल फितर को शांतिपूर्वक मनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया ,जिसमें क्षेत्र के गण मान्यव्यक्ति मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम ठाकुरद्वारा प्रीति सिह ने की, संच.ालन पुलिस क्षेत्र अधिकारी ठाकुरद्वारा अमरिंदर सिंह ने की, कार्यक्रम की व्यवस्था थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने की ,मौजूद अधिकारियों ने आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने के लिए अपील की उप जिला अधिकारी ने बताया कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार दोनों त्योहारों के लोग अलग-अलग निर्धारित समय पर संपन्न करने को सहयोग करें। त्योहारों पर आपसी सौहार्द गंगा जमुना तहजीब को कायम रखने की अपील की ,इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर मोहम्मद अयूब, साबिर, निजाम, आरिफ, नजीर ,सदाबहार सिंह एडवोकेट ,नगर पंचायत ढकिया के अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन ,बलराम सिंह, प्रधान फुरकान अली, ग्राम प्रधान रिजवान हुसैन, डॉ अनुपम शर्मा हरपाल, कृपाल,विपिन कुमार ,रईस अहमद ,अखलाक ,धर्मपाल सिंह ग्राम प्रधान अरविंद कुमार, ग्राम प्रधान बाबू सिंह,आदि मौजूद रहे।



# नगर पालिका की सीमा में स्थित तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान शुरू

**बिलारी।** नगर पालिका द्वारा राजस्व प्रशासन के सहयोग से नगर पालिका की सीमा में स्थित तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने, राजस्व अभिलेखों के अनुसार चिन्नांकन कर उनके सुदृढ़ीकरण करने का अभियान आरंभ कर दिया गया है। सोमवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहस.ीलदार सुदीप तिवारी ने राजस्व टीम के साथ नगर के कई तालाबों पर भ्रमण कर उनका चिंहांकन कर लाल पत्थर के ठिए लगवाए थे उसी के अनुसार मंगलवार से पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने पालिका के जेई उमेश कुमार एवं टीम को साथ लेकर इन तालाबों पर कार्य शुरू करवा दिया। मुख्य मार्ग पर विशन सिंह फार्म हाउस के पीछे गाटा संख्या 394, 395, 396 में तालाब है। इसके अलावा चंदा खरताल रोड पर गाटा संख्या 755, 760, 761 में तालाब का चिंहांकन करके लाल पत्थर के ठिए लगाए गए हैं। एक तालाब गाटा संख्या 1137 में है। पालिकाध्यक्ष ने बताया 1331 गाटा में 1600 मीटर भूमि पालि.का के नाम पाई गई है जो अब्दुल्ला मुहल्ले में है। यह पालिका ने अपने कब्जे में ले ली है। इस पर खेल स्टेडियम बनाने पर विचार चल रहा है। पालिका अध्यक्ष ने कहा की जेसीबी द्वारा रकबे के अनुसार तालाबों की खुदाई शुरू करा दी गई है, यह मिट्टी नगर की सड़कों के काम आ रही है। इधर जल संरक्षण के साथ ग्राम समाज की भूमि सुरक्षित हो। तालाब विकसित होने पर नगर में जल भराव की समस्या भी खत्म होगी क्योंकि निष्प्रयोज्य पानी इन तालाब में जाएगा इससे नगर में जल भराव की समस्या भी हल होगी। अध्यक्ष ने बताया कि हमने थर्ड पार्टी द्वारा ड्रोन सर्वे कराया था उसमें अभी तक यह गाटा संख्या चिन्हित हुई हैं बाकी सर्वे जारी है। हमारी प्राथमिकता है नगर क्षेत्र की सरकारी भूमि सुरक्षित हो, संरक्षित हो।

# राजेंद्र सहदेव बनाए गए राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ एवं ई-रिक्शा यूनियन में बिलारी निवासी राजेंद्र सहदेव को राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक बनाया गया है। नौ मार्च को रामपुर में हुए सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ प्रेम नरेश वाल्मीकि ने उन्हें मनोनीत पत्र सौंपा।

उन्होंने कहा कि आपको यह जिम्मेदारी आपकी मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए दी गई है। हमें पूरा विश्वास है कि संगठन के प्रति समर्पित रहते हुए संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य किसी जाति वर्ग संप्रदाय के लिए काम ना करके सभी वर्गों में गरीब समाज का सहयोग करते हुए बहन बेटियों की शादी एवं अन्य समस्याओं का समाधान करना शामिल है। उन्होंने कहा इस संगठन में सभी वर्गों के लोग शामिल हैं।



**मुरादाबाद।** बुरा न मानो होली है: तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद(यूपी) के कैंपस में हजारों स्टुडेंट्स होली की मस्ती में नजर आए। यूं तो रंगभरी एकादशी बीत गई, लेकिन कैंपस का नजारा ऐसा था, मानो आज रंगभरी एकादशी हो। टीएमयू कैंपस में स्टुडेंट्स के ग्रुप्स चेहरों से लेकर परिधान तक रंग-बिरंगे दिखाई दिए। एक-दूसरे को सहज पहचानना भी मुश्किल हो गया। दोस्तों में सेल्फी का दौर चला। आउट ऑफ स्टेट के स्टुडेंट्स ने अपने दोस्तों को रंग और गुलाल लगाकर हैप्पी होली कहकर विदाई ली।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**

**उत्तरा. वि.वाद संख्याः** 72/2025

**तारीख पेशीः** 18.03.2025

श्रीमति नफीस फात्मा पत्नी (स्व.) फिदा हुसैन निवासी मकान नम्बर-45 लाल स्कूल के पास मुगलपुरा प्रथम तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी/प्रार्थिनी।**

**बनाम**

**श्रीमती नसरा आदि।**

**जनता आम।**

इश्तहार मजरिया श्रीमती नफीस फात्मा उक्त ने अपने स्व. पति फिदा हुसैन की चल सम्पत्ति (दी न्यू अरबन को-ओप बैंक लि. रामपुर शाखा मुरादाबाद में जमा धनराशि मुवलिग 10 लाख लगभग की बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेने हेतु न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) मुरादाबाद के न्यायालय में पिटीशन गुजारी है।

जिस किसी को इस बावत कोई एतराज/आपत्ति हो वो दिनांक 18.03.2025 को प्रातः 10.30 पर न्यायालय में उपस्थित होकर एतराज दाखिल करें अन्यथा उक्त पिटीशन/ आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

**अहलमद**

**सिविल जज ( सी०डि० ),**

**जनपद-मुरादाबाद।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत जैतपुर
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांकः मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांकः 11.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जैतपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 28.12.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 18.03.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 18.03.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीडब्लूडी रोड से जाहिद मुल्लाजी के घर तक नाली टाईल्स निर्माण कार्य। | सीसी टाईल्स, ईंट आदि। | 224293.60 | 1000 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तेः**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जैतपुर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**



## कार्यालय ग्राम पंचायत जैतपुर
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांकः 11.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जैतपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 08.03.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 27.03.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.03.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिफाकत के घर से राहत अली के मकान तक नाली टाईल्स निर्माण कार्य। | 41X4.30 | 150896/- | 1000 | 2% | 3 माह |
| 2 | पंचायत भवन से दिलशाद पधान के खेत तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 31X5.80 | 192225/- | 1000 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तेः**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जैतपुर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**



## कार्यालय-सचिव/ग्राम पंचायत गोधी
### विकास खण्ड, मुरादाबाद।

पत्रांक मीमो/हाट पैंठ/ग्रा.पं./नीलामी/2024-25 दिनांकः 11.03.2025

जिला पंचायत राज अधिकारी मुरादाबाद के कार्यालय पत्रांक 6569/पराविलेखा-तहबाजारी/2024-25 दिनांक 11.03.2025 के द्वारा ग्राम पंचायत गोधी में हॉट बाजार/ तहबाजारी की वित्तीय वर्ष 2025-2026 की नीलामी अनुमति उपरान्त एवं पूर्व जारी एजेण्डा एवं मुनादी के अनुसार दिनांक 18.03.2025 को दिन मंगलवार को साप्ताहिक बाजार गोधी के हाट बाजार की नीलामी पंचायत भवन पर ग्राम सभा की खुली बैठक के माध्यम से समय 11:00 बजे से की जानी है। समस्त ठेकेदार एवं ग्रामवासी आमंत्रित हैं। नीलामी का विवरण निम्न है।

1. धरोहर राशि 100000.00 (एक लाख)
2. सर्वाधिक बोलीदाता को नीलामी समाप्ती पर बोली की एक चौथाई धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। बकाया धनराशि का तीन किश्तों में भुगतान किया जाएगा। जो 03 मास की समाप्ती पर देय होगी। प्रथम किश्त की गणना नीलामी की तारीख से की जाएगी या इससे पूर्व भी किश्त जमा की जा सकती है।
3. ऐसा व्यक्ति जिसपर भूमि प्रबंधक समिति का कोई देय बकाया हैं तो नीलामी में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।
4. ग्राम पंचायत गोधी की प्रशासनिक समिति को बिना किसी कारण के कभी भी नीलामी/ठेका निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत गोधी**
**वि०ख० मुरादाबाद।**

**सचिव/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गोधी**
**वि०ख० मुरादाबाद।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत मनकुआ
### विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2024-25 दिनांकः 11.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मनकुआ विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 18.03.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 18.03.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अहसान के घर से चन्द्रपाल के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 397042/- | 2% | 150/- | 2 माह |
| 2 | रिसाल के घर से सुनील के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 364663/- | 2% | 150/- | 2 माह |
| 3 | गंगाराम के घर से चन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 373115/- | 2% | 150/- | 2 माह |
| 4 | वीर सिंह के घर से रोड तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 195784/- | 2% | 150/- | 2 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मनकुआ**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

# दिन-दहाड़े चोर ने ताला तोड़कर तीस हजार उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** चोरों के हौंसले बुलंद हैं। अकेले चोर ने दिन दहाड़े ही पूरी सफाई के साथ पहले रैकी की और फिर मुख्य गेट का ताला तोड़कर सेफ का ताला तोडा और अंदर रखी 30 हजार रु0 की नकदी समेट कर ले गये। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी जिसमें स्पष्ट देखा जा सकता है कि अकेले चोर ने किस तरह दरवाजा तोड़ा है। बता दें कि चन्दौसी के मौहल्ला धोबियान में पहले गली के बाहर एक युवक घूमता दिखायी दे रहा है। फिर द्वितीय तल पर जाता है जबकि गृह स्वामिनी घर में ताला लगाकर बाजार गई हुई थी। वापिस आकर देखा तो मुख्य द्वार के ताले टूटे हुए थे। अंदर के सेफ का भी ताला टूटा हुआ था। शुभम बंसल के अनुसार उसमें 30 हजार रु0 की नकदी रखी हुई थी, वह गायब थी। हालांकि कुछ गहने एवं नकदी दूसरे लॉकर में रखे हुए थे परंतु अज्ञात चोर उसे नहीं निकाल पाया। चोरी का समय लगभग 03:45 बताया गया। हालांकि दिन के समय अकेले चोर को बाहर निकलते हुए देखा परंतु दिन का समय होने के कारण अधिक ध्यान नहीं दिया। अज्ञात चोर अपना काम करके गायब हो चुका था। घटना की वीडियो जो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है, उसमें चोर बिल्कुल फिल्मी स्टाइम में चोरी करता दिख रहा है। सबसे पहले गली में चोर आता हुआ दिखायी दे रहा है, फिर सर्वप्रथम मुख्य द्वार का ताला तोड़ता है। इसके उपरांत अंदर प्रवेश करता है, फिर आवाज नहीं हो इसके लिए पैर का दबाव लगाकार बड़े ही आराम से लॉक तोड़कर अलमारी से लगभग 30 हजार रु. ले जाता है। जब गृहस्वामी आती है तो घटना की सूचना अपने बेटे को देती है। मौके पर लोगों ने सीसीटीवी कैमरों में देखा तो हतप्रभ रह गये। मौहल्ले वालों के अनुसार, एक वर्ष पूर्व भी मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोर 04 लाख रु. से ऊपर का जेबर बटोरकर ले गये जिसका पता अभी तक नहीं चला है। चोरी काफी शातिर बताया जा रहा है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया होली महोत्सव

**चन्दौसी।** भातखंडे विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा संपोषित रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब के अंतर्गत एस.एम. कॉलेज चंदौसी में मंगलवार को होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम क्लब संयोजक डॉ. राम अधार सिंह यादव ने प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार को रंग लाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ हेमंत कुमार ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है; हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम रंगों की इस महोत्सव को किसी भी प्रकार की अश्लीलता या दुराचार से बदरंग ना होने दें। मुख्य नियंता डॉ. ए.पी. सिंह ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली मेल-जोल का त्यौहार है। डॉ. ए.के. अस्थाना ने होलिकोत्सव के भारतीय समाज पर आर्थिक प्रभाव पर प्रकाश डाला। डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए होली पर पर्यावरण संरक्षण पर विशेष रूप से बल दिया। इसके उपरांत सभी शिक्षक, प्रशासनिक विभाग के साथियों और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. दीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सूरज शर्मा, डॉ. अजीत सिंह, स्कंद, अमरजीत, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अजय प्रकाश, लोकेशचंद्र अग्रवाल, अनुराधा, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. ज्योति, डॉ कादंबरी मिश्रा, डॉ पूजा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### भीतखेड़ा में कोसी नदी के खादर को बाढ़ से बचाने को लेकर की गई चर्चा

# विधायक रामवीर सिंह ने अधिकारियों-क्षेत्रवासियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** कुन्दरकी विधान सभा के ब्लाक मूंढापाण्डे के उत्सव बैंकेट हाल भीतखेडा में कोसी नदी के खादर क्षेत्र (बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र) को बाढ़ से बचाने के तटबन्ध बनबाने के सम्बन्ध में बाढ़ खण्ड मुरादाबाद के अधिकारियों व सम्मानित क्षेत्रवासियों के साथ चर्चा एवं सुझाव बैठक का आयोजन विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह जी द्वारा किया गया। बैठक में विधायक ठा० रामवीर सिंह जी द्वारा किये गए वादे के अनुसार तटबन्ध बनवाने को लेकर बाढ़ खण्ड के अधिकारियों एक्सईन राजेश गंगवार, ए०ई० नवीन कुमार, जे०ई० अरविन्द कुमार, एस०डी०एम० सदर राघवेंद्र मीणा, तहसीलदार सदर रामवीर सिंह एवं क्षेत्र के मिशनों एवं प्रधानों से विचार विमर्श व चर्चा की, बाढ़ खण्ड के अधिकारियों द्वारा बताया गया उक्त तटबंध निर्माण एन०एच ० - 09 खबरिया भूड से शुरू होकर चतरपुर नकटा खेडा तक लगभग 20 कि०मी० लम्बा व ऊपरी चौड़ाई 5मी० तथा वेश की चौड़ाई 20 मी० रहेगी, उक्त का प्रारम्भिक सर्वे किया गया है,जिसमें गाँव जैतपुर विशाहट नदी के एक दम किनारे पर हैं, मानक अनुसार तटबंध की दूरी नदी के किनारे से 450 मी०व नदी के दूसरे तरफ तटबंध से 900 मी० की दूरी होनी आवश्यक है। प्राप्त सुझावों का संज्ञान लेते हुए आगे कार्य किया जाना प्रस्तावित है उपस्थित जनों के सुझाव भी लिए गए। , देवेन्द्र सिंह पूर्व प्रधान जगरामपुरा व दुर्गपाल सिंह ने कहा कि तटबन्ध के साथ -साथ उक्त पर एक हाईवे बना दिया जाये तथा किसानों को जमीन के बदले जमीन व,मकान के बदले मकान मिलना चाहिए। वीरपाल सिंह, रिजवान पोता, अमित सहरिया ने कहा कि तटबंध बने। एस०डी०एम० सदर ने कहा कि अगर किसी का मकान या जमीन आती है तो सैटलमेंट के तहत मुआवजा दिया जाता है। उक्त सुझावों को सुनकर विधायक ठाकुर रामवीर



सिंह ने कहा कि मैं किसी का अहित नहीं होने दूंगा और शासन से सर्किल रेट के आधार पर उचित मुआवजा दिलाने के लिए अथक प्रयास करूँगा तथा नहर निर्माण के सम्बन्ध में भी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी आग्रह करूँगा कार्य की स्वीकृति तत्काल करवाने हेतु सम्बंधित बाढ़ अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव, पूर्व प्रत्याशी परमेश्वरलाल सैनी, जोगराज सिंह, रामकिशोर लोधी, महेंद्र सैनी, रमेश यादव, अवनीश चौहान,रोहित सिंह, भानुप्रताप सिंह चौहान, संजीव जाटव,मुन्ना सागर,उदय पाल सहित अनेक ग्राम प्रधान एवं सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी प्रतिनिधि मंडल ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव दोलपुरी बमनिया में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार से मिलने पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु वाल्मीकि, हाजी चांद बाबू पूर्व प्रत्याशी कुंदरकी विधानसभा,



अजय गुर्जर प्रदेश संगठन सचिव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और दुष्कर्म के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कहा कि आरोपी किसी भी जाती या धर्म का हो बहन बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करेगा तो बख्शा नहीं जाएगा।पदाधिकारियो ने कहा कि पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करायी जायेगी

इस दौरान रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद,संभल, अमरोहा आदि के साथ काफी संख्या में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रक्तदान देकर बचाई जान

**भोजपुर।** खून देकर लड़की की बचाई जान इंसानियत के लिए बहुत अच्छा काम है। ऐसे ही एक मामला मंगलवार को नगर पंचायत भोजपुर का जहां मुहम्मद मोहसिन पुत्र खुर्शीद अहमद ने दिल्ली की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की को ब्लड डोनेट कर उसको एक नया जीवन देने का काम किया है। अलीशा निमोनिया होने के कारण प्लेटलेट्स कम होने व शरीर में खून की कमी हो गई आनन-फानन में उसे तत्काल उपचार के लिए दिल्ली के हायर हॉस्पिटल सर गंगा राम में एडमिट करना पड़ा जहां डॉक्टर ने उसे ब्लड की आवश्यकता बताई रक्तदान करने के लिए कस्बे के होनहार बेटे मुहम्मद मोहसिन ने अलीशा को अपना खून देकर जान बचाई।

### ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव गजरौला सैद में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति के इशारे पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। थाना मूंढापांडे के गांव वीरपुर थान निवासी भूरा अली की बेटी अंजुम ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में कहा है कि चार वर्ष पूर्व गजरौला सैद निवासी शानू के साथ विवाह हुआ था। पति,सास नसीम जहां,ननद सायमा,देवर आलम और ससुर महबूब दान दहेज से संतुष्ट नहीं हैं। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने लगे। इस दौरान एक बेटे का जन्म हुआ फिर भी ससुरालियों ने दहेज की मांग नहीं छोड़ी और तीन तालाक देने की धमकियां देते रहे। सोमवार की रात को आठ बजे सभी ने एक राय होकर मारपीट कर बेटे समेत घर से बाहर निकाल दिया। आरोपियों ने मांग पूरी नही करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है।

### भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों को हर संभव मदद दिलाने का दिया आश्वासन

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी जिला मुरादाबाद के नी वर्तमान जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने आज थाना भगतपुर के ग्राम दौलपुरी बहेड़ी में नाबालिग के साथ दलित दुष्कर्म पीडिघ्ता के परिवार से मिलने ग्राम में पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीडिघ्त परिवार से मिलकर दुष्कर्म के आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया । उन्होंने परिवार को हर संभव सहायता दिलाने और आरोपितों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। परिवार से कहा कि प्रत्येक आरोपी को फांसी की सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने बताया कि दुष्कर्म के चारों आरोपी गिरफ्तार किया जा चुके हैं उन्होंने उपस्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी से वार्ता करके कठोर कार्यवाही करने को कहा है उत्तर प्रदेश सरकार से पीडित परिवार को आर्थिक सहायता भी दिलवाने का आश्वासन दिया भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में भाजपा के भगतपुर मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अरुण चौधरी मास्टर वीरेंद्र सिंह मास्टर राजेश शर्मा मोहित चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बारात की चढ़त के दौरान बारातियों के साथ दौड़ा- दौड़ा कर मारापीटा, नो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** बरात की चडत के दौरान बारातियों के साथ आधा दर्जन लोगों ने दौड़ा दौड़ा कर मारपीट कर घायल कर दिया । दूल्हे के भाई की तहरीर पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर चर्च शुरू कर दी। इस दौरानरजनीश कुमार पर चाचा अमर सिंह मैं बढ़ाने का प्रयास किया तो उन्हें भी पूरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया । बारातियों ने भाग कर व अन्य घरों में छिपकर अपनी जान बचाई और एलानिया धमकी दी की अगर पुलिस से शिकायत की तो इसका खामियाजा बहुत ना पड़ेगा। भाई की शरीर पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### श्रीबालाजी शक्ति पीठ मंदिर पर सातवां होली महोत्सव धूमधाम से मनाया

**ठाकुरद्वारा।** श्रीबालाजी शक्ति पीठ मंदिर पर होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में संकट मोचन दरबार, यज्ञ और फूलो व गुलाल की होली का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रीबालाजी भक्तों ने पहुंचकर फूलो व गुलाल से होली मिलन समारोह सहित दरबार के बाद आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओ ने लंगर छका। ब्लाक क्षेत्र के गांव रामपुर बलभद्र में स्थित श्रीबालाजी शक्ति पीठ मंदिर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी होली के पावन पर उपलक्ष्य में एक संकट मोचन दरबार, संकट मोचन यज्ञ और श्री बालाजी भक्तों ने फूलो और गुलाल की होली खेली। इसके बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रीबालाजी भक्तों ने प्रसाद के रूप में लंगर छका। होली मिलन समारोह के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं पर गुलाल और पुष्प वर्षा की। भगवान श्रीबालाजी के भजनों के गुणगान से माहौल भक्तिमय हो गया।

# सीतापुर में हुई पत्रकार की हत्या के मामले में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### बिलारी प्रेस क्लब ने की मांग: मृतक के परिवार को आर्थिक रूप से एक करोड़ रुपए की मदद करे सरकार

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बिलारी प्रेस क्लब बिलारी के अध्यक्ष अफाक हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सोंपा गया। जिसमें सीतापुर में वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की निर्मम हत्या कर दी गई। जिसको लेकर हत्यारों को सख्त सजा और परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की गई है।

मंगलवार को एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सीतापुर में वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की दिनदहाड़े अज्ञात हमलावरों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई, जिसमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसको लेकर पत्रकारिता जगत में रोष व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ रुपए की मदद दी जाए। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा अधिनियम बनाया जाए, पत्रकारों व उसके परिवार को सुरक्षा बीमा सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इसके अलावा पत्रकारों को ऑल इंडिया टोल फ्री की सुविधा दी जाए। इस दौरान मुख्य रूप से आफाक हुसैन, अवधेश शर्मा, वारिस पाशा, सरफराज सैफी, अशोक शर्मा, मोहम्मद आसिफ



कमल, मुशाहिद हुसैन, सुरजन सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, मोबीन अहमद, हिलाल अकबर, राजकुमार कश्यप, तिलकराज चांदना, सनी सिंह, विजय कुमार आदि सहित अनेक पत्रकारगण मौजूद रहे।

## चुनावी प्रक्रियाओं में मजबूती को लेकर चुनाव आयोग ने पार्टी अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं से मांगे सुझाव

**चन्दौसी।** भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। राजनैतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए परस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। वहीं इससे पूर्व पिछले सप्ताह ईएसआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम 1960 चुनाव संचालन नियम 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश मैन्युअल और हैंडबुक (ईएसआई वेबसाइट पर) उपलब्ध ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# जनपद स्तरीय खेलकूद-वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित पीएम श्री विद्यालयों की एक दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद/ वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्टस स्टेडियम में किया गया। पीएम श्री स्कूलों के बच्चों ने उत्साह और जोश के साथ खेलों में भाग लिया। खेलो का शुभारंभ माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जलन के साथ हुआ। साथ ही पीएम श्री विद्यालय कांठ व कंपोजिट विद्यालय कांशीराम नगर के बच्चो द्वारा सरस्वती वंदना के साथ ही अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। खेलो में एथलेटिक्स,दौड़, कबड्डी, खो-खो, योगा, फुटबॉल, बालीबाल, बेडविंटन, टेनिस,शतरंज,कैरम आदि खेलो में अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चो को क्रीड़ा शपथ के साथ ही 50 मीटर बालिका वर्ग दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में 50 मीटर दौड़ में गौसिया प्रथम, आकांक्षा द्वितीय, प्रतिज्ञा तृतीय, बालक वर्ग में आरिश, कशिश व मोर्हित ने बाजी मारी ,व100 मीटर बालिका वर्ग में गौसिया, आकांक्षा व स्वाति ने बाजी मारी वहज बालक वर्ग में आरिश , अल्फेज व अनिकेत ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।100 मीटर जूनियर वर्ग में चेतन, रिहान व आरिश बालिका वर्ग में शव्वो चोटी व शिद्रा ने स्थान बनाया। 200 मीटर बालिका वर्ग में वंदना, तैयवा, संजू , बालक वर्ग में आलम, रिहान,आरिश , बालिका वर्ग मे आकांक्षा, खुशी व मेहरीन के साथ ही प्राथमिक स्तर बालक में अंकुश, फुरकान ने बाजी मारी। 400 मीटर बालिका वर्ग में छोटी प्रथम , तुलसी द्वितीय, दीपांशी तृतीय बालक वर्ग में शिवम प्रथम, रूवाईश, दीपांशु तृतीय रहे। खेलो व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य / एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह व बीएसए विमलेश कुमार ने विजेता बच्चों को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बोलते हुए एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह ने कहा कि खेलो को खेल भावना के साथ खेलते हुए इन्हें अपने जीवन का अंग बनाएं। बच्चें स्वस्थ जीवन शैली व सर्वांगीण विकास के खेलो को दिनचर्या में शामिल करके स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकते है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने पहली बार आयोजित प्रतियोगिता के लिए पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों को बधाई दी।

## विद्यालय के निकट कुत्ते ने छात्र को काटकर किया जख्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय राईभूड़ कंपोजिट विद्यालय में कुत्ते ने घुसकर छात्रा पर हमला कर काट कर घायल कर दिया । जिस पर तो शिक्षक घायल छात्र को लेकर दिलाई सरकारी अस्पताल पहुंचे तभी खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार ने विद्यालय परिसर मैं पहुंच कर छापा मारा दो अध्यापकों की जानकारी अन्य शिक्षकों द्वारा देने के बावजूद भी खंड शिक्षा अधिकारी ने अनुपस्थिति दर्ज कर दी । इसकी जानकारी अन्य शिक्षकों मिलने पर शिक्षक भड़क गए । शिक्षकों का कहना था कि सारी जानकारी देने के बावजूद भी खंड शिक्षा अधिकारी ने महेश कुमार प्रधानाध्यापक,रविन्द्र कुमार सहायक अध्यापक,मौ. आसिफ सहायक अध्यापक,एकता रानी सहायक अध्यापिका और अवनीश कुमार सहायक अध्यापक को पोर्टल पर





अनुपस्थित दिखाया है। सारे अध्यापक खंड शिक्षा अधिकारी के सामने विद्यालय में उपस्थित थे उसके बावजूद भी उन्होंने उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर नहीं करने दिए । जबकि फोटो में अध्यापक खंड शिक्षा अधिकारी के साथ नजर आ रहे हैं। तथा अध्यापकों को उपस्थित नहीं लगाने दी तथा और शिक्षकों पर झूठा आरोप लगाया कि तुमने मेरे ड्राइवर को धमकाया है जो शिक्षकों का आर्थिक और मानसिक शोषण करते हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ठाकुरद्वारा के खंड शिक्षा अधिकारी के इस अभद्र व्यवहार की निंदाकरता है और यदि ये अपने व्यवहार में परिवर्तन नहीं लाते हैं तो उनके कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# तरावीह की नमाज के दौरान कुरान सुनना एक सुन्नत है, और पूरे महीने तरावीह पढ़ना दूसरी सुन्नत है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शैखुल हदीस मुफ्ती जईम अहमद कासमी नसीमी ने सराय पुख्ता मरकज वाली मस्जिद में रोजाना तीन सिपारे पढ़कर तरावीह की नमाज में कुरान मुकम्मल किया, जिसे हाफिज सईद अहमद ने सुना। कुरान की तिलावत पूरी होने के अवसर पर बोलते हुए मुफ्ती जईम अहमद ने कहा कि अल्लाह ने एक सुन्नत पूरी करा दी है, जो कि तरावीह की नमाज में पूरा कुरान पढ़ना है, लेकिन एक सुन्नत, जो कि रमजान के पूरे महीने तरावीह अदा करना है, अभी भी बाकी है। सभी मुसलमानों के लिए ईद का चाँद दिखने तक तरावीह की नमाज जारी रखना जरूरी है हदीस में कहा गया है: पवित्र कुरान को जानें और फिर उसका पढ़े । इसलिए, जो व्यक्ति पवित्र कुरान को सीखता है और उसकी तिलावत करता है और तहज्जुद में उसे पढ़ने के लिए खड़ा होता है, उसका उदाहरण कस्तूरी से भरे थैले के समान है, जिसकी खुशबू पूरे घर में फैल जाती है। जिसने कुरान सीखा लेकिन रात को खड़ा नहीं हुआ और लेट कर सो गया, उसका उदाहरण कस्तूरी की एक थैली के समान है जिसका मुंह बंद है। इस अवसर पर मुफ्ती नजीम अहमद, मौलाना शहादत, हाफिज मुहम्मद असलम, हाफिज सईद अहमद, हाफिज मुहम्मद फरहान, हाफिज मुहम्मद फुरकान, हाफिज मुहम्मद सलमान, हाफिज मुहम्मद अदनान, हाफिज मुहम्मद साजिद, हाफिज मुहम्मद सादिक, हाफिज मुहम्मद जुनैद, हाजी अशरफ अली, हाजी आसिफ अली, डा. रिजवान अहमद, आरिफ अली, नौशाद एडवोकेट, हाजी कौसर अली, हाजी मुहम्मद इकबाल सिराज फारूकी, मुहम्मद हुसैन फारूकी, नवाब अली, मुहम्मद ओवैस कुरैशी, महफूज, मुहम्मद मुदस्सर, मुहम्मद उमैर भोरा, मुहम्मद इरफान, नबी जान, मुहम्मद तकी, मुहम्मद फैजान फारूकी, मुहम्मद फरमान, अनीस अहमद, मुहम्मद परवेज सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महिला के खिलाफ मौहल्ले के लोगों ने दी तहरीर

**चन्दौसी।** पक्का कटरा कैथल गेट में बाहर से आकर रह रही महिला के विरुद्ध मौहल्ले वाले लामबंद हो गये जिसकी तहरीर कोतवाली में दी गयी है। मौहल्ले वालों ने गलत धंधे का आरोप लगाया है, जब कोई शिकायत करता है तो फोन पर पुलिस को बुलाकर झूठे मुकदमे लगाने की बात कर डरा देती है। उक्त घर में पूरे दिन अनजान लोगों का आना जाना लगा रहता है। महिला बाहरी बतायी जा रही है। पति संतोष शर्मा लेकर आया था, वह ड्राईवरी करता है। एड. प्रतीक शर्मा ने बताया कि मौहल्ले के लोगों ने जब उसके पति संतोष को बताया तो उसने कहा कि तुम सब लोग मेरी पतनी को बदनाम करने पर तुले हो। हालांकि मौहल्ले वालों ने कैथल गेट चौकी पर शिकायत की तो कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# संयुक्त शिक्षा निदेशक को दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**मुरादाबाद ।** यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल आफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद मंडल से मुलाकात कर पद सृजित करने की मांग उठाते हुए एक ज्ञापन सोपा। यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल आफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल डीआइओएस कार्यालय पहुंचा । संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद मंडल कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और संयुक्त शिक्षा निदेशक जेडी को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि संभल बीएसए में एक स्टेनो एक प्रधान सहायक व दो वरिष्ठ सहायक एक कनिष्ठ सहायक व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक आशुलिपिक तीन प्रधान सहायक पांच वरिष्ठ सहायकएक कनिष्ठ सहायक के पद मानक के अनुसार नियुक्ति की जानी चाहिए । व इतना ही नहीं , नवीन राजकीय इंटर कालेज में वरिष्ठ सहायक के पद पर भी नियुक्ति की जानी चाहिए। उन्होंने कहा की विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लिपिक नहीं करना चाहिए । उन्होंने कहा हमारी सभी मांग जल्द से जल्द पूरी की जानी चाहिए । राजेश शर्मा , याकूब अली , सुरेश बन, अतुल रस्तोगी , शुभम शर्मा , सचिन प्रभाकर, विनेश कुमार , संदीप कुमार , संजय चौहान , जाहिद अली आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** मंगलवार को उप निरीक्षक कपिल कुमार ने न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुरद्वारा की कोर्ट में सुनवाई में गैरहाजिर चल रहे गांव अक्का भीखनपुर निवासी युनूस उर्फ अनस पुत्र आशक अली को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया।

अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।आरोपी के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तार वारंट जारी किए थे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 344-DRM-MB-24-25 dt. 10.03.2025 | 346-DRM-MB-24-25 dt. 10.03.2025 |
|---|---|---|
| Name of Work | Supply of ballast on cess in MB-CH & CH-HGJ sections under Sr.DEN/HQ/MB. | Development and provision of office complex, boundary wall and sanitation work in STM workshop in south Colony/MB in the section of ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date / Time | 04.04.2025 | 04.04.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,96,39,500.00 | 1,17,03,100.14 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,48,200.00 | 2,08,500.00 |
| Tender Cost (Rs.) | - | - |
| Bidding Start Date | 21.03.2025 | 21.03.2025 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.03.2025 767/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खादी ग्रामोद्योग सेवा निकेतन

सिरवासुचन्द पोस्ट कासमपुर गढ़ी बिजनौर उत्तर प्रदेश-246722

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रुई 10000.00 किलो तथा धुनी ऊन कुन्तल 5435.00 किलो की आवश्यकता हैं। इच्छुक पार्टियां टेंडर भरने का कष्ट करें। टेंडर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती हैं। टेंडर भरने की तिथि 28.03.2025 की शाम 5.00 बजे तक होगी।

**सचिव-कमल कुमार**
**मोबईल नंबर 9719928077**

## ग्रामोद्योग विकास समिति भायपुर

कार्यालय ग्राम नरायनपुर पोस्ट शरीफनगर ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश-244601

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रुई 5335.00 किलो तथा धुनी ऊन कुन्तल 2175.00 किलो की आवश्यकता हैं। इच्छुक पार्टियां टेंडर भरने का कष्ट करें। टेंडर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती हैं। टेंडर भरने की तिथि 28.03.2025 की शाम 5.00 बजे तक होगी।

**सचिव-गौरव कुमार**
**मोबईल नंबर 9012475509**

## खादी निकेतन समिति रतुपुरा

कार्यालय ग्राम रतुपुरा पोस्ट रतुपुरा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश-244601

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रुई 4000.00 किलो तथा धुनी ऊन कुन्तल 2175.00 किलो की आवश्यकता हैं। इच्छुक पार्टियां टेंडर भरने का कष्ट करें। टेंडर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती हैं। टेंडर भरने की तिथि 28.03.2025 की शाम 5.00 बजे तक होगी।

**सचिव-सचिन कुमार**
**मोबईल नंबर 9528097700**

# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर डे-नाइट मैच होगा

● ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच होस्ट करेगा मेलबर्न, मार्च-2027 में खेला जाएगा मुकाबला



■ 1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 में खेला गया था

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के सबसे पुराने क्रिकेट प्लेइंग नेशन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट के 150 साल पूरा होने पर खेले जाने वाला मैच डे-नाइट होगा। यह एकमात्र टेस्ट 11 से 15 मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के ऐतिहासिक मैदान में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एनाउंस किया मेंस टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पर टेस्ट मैच पिंक बाल से खेला जाएगा।1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 का टेस्ट लाल गेंद से एमसीजी में खेला गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया सीईओ टाड ग्रीनबर्ग ने कहा, श्यह अवसर खेल के विकास को बढ़ावा देगा। एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होंगे। डे-नाइट टेस्ट इसका रोमांच और बढ़ा देगा। ॅडब्ल्यूटीओ का पार्ट नहीं होगा मैच ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के यह मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगा, लेकिन यह 2027 सेशन के 12 टेस्ट मैचों में से एक होगा, जिसमें श्रीलंका में 3, न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और भारत में 5 टेस्ट शामिल होंगे। इस साल ऑस्ट्रेलिया की टीम एशेज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भाग लेगी। 7 महीने पहले पूर्व सीईओ निक हाकले ने जानकारी दी 7 महीने पहले सितंबर में यह जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बृ॰ निक हाकले ने दी थी। उन्होंने कहा था, श्मार्च-2027 में एमसीजी में 150वीं एनिवर्सरी टेस्ट विश्व के महान खेल में से एक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ फार्मेट का उत्सव होगा। हम उस ऐतिहासिक अवसर पर इंग्लैंड की मेजबानी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।श हाकले ने कहा कि हमें लान्ग टर्म मेजबानी का ऐलान करते हुए खुशी हो रही है, जो अगले 7 साल में कुछ शानदार क्रिकेट मैचों के स्थान निश्चित करते हैं। यह शेडड्ूल तय करता है कि देश भर में सही समय पर बेस्ट प्लेस में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला जाएगा। 100 साल पूरा होने पर भी हुआ था मैच, ऑस्ट्रेलिया जीता टेस्ट के 100 साल पूरा होने पर भी इन दोनों टीमों के बीच इसी मैदान पर टेस्ट मैच खेला गया था। 1977 में खेले गए उस मुकाबले को ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। 1877 में हुए पहले टेस्ट मैच को भी ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। क्रिकेट की सबसे पुरानी सीरीज एशेज भी इन दो देशों के बीच खेली जाती है। सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में ही होगा 2030-31 सीजन तक हुए इस समझौते के अनुसार, अगले 7 साल तक बाक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न में होगा। इतना ही नहीं नए साल का टेस्ट सिडनी में ही खेला जाएगा। क्रिसमस से तुरंत पहले का टेस्ट ऐडिलेड, जबकि सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में आयोजित होगा, हालांकि पर्थ ने सिर्फ अगले 3 साल के लिए ही क़रार किया था। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल का एशेज पारंपरिक गाबा, ब्रिस्बेन की मैदान की जगह पर्थ में आयोजित होगा। 2032 के ओलिंपिक को देखते हुए गाबा के स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान वहां बहुत कम टेस्ट होंगे।

# टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर स्पेशल कैंसलेशन जारी

■ स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम




**मुंबई, वार्ता।** भारतीय डाक विभाग ने भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर मंगलवार को स्पेशल कैंसलेशन जारी किया है, इसमें भारत का विजयोत्सव लिखा हुआ है। महाराष्ट्र सर्कल के मुख्य डाक महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने कहा कि यह स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाया गया है।

2 दिन पहले 9 मार्च को भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराते हुए चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीता था। टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की है। टीम ने इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीता है। भारतीय डाक विभाग के महाराष्ट्र सर्कल ने यह कैंसलेशन जारी किया। भारतीय डाक विभाग खास मौकों पर अपने स्पेशल कैंसलेशन जारी करता है। यह डाक टिकट कलेक्टर्स और क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास है। कैंसलेशन मुंबई जीपीओ में जनता के लिए उपलब्ध है, जिससे क्रिकेट और डाक प्रेमी इसे एक यादगार संग्रह के रूप में अपना सकते हैं। स्मारक टिकट-खास आयोजन, वर्षगांठ और हस्तियों के सम्मान में जारी किए जाते हैं। निश्चित टिकटरू रोजाना मेलिंग के लिए जारी किए जाते हैं। स्पेशल टिकट: डाक टिकट कलेक्टर्स या चैरिटी के लिए जारी किए जाते हैं।

इंडिविजुअल्स टिकटरू अपनी खुद की छवि या डिजाइन के साथ बनवाए जा सकते हैं। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टास जीतकर बैटिंग की और 251 रन बनाए। भारतीय टीम ने 252 रन का टारगेट 49 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने 76 रनों की पारी खेली। उन्होंने शुभमन गिल के साथ 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

# पाक के खिलाफ टी-20 सीरीज में कप्तान बने ब्रेसवेल



■ ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर की जगह लेंगे

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ'रूर्के पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे। टीम का कप्तान बनाये जाने पर ब्रेसवेल ने कहा कि अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा। पाकिस्तान के साथ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है: माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी। पहला टी-20 मैच 16 मार्च रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में, दूसरा मैच 18 मार्च मंगलवार को डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल में, तीसरा मैच 21 मार्च शुक्रवार को ऑकलैंड ईडन पार्क, चौथा मैच 23 मार्च रविवार को टॉरंगा बे ओवल में तथा पांचवां टी-20 मैच 25 मार्च बुधवार को वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम में खेला जायेगा।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पोली, ब्री और फ्लोरा को टीम में शामिल किया




गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट कहा कि गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी। हम उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है। जेन्सन और जेम्स दोनों को एकदिवसीय सीरीज से पहले चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पायी हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी इजी, हेले और बेला के लिए दुखी हैं।

यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है। उन्होंने कहा ब्री और पॉली ने अपने एकदिवसीय करियर की शुरुआत बहुत सकारात्मक तरीके से की। मुझे दोनों पर पूरा विश्वास है। वे अगली चुनौती के लिए तैयार हैं। फ्लोरा ने घरेलू स्तर पर ऑलराउंड क्षमता दिखाई है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 14 मार्च को क्राइस्टचर्च में होगा। दूसरा मैच 16 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद तीसरा मैच 18 मार्च को डुनेडिन होगा।

## खेल विशेष

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद सामने आई श्रेयस अय्यर की पीड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया कि पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी दिलाने के बावजूद उन्हें वह पहचान नहीं मिली, जिसकी वह उम्मीद कर रहे थे। इस साल, अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे, जिन्होंने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। श्रेयस अय्यर ने कहा किमैंने व्यक्तिगत तौर पर महसूस किया कि आईपीएल जीतने के बाद मुझे वह पहचान नहीं मिली, जिसकी मैं उम्मीद कर रहा था। लेकिन अंत में, जब तक आपके अंदर आत्म-सम्मान है और आप सही काम करते रहते हैं, तो यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। मैं यही करता रहा। पिछले साल, अय्यर आठवें कप्तान बने, जिन्होंने आईपीएल ट्रॉफी जीती। उन्होंने केकेआर को तीसरी बार चौंपियन बनाया और सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में हराया। हालांकि, तीन सीजन तक फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहने के बाद भी केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया। इसके बाद, पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो आईपीएल इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी बोली थी। पंजाब किंग्स अय्यर का आईपीएल में तीसरा फ्रेंचाइजी होगा और यह उनकी तीसरी लीडरशिप भूमिका भी होगी। उन्होंने 2015 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ आईपीएल की शुरुआत की थी और 2018 में उन्हें कप्तानी मिली। 2020 में, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया। श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 243 रन बनाए और न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्रा के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 2024 में एक शानदार साल गुजारा है। वह मुंबई टीम का हिस्सा थे।

# सरकार ने कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन हटाया

■ घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हुआ

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर से बैन हटा लिया। जिससे घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया है।

अब तक स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया और एडहाक कमेटी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभाल रही थी। मंत्रालय ने साल 2023 में अंडर-15 (न-15) और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के लिए डब्ल्यूएफआई को 24 दिसम्बर को बैन कर दिया था। दरअसल साल 2023 में 21 दिसम्बर को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष बनने के बाद संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के क्षेत्र में नेशनल जूनियर के नेशनल चैंपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद 24 दिसम्बर को खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को बैन कर दिया। बृजभूषण सिंह के खिलाफ 2023 जनवरी में महिला पहलवानों ने जंतर-मंतर पर दिया था धरना साल 2023 में 16 जनवरी को ओ. लिंपिक मेडलिस्ट साक्षी महिल, विनेश फोगाट सहित कई महिलाओं पहलवानों ने उस समय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाते हुए जंतर मंतर पर धरना शुरू किया था। उनके समर्थन में ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया भी धरने में शामिल हुए थे। उस समय खेल मंत्रालय के आश्वासन के बाद पहलवानों ने धरना खत्म कर दिया था और फिर से अप्रैल में धरना प्रदर्शन किया था। साल 21 अप्रैल को महिला पहलवानों ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ दी थी शिकायत 21 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली, कनाट प्लेस के एसएचओ को संबोधित करते हुए 6 लोगों के नाम के पत्र मिले थे। इन 6 नामों में कुश्ती की कई जानी-मानी खिलाड़ियों के नाम थे। इन सभी शिकायतकर्ताओं ने तब डब्ल्यूएफआई के प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह और उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर पर यौन शोषण का आरा.ेप लगाया था। इन शिकायती पत्रों में पिछले करीब 8 से 9 सालों में अलग-अलग मौकों पर यौन शोषण की बात लिखी मिली। इसके अलावा शिकायत करने वाली पहलवानों ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले ही युवा और खेल मंत्रालय में शिकायत की है। इसकी जांच के लिए वहां एक ओवरसाइट कमेटी का भी गठन किया गया। मामले में थ्प्ट दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई थी। संजय सिंह के जीतने बाद साक्षी मलिक ने लिया था संन्यास और बजरंग पूनिया ने पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिया था साल 2023 में 22 दिसम्बर को बजरंग पूनिया ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव में बृजभूषण सिंह के समर्थक संजय सिंह के अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद अपना पद्मश्री पुरस्कार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था। वहीं 21 दिसम्बर को साक्षी मलिक ने संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मेज पर जूते रखकर कुश्ती छोड़ने का ऐलान किया था। साल 2023 में 21 दिसम्बर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद साक्षी मलिक ने संन्यास की घोषणा की थी। संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद बजरंग पूनिया ने पद्मश्री अवार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था।

# गढ़वाल ने जुबा संघा को हराकर जीता फुटसल लीग खिताब

● गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल रहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** गढ़वाल यूनाइटेड ने दिल्ली फुटसल महिला लीग के फाइनल मुकाबले में जुबा संघा को 4-1 से हरा कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इंदिरा गाँधी केडी जांधव इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में अनुभवी खिलाडियों से सुसज्जित गढ़वाल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सनफिदा नॉन्गरोम, श्रुति कुमारी, लीडिगी किम और थीमलालजी रूबी ने एक एक गोल किए।

वहीं जुबा संघा की ओर से एकमात्र गोल निधि ने किया। गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल और सूझबूझ रही तो युवा संघा के खेल में अनुभव की कमी दिखी जिसके कारण उसने हार का सामना करना पड़ा। गढ़वाल की सनफिदा को प्लेयर ऑफ द लीग, फैंग्रेसी रीवान को टॉप स्कोरर और ईमी की एलिश को श्रेष्ठ गोल कीपर का सम्मान मिला। इस अवसर पर डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



# शापोवालोव को हराकर अल्काराज इंडियन वेल्स के चौथे दौर में

कैलिफोर्निया, वार्ता। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कनाडा के डेनिस शापोवालोव को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां 38 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज ने कनाडाई खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से मात दी। यह अल्काराज की लगातार 14वीं जीत है। बुधवार को अल्काराज का सामना नंबर 14 सीड ग्रिगोर दिमित्रोव और गेल मोनफिल्स के होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# केएल राहुल ने ठुकराया कप्तानी का ऑफर

■ दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, इन्कार कर दिया

**मुंबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी से लौटते ही केएल राहुल ने कप्तानी को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। राहुल का ये फैसला आईपीएल कप्तानी से जुड़ा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी करने का ऑफर ठुकरा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मानने से उन्होंने इन्कार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल ने कप्तानी का प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा कि वो ज्यादा से ज्यादा बतौर खिलाड़ी टीम के लिए अपना योगदान देना चाहते हैं। केएल राहुल के कप्तानी से इन्कार करने के बाद अब ऐसे कयास लग रहे हैं कि अक्षर पटेल दिल्ली फ्रेंचाइजी की कमान संभाल सकते हैं।

क्योंकि, कप्तानी को लेकर असली जद्दोजहद इन्हीं दो नामों के बीच थी। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल को आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में 14 करोड़ रुपये की बोली लगाकर खरीदा था। चूंकि राहुल के पास आईपीएल में पहले कप्तानी करने का अनुभव रहा है। 2020-21 में वो पंजाब किंग्स और 2022 से 2024 तक वो लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान रहे थे। ऐसे में जब वो दिल्ली से जुड़े तो कप्तानी की रेस में उनका नाम सबसे आगे चला, लेकिन, अब जैसा कि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वो सिर्फ बतौर खिलाड़ी ही खेलना चाहते हैं, राहुल का ये फैसला भी दिल्ली के लिए काम कर सकता है। आईपीएल में राहुल सबसे कंसिस्टेंट परफार्मेन्स करने वाले खिलाड़ियों में एक रहे हैं। उन्होंने 2018 से 2024 तक खेले आईपीएल के 7 सीजंस में से 6 में 500 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं।

# आईपीएल में 27 करोड़ कमाने वाले पंत ने क्यों कहा: टीम युवा क्रिकेटर देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान दें:ऋषभ पंत

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि आईपीएल का आकर्षण होना लाजमी है, लेकिन युवा क्रिकेटरों को देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि अगर आपका लक्ष्य भारत के लिए खेलना है, तो बाकी चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। पंत ने जिओ हाटस्टार को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'बचपन से मेरा सपना सिर्फ भारत के लिए खेलना था। मैंने कभी आईपीएल के बारे में नहीं सोचा। हां, आईपीएल एक बड़ा मंच है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य देश के लिए खेलना है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।' 27 साल के ऋषभ पंत ने 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। वह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे, हालांकि उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सोचता था कि मुझे भारत के लिए खेलना है। ईश्वर की ख्रपा से मुझे 18 साल की उम्र में ये मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।' पंत को उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और एक हाथ से छक्का मारने के लिए जाना जाता है। अक्सर उनका बल्ला हाथ से छूट जाता है।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण

## पत्रावलियों को सुव्यवस्थित रखने व बेहतर साफ-सफाई के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज ने आज कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय में पत्रावलियों को चौक किया और पत्रावलियों को सुव्यवस्थित तरीके से रखने एवं ऑनलाइन व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त अभिलेखागार, डीएलआरसी कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार, विशेष अध्याप्ति कार्यालय, नगर जिला भूलेख अधिकारी कार्यालय, जिला निबंधक कार्यालय, सहित अन्य कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। नगर भूमि सीमारोपण कार्यालय में पुराने नक्शों को जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नगर को एक टीम बनाकर पुराने नक्शों को ऑनलाइन करवाकर रिकार्ड रुम में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटल सहायकों को पत्रावलियों का अच्छे से रख-रखाव के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त अभिलेखागार में साफ-सफाई करने एवं खराब हो रहे बस्तो को सही ढंग से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने फायर अलार्म और विद्युत वायरिंग को सही करवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखागार में पत्रावली कक्ष में बस्तों पर नये कपड़े लगवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब



चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर सुश्री ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जितेन्द्रपाल, सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती किंशुक श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण व पटल सहायक उपस्थित रहें।

# वकीलों से अभद्र व्यवहार किए जाने के चलते हुआ हंगामा, आज से रहेगा एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार

**कांठ (शाह टाइम्स)।** एसडीएम के स्टेनो शराफत हुसैन और अधिवक्ताओं के बीच भाषा को लेकर विवाद हो गया मामला एसडीएम के सामने पहुंचा तो वहां भी स्टेनो ने बदतमीजी की हदें पार कर दी जिससे दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति बन गई।

स्टेनो के व्यवहार से नाराज होकर वकीलों ने स्टेनो का तबादला कराए जाने तक कोर्ट के कार्यों के बहिष्कार का ऐलान किया है। जबकि स्टेनो ने वकीलों पर आए दिन उसके साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप भी लगाया है। वरिष्ठ अधिवक्ता डॉक्टर विनीत नैन किसी कार्य के लिए स्टेनो शराफत हुसैन के पास गए थे आरोप है कि स्टेनो ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी वह वापस आए और बार में अपनी बात रखी बताया गया कि एसडीएम से बात करने के लिए जैसे ही अधिवक्ता उनके चेंबर में पहुंचे तभी स्टेनो ने उनसे अभद्रता करनी शुरू कर दी, और यह अभद्रता अधिकारियों के सामने भी जारी रही स्टेनो ने, तहसील बार के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब को भी खरी खोटी सुनानी शुरू कर दी। अधिवक्ताओं ने इस मामले में एसडीएम से स्टेनो के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और यहां से तबादला कराए जाने की मांग उठाई जिस पर एसडीएम संतदास पवार ने विचार कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जबकि स्टेनो का कहना था कि वकीलों का उनके प्रति शुरू से ही व्यवहार अच्छा नहीं है वकील आए



दिन उनसे अभद्रता करने की कोशिश करते हैं और आज यदि वह अपने चौंबर से बाहर आता तो उसके साथ हाथापाई भी हो सकती थी कुल मिलाकर एसडीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया लेकिन अधिवक्ताओं ने स्टेनो का तबादला होने तक एसडीम कोर्ट के न्यायिक कार्यों के बहिष्कार की प्रेस को विज्ञप्ति जारी की है।

## एक नजर

### परीक्षा देकर बुलेट से लौट रहे छात्रों की बाइक को किया पुलिस ने सीज, छात्रों ने तहसील पहुंचकर लगाई बाइक दिलाने की गुहार

**कांठ( शाह टाइम्स )** परीक्षा देकर स्कूल से निकले छात्रों को आज पुलिस ने निशाना बना लिया और कागज ना होने पर बाइक को सीज कर दिया बताया गया कि थाना छजलेट क्षेत्र के गांव बीबीपुर सराय खजूर के बच्चे धर्म



सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ते हैं जिनका परीक्षा केंद्र डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ को बनाया गया है आज बच्चे परीक्षा देने के लिए यहां आए थे जैसे ही परीक्षा खत्म हुई तो एक परीक्षार्थी बुलेट से मिस फायर करता हुआ निकला जिसे आगे पुलिस ने रोक लिया बाइकर्स के पास ना डीएल था और ना ही कोई कागज थे। पुलिस ने बाइक को सीज करते हुए उसका 20 हजार का चालान काट दिया। छात्रों का कहना था कि उन्होंने बाइक से कोई मिस फायर नहीं किया है वह कोई और लड़का था लेकिन पुलिस ने नाबालिक को बाइक चलाने किसी प्रकार के डॉक्यूमेंट ना दिखाने हेलमेट ना पहने आदि को लेकर चालान काट दिया छात्र तहसील पहुंचे और उन्होंने बाइक वापस दिलाने की मांग उठाई लेकिन इस मामले में वहां पर भी उनकी कोई मदद नहीं कर सका जिससे छात्र मायूस होकर लौट गए।

### सिंचाई विभाग की मासिक बैठक में अपूर्ण कार्यों की समीक्षा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक का आयोजन उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई मान नगर के ट्यूबवेल 176 एजी की पाइपलाइन का कार्य शुरू



किए जाने की जानकारी दी गई तुमड़िया डेम से संचालित रोशनपुर नहर के पसियापुर में मरम्मत का कार्य प्रारंभ होना बताया गया। महमूदपुर रजवाहा का अगवानपुर कोकरपुर से गांगन नदी तक खुदाई का काम भी शुरू किए जाने की जानकारी दी गई बताया गया कि नहरों में पानी रोस्टर के मुताबिक दिया जा रहा है। चार नलकूप यांत्रिक दोष एवं सात विद्युत दोष के कारण बंद पाए गए जिन्हें एक सप्ताह में चालू किए जाने का भरोसा दिलाया गया।

बैठक में अभियंता आशीष कुमार लाल, कृषि विभाग से एडियो अमित कुमार राकेश कुमार जितेंद्र कुमार सहायक अभियंता कुमारी पूजा सहायक अभियंता श्रद्धा भट्ट कुमुद राजपूत कुलदीप सिंह राणा मन बिंदर सिंह दिनेश सैनी तथा आकिल अली मौजूद रहे। संचालन अधिशासी अभियंता नलकूप खंड नीरज कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

### कॉलेज की लापरवाही का छात्र भुगत रहा नतीजा, जिला अधिकारी से की शिकायत

**कांठ( शाह टाइम्स )** कॉलेज की लापरवाही के चलते छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह गया छात्र के भाई ने जिला अधिकारी से शिकायत कर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना छजलैट के गांव कुरी रवाना निवासी सलमान पुत्र जमील का भाई नौशाद का एडमिशन राधा कृष्ण कॉलेज में डी फार्मा में कराया था जिसमें उसने 1लाख 30 हजार फीस के जमा कर दिए इसके बाद भी एक्टिविटी के नाम पर लगभग 15 हजार छात्र से और जमा कराए गए लेकिन कॉलेज के द्वारा छात्रवृत्ति का फॉर्म फॉरवर्ड नहीं किया गया जिससे छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह गया। इस कारण 2022-23 में नवीकरण भी नहीं करा पाया, छात्र का आरोप है कि प्रधानाचार्य के कहने पर छात्र ने परीक्षा की कॉपी में मोबाइल नंबर लिख दिया जिससे परीक्षाफल में बैक आ गई उसे दोबारा शुल्क जमा कर परीक्षा देनी पड़ी, छात्र के भाई ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### दहेज उत्पीड़न में पति सहित कई के खिलाफ मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति सास ससुर देवर आदि के खिलाफ मामला दर्ज किया है नगर निवासी अलका की शादी 3 साल पहले जनपद मेरठ के थाना इचौली के गांव मसूरी में हुई थी जिसमें उसके पिता ने काफी रुपए खर्च किए आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद ही उसका पति कुश काकरान पुत्र अशोक कुमार ससुर अशोक कुमार पुत्र तेजपाल सास अनीता देवर लव चचेरी नंद लवी आदि ने दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया और आए दिन कम दहेज लाने को लेकर ताने देते हुए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे, पति भी शराब पीकर उसके साथ मारपीट करके उसे कई दिनों तक भूखा रखने लगा। दहेज में ससुराल वाले 10 लाख रुपए और एक क्रेटा कार की और मांग कर रहे थे।

पीड़िता ने ससुर पर भी उस पर गलत नजर रखने का आरोप लगाया बताया गया कि इस बात के तनाव में कुछ दिन बाद ही उसके पिता की मृत्यु भी हो गई इसके बाद ससुरालियों का व्यवहार उसके खिलाफ और क्रूर हो गया और एक दिन ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची और परिजनों को इस मामले की जानकारी दी पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दहेज लोभी ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# एनडीए का हिस्सा बनकर चौधरी चरण सिंह के सपनों को करेंगे साकार: अभिनय

**कांठ( शाह टाइम्स )** लोक दल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने भूड़ मंदिर पर आयोजित स्वागत समारोह में कहा कि एनडीए का हिस्सा बनकर लोक दल चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने का काम करेगा उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान के खेत की सबसे पिछली पंक्ति में बैठे हुए आदमी की बात किया करते थे और उन्होंने ही किसान के उत्थान के लिए काम किया यही काम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर रहे हैं हर घर जल हर घर नल और हर घर मुफ्त का राशन देकर वह भी देश के सबसे पिछली पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए काम कर रहे हैं। जिसका लाभ जाति धर्म से हटकर हर कमजोर वर्ग को मिल रहा है इसलिए राष्ट्रीय लोक दल एनडीए का हिस्सा है उन्होंने कहा कि चौधरी अजीत सिंह ने जगह-जगह गन्ने की मिले लगवा कर किसानों के गन्ने की फसल के दाम बढाने का काम किया है। और जयंत चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी उन्हें दी है इसे वह पूरी तरह निभाने का काम करेंगे उन्होंने कांठ के युवाओं से उनके साथ जुड़कर समाज के लिए, क्षेत्र के लिए किसान के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी समाज हित में उनके द्वारा कई तरह के काम किए जा



चुके हैं लेकिन अगर कोई अधिकारी किसी व्यक्ति का काम करने से मना करता है तो वह अपने सही काम को लेकर उनके पास आए वह उसे पूरा करने का काम करेंगे। मास्टर धर्मपाल सिंह राजवीर सिंह गुर्जर सहित कई लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए संचालन मोनू बिश्नोई और अखिलेश चौहान का रहा आभार कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर निष्कर्ष बिश्नोई ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय किसान यूनियन ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील में किया प्रदर्शन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** राष्ट्रीय किसान यूनियन के पदाधिकारीयो ने आज किसानों की दो सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह देवल के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शन करते हुए बताया कि आवारा पशुओं द्वारा किसानों की खेती पर भारी नुकसान किया जा रहा है सरकार द्वारा उनकी कोई स्थाई व्यवस्था नहीं की जा रही दूसरा मामला स्मार्ट मीटर को लेकर था कहा गया कि जब किसान ही अभी स्मार्ट नहीं हुआ तो स्मार्ट मीटर का संचालन वह कैसे कर सकता है किसानों ने इस मामले को लेकर विरोध जताया और कहा कि सरकार आवारा पशुओं की स्थाई व्यवस्था करें और स्मार्ट मीटर की जगह पहले से चल रहे मीटरों से ही विद्युत सप्लाई करने का काम करें।



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति होगी होली के बाद

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जनपद में आंगनबाड़ी के 362 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इन पदों के लिए कुल 14,533 आवेदन आए हैं। चयन मेरिट और आरक्षण के आधार पर होगा, जिससे भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहेगी।भर्ती प्रक्रिया के बीच नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दलाल सक्रिय हो गए हैं। जानकारी मिली है कि वे गांव-गांव घूमकर आवेदकों को भ्रमित कर रहे हैं। कई गांवों में उन्होंने प्रपत्र भी इकट्ठा किए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी के झांसे में न आएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) जानकी देवी ने भी सभी को दलालों से सावधान रहने की अपील की है। जिला कार्यालय पर दो ब्लाक की आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन के लिए मंगाए गए थे, जिससे कार्यालय में दिनभर भीड़ लगी रही। अभी जाति प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन जारी है। इसके बाद नियुक्ति समिति अंतिम निर्णय लेगी। सीडीओ सुमित यादव ने भरोसा दिया कि भर्ती प्रक्रिया में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी और नियुक्ति समिति निष्पक्षता से काम करेगीसइस बार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती में कई बदलाव किए गए है। पहले न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल थी, लेकिन अब इसे इंटरमीडिएट कर दिया गया है। सहायिका पद के लिए भी अव इंटरमीडिएट पास महिलाओं को ही प्राथमिकता दी जाएगी। आयु सीमा में भी बदलाव किया गया है। पहले यह 18 से 50 वर्ष थी, लेकिन अब इसे घटाकर 18 से 35 वर्ष कर दिया है। इससे कई महिलाओं को परेशानी हो सकती है, खासकर वे जो पहले सहायिका के रूप में कार्यरत थीं लेकिन शैक्षिक योग्यता के कारण प्रमोशन नहीं पा सकीं।। अब बच्चों को पोषण के लिए चना की जगह मूंग की दाल दी जाएगी। चार महीने बाद इस योजना के तहत पोषण सामग्री आ रही है। सरकारी गोदामों में राशन पहुंचने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इसे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के सहयोग से वितरित किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मूंग की दाल से बच्चों को अधिक पोषण मिलेगा और उनके शारीरिक विकास में मदद मिलेगी।

# वृद्ध आश्रम में जाकर आर्यांश ने अपने जन्मदिन की खुशी बांटी

## कई घंटे आश्रम में रहा उत्सव जैसा माहौल, सभी का भरपूर मिला आशीर्वाद

**बिलारी।** अक्सर लोग अपना दुख तो बांटते देखे जा सकते हैं परंतु ऐसे कम लोग ही मिलेंगे जो अपना सुख अथवा खुशी जरूरतमंदों के बीच जाकर बांटें। ऐसा ही एक उदाहरण प्रस्तुत किया है व्यापार मंडल बिलारी के अध्यक्ष संजय जैन ने। जो दिन रात बिना किसी स्वार्थ के बिना किसी राजनीति के व्यापारियों, जरूरतमंदों की सेवा के अलावा नगर और क्षेत्र के शांति सौहार्द और उन्नति के लिए कार्यरत रहते हैं। उनका पौत्र आर्यांश तीन वर्ष का हो चुका है उन्होंने घर के सदस्यों के साथ बैठकर विचार किया कि आर्यांश का जन्मदिन घर की चारदीवारी के अंदर मनाने की बजाय गवारखेड़ा गांव में रोहन सामाजिक द्वारा संचालित सामाजिक वृद्ध आश्रम में बेसहारा वरिष्ठ जनों के बीच क्यों ना मनाया जाए जिससे आश्रम का वातावरण भी खुशनुमा हो जाए? जैसे घर के मुखिया वैसे ही सदस्य होते हैं इस पर घर के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता के साथ इस पर सहमति दे दी और सभी नगलिया जट की टूटी-फूटी डामर रोड पर रास्ता तय करते हुए सामाजिक वृद्ध आश्रम ग्वारखेड़ा पहुंच गए जहां आश्रम के संस्थापक/ संचालक रोहन देव सामाजिक ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया और कुछ ही देर में जन्मदिन उत्सव आरंभ हो गया। वृद्ध जनों के बीच ही केक काटा सभी ने बोला,,,,हैप्पी बर्थडे टू यू आर्यांश,,,,, जन्मदिन का गीत भी गाया और आर्यांश के सर पर हाथ रखकर आशीष प्रदान किया। सभी को केक वितरण किया, मिष्ठान वितरण हुआ और भोजन कार्यक्रम चला। इस दौरान कई बुजुर्गों की आंखें भर आईं कि काश हमारे परिवार के बच्चे भी इसी तरह हमारे साथ जन्मदिन मनाते,,,,। लेकिन अब तो रोहन देव का आश्रम भी हमारा परिवार है और बिलारी क्षेत्र के सभी लोग जो हमारे हमदर्द हैं जो हमारे साथ अपनी खुशियां शामिल कर रहे हैं। इस दौरान कौशल जैन रीता जैन विनोद जैन सीमा जैन संजय जैन रेखा जैन शशांक जैन शिल्पी जैन अरिहंत जैन शगुन जैन, मिशिता जैन, रक्षित सिंह झरना सिंह, पंछी सिंह, चंदन डूडेजा राजपाल सिंह यादव, देवेंद्र कुमार, दुष्यंत चौहान आदि ने भी आर्यांश को भरपूर आशीर्वाद दिया। यहां काबिले गौर है कि आर्यांश ने अपने जन्म के साथ बहुत कष्टों का सामना किया था लेकिन परिवारीजनों ने साहस नहीं छोड़ा और उनका आगरा और राजधानी दिल्ली में बेहतर उपचार कराया। सभी के आशीर्वाद से अब वह स्वस्थ है,,मस्त है खूब खेलता है सबको खिलाता है। सभी उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# विधायक रामवीर सिंह ने वितरित किए दिव्यांगों को उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह के द्वारा155 राशन कार्ड तथा दिव्यांग. जनों को ट्राई साइकिल 55 तथा बिल चेयर 4 दी गई कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने बताया कि हर व्यक्ति को गरीबों की सेवा करनी चाहिए तथा जरूरत बंध की सेवा में तत्पर रहना चाहिए उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार मे महिलाओं को सम्मान वडा है तथा भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए कार्य कर रही उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार सबका साथ ओर सवका विकास के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह वीडियो कुंदरकी राजेंद्र सिंह एडियो पंचायत कुलदीप सिंह ग्राम सचिव प्रदीप राठी ग्राम सचिव विवेक सिंह ग्राम सचिव अंकित सिंह ग्राम सचिव रईस आलम सचिन राशिद हुसैन ग्राम सचिव इरशाद हुसैन ग्राम सचिव नरेश सिंह ग्राम सचिव राम प्रकाश ग्राम सचिव कुलबीर यादव ग्राम सचिव नरेश कुमार ग्राम सचिव नित्यानंद ग्राम सचिव सुरेंद्र सिंह ग्राम सचिव अनुज सिंह ग्राम सचिव सतीश सागर ग्राम सचिव राखी सागर बाबू दीपक कुमार सील प्रकाश आपूर्ति निरीक्षक विशाखा, कुंदरकी मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, रतनपुर मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मंडल महामंत्री संजय दिवाकर, बिजेंदर चौधरी सोनू रस्तोगी , शरद चौहान आदि उपस्थित रहे।



# सीओ की अध्यक्षता में शांति समिति की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** नगर पंचायत अगवानपुर में होली और माहे रमजान के मद्देनजर आज स्थानीय चौकी पर शांति समिति की एक बैठक, सीओ सिविल लाइंस की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें नगर के जिम्मेदार लोगों को बुलाया गया और त्यौहार को शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने के लिए चर्चा की गई,और सुझाव भी मांगे गए। इस अवसर पर बोलते हुए सीओ सिविल लाइंस ने सभी को निर्देशित किया कि वह कानून का पालन करें एवं किसी भी विवाद की स्थिति से बचें। जुम्मे की नमाज और होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाऐं । जुम्मे की नमाज और होली के त्यौहार पर चर्चा करते हुए जुमे की नमाज का समय 2:30 बजे निर्धारित किया गया है। होली की चौपाई का वक्त भी उसी के अनुसार सीमित कर दिया गया है। जो कि दोनों ही पक्षों द्वारा सर्वसम्मति से सुनिश्चित कर लिया गया।

सभा के अंत में सीओ सिविल लाइंस,थाना प्रभारी मनीष सक्सेना,एवं चौकी इंचार्ज सुनील राठी ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को होली और माहे रमजान की शुभकामनाएं दी। सभा में उपस्थित चेयरमैन गुलरेज खान, भाजपा युवा मोर्चा के अभिनव कुमार एवं सभी मस्जिदों के इमाम व गण माननीय व्यक्ति मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में प्रोजेक्ट, मॉडल, पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता और प्रदर्शनी 'इनोवाटिका' का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की ओर से प्रोजेक्ट, मॉडल, पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता और प्रदर्शनी "इनोवाटिका 2025' का आयोजन किया गया, जिसमें यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने शानदार पोस्टर और विज्ञान के मॉडल प्रदर्शित किये। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय एवं कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर फीता काटकर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में नई तकनीकों के सहारे आगे बढ़ा जा सकता है। उपस्थित अतिथियों ने भी विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल की सराहना करते हुए प्रदर्शनी की जमकर तारीफ की। प्रोजेक्ट की श्रेणी में डिप्लोमा मैकेनिकल, तृतीय वर्ष के छात्र हर्ष, हिमांशु कुमार, गुड्डू सागर द्वारा बनाए गए वायरलेस इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग को प्रथम स्थान, डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल, तृतीय वर्ष के छात्र अक्षय विश्नोई, नईम अहमद, मो. नजीर खान के द्वारा बनाए गए थ्री फेज ट्रांसमिशन लाइन को द्वितीय स्थान और डिप्लोमा मैकेनिकल, तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों अंजलि सागर, लकी कुमार, गौरव कुमार द्वारा बनाये गये स्मार्ट शेड क्लोथ्स लाइन एवं डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल के छात्र प्रशांत कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल प्रकाश, अवनीश कुमार द्वारा बनाए गए एलपीजी एवं अल्कोहल डिटेक्टर को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं मॉडल की श्रेणी में डिप्लोमा, सिविल तृतीय वर्ष के छात्र अब्दुल वाशीद, कौशेंद्र, मुशर्रफ अली द्वारा बनाए गए टावर ब्रिज को प्रथम स्थान, डिप्लोमा सिविल, द्वितीय वर्ष के ही आदर्श कुमार, अक्षय कुमार, अरजीत, रजत कुमार द्वारा बनाए गए वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को द्वितीय स्थान, डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल द्वितीय वर्ष के छात्र लकी, चिराग पवार द्वारा बनाये गये न्यूक्लियर पावर प्लांट एवं डिप्लोमा सिविल, तृतीय वर्ष के अभिषेक, अंशुल कुमार, कप्तान सिंह द्वारा बनाये गये अर्थक्वेक रेजिस्टेंस बिल्डिंग को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर श्रेणी में डिप्लोमा, इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन, प्रथम वर्ष की छात्रा शालिनी, अभिनय चंद्रा द्वारा बनाये गये रेजिस्टेंस कलर कोड को प्रथम स्थान तथा डिप्लोमा कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की संजुल शर्मा, सिमरन द्वारा बनाये गये डाटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

वहीं डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल प्रथम वर्ष के छात्र नवनीत सिंह द्वारा बनाया गया बायोगैस प्लांट एवं डिप्लोमा कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की अलका कौर, अंश जायसवाल द्वारा बनाये गये एडवांटेजेस ऑफ क्लाउड कंप्यूटिंग को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया और आयोजन समिति की प्रशंसा की। प्रदर्शनी की सह संयोजिका एवं यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की अपर निदेशिका डॉ. नीलू त्रिवेदी ने प्रदर्शनी



में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों डॉ. पुनीत खन्ना, श्री अंकुर जैन, श्री मयंक भारद्वाज, श्री महावीर सिंह रावत समेत समस्त शिक्षकगणों का विशेष योगदान रहा।

# सम्पादकीय

बुधवार, 12 मार्च 2025

## टैरिफ पर सफाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जबसे सत्ता में आए है। तभी से वह अपने बयानों को लेकर चर्चाओं में बने हुए है। हालांकि बातें व वही कर रहे है जिसके बारे में वह 20 जनवरी को शपथ लेने से पूर्व कहते रहे है। कभी वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रुकवाने की बात कहते है। तो कभी गाजा को लेकर विवादस्पद बयान देते है। वैसे वह टैरिफ लगाने के मामले को लेकर अधिक चर्चा बटौर रहे है। विचित्र बात यह है कि इस मामले में वह दोस्त और दुश्मन में कोई भेद नहीं कर रहे है। जिसके चलते उनकी कई मित्र देशों से दूरियां भी बढ़ी है। जिसमें कनाडा, मेक्सिको, भारत जैसे देश शामिल है। यह देखना भी बेहद अजीब लगता है कि वह भारत को अपने बयानों में अधिक निशाने पर रख रहे है। ट्रम्प कई बार कह चुके है कि भारत वह देश है जो अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक ट्रैरिफ लगाता है। बदले में उन्होंने भारतीय उत्पादों पर भी जैसे को तैसा के अंदाज में ट्रैरिफ लगाने की बात कही है। बीते शुक्रवार को भी ट्रम्प ने अपने बयान में कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा ट्रैरिफ वसूलता है। उनका कहना था अमेरिकी भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि भारत अब अपने ट्रैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे है। उन्होंने यह भी चेताया कि हमारे देश को हर किसी ने लूटा है। जबसे ट्रम्प का यह बयान आया भारतीय राजनीति में एक हलचल सी मच गई है। जो कि स्वभाविक भी है। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कह भी दिया कि आखिर ट्रम्प किस की पोल खोलने की धमकी दे रहे है। यह साफ होना चाहिए। अब तक इस पूरे मुद्दे पर मोदी सरकार की प्रतिक्रिया देखने में नहीं आई है, लेकिन एकाएक मंगलवार को भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को यह बताकर कि भारत ने अमेरिका के साथ ट्रैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है और साथ ही कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी जारी है। बर्थवाल ने यहा तक कहा कि अमेरिका राष्ट्रपति के दावो और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बर्थवाल का यह भी कहना था कि भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है लेकिन ट्रैरिफ वार से किसी को फायदा नहीं है और इससे मंदी आ सकती है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अंधाधूंध तरीके से ट्रैरिफ कम नहीं करेगा। ट्रम्प को समझना होगा कि जिस तरह उन्हे अपने देश के राष्ट्रीय हित प्यारे है दूसरे लोगों को भी अपना हित देखना सर्वोपरी होता है। एक-दूसरे की समस्याओं को समझते हुए आगे बढ़ना सही रास्ता होता है। अगर कोई भी देश केवल अपने हित के बारे में सोचेगा तो इससे व्यापार व अन्य बातों की समझ में आगे बढ़ने में कठिनाई पैदा होगी। भारत ने अमेरिका को यही बात समझाने की कोशिश की है।

### होली और रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं



होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मो के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए, जैसा कि विदित है कि इस समय रमजान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनजर रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, यह सभी के हित में होगा, इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं, सम्भल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## स्वास्थ्य का सबसे बड़ा दुश्मन है धूम्रपान


**अतुल गोयल**

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 के 'नो स्मोकिंग डे' की थीम है 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें'। पहली बार यह दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल की पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में विस्तार से बताया गया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसो प्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।



**धूम्रपान से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदु**

**धूम्रपान के नुकसान...**

1. फेफड़ों का कैंसर:-
2. हृदय रोग:-
3. सांस की समस्याएं:-
4. दांतों और मसूड़ों की समस्याएं
5. गर्भावस्था में समस्याएं

**धूम्रपान छोड़ने के फायदे...**

1. स्वास्थ्य में सुधार:-
2. जीवनकाल में वृद्धि:-
3. आर्थिक बचत:-
4. परिवार और दोस्तों के लिए बेहतर वातावरण

**धूम्रपान छोड़ने के तरीके...**

1. निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी:-
2. काउंसलिंग:-
3. समर्थन समूह:-
4. धूम्रपान विरोधी दवाएं:-

## अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भूमिका

दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली की एक झुग्गी बस्ती में नाई की दुकान और किराने की दुकान के बीच स्थित डॉ. 'आर' के बहुत ही छोटे से दवाखाने में मैंने कुछ दिलचस्प देखा। मैंने देखा कि डॉ. 'आर' बड़ी कुशलता से एक अधेड़ व्यक्ति की सलाइन बदल रहे हैं। उस मरीज़ की पत्नी पास में बैठी थी और थकी-थकी सी लग रही थी। उसने कहा कि कल तो ठीक थे, आज अचानक बेहोश हो गए तो मैं इन्हें यहां ले आई।

डॉ. 'आर' ने 12 साल पहले इस बस्ती में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। इससे पहले वे सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टर के सहायक के रूप में काम करते थे। उनके पास कोई औपचारिक चिकित्सकीय प्रशिक्षण या डिग्री नहीं है लेकिन उनके मरीज़ों को इससे कोई आपत्ति नहीं है। डॉ. 'आर' कहते हैं, दिल्ली में उनके जैसे लाखों डॉक्टर हैं और यदि ये सभी अपनी प्रैक्टिस बंद कर दें तो अस्पतालों में भीड़ लग जाए।

डॉ. 'आर' जैसे अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की संख्या दिल्ली के गरीब इलाकों में काफी अधिक है। ये आम तौर पर किसी प्रशिक्षित डॉक्टर के सहायक, फार्मासिस्ट/कंपाउंडर या स्वास्थ्य सुविधाओं में गैर-चिकित्सकीय कर्मचारी के रूप में शुरुआत करते हैं, और कुछ वर्षों के अनुभव के बाद स्वतंत्र रूप से अपनी प्रैक्टिस शुरू कर देते हैं।

**स्रोत फीसर्च**

अक्सर एलोपैथी में काम करने वाले ये अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता (आईएचपीएस) किसी एक चिकित्सा प)ति के प्रति वफादार नहीं होते। समुदाय में बसे ये आईएसपी (प्राय: पुरुष) बीमार या घायल लोगों द्वारा इलाज की तलाश में पहला संपर्क बिंदु होते हैं। एक तरह से ये उनके 'फैमिली डॉक्टरश की तरह होते हैं।

ग्रामीण भारत पर ध्यान दें तो, आईएसपीएस के पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ यह तर्क दिया जाता है कि वे स्वास्थ्य प्रणाली में 'रिक्त स्थानों' को भरते हैं। हालांकि, औपचारिक स्वास्थ्य प्रणालियों तक गरीबों की पहुंच में रुकावट डालने वाले कारण, जैसे सरक. ारी अस्पतालों में भेदभावपूर्ण व्यवहार या औपचारिक सुविधाओं की कमी, महत्वपूर्ण हैं लेकिन यह जानना भी आवश्यक है कि किन अन्य कारणों से लोग आईएचपीएच की सेवाएं लेते हैं।

दिल्ली जैसे शहरों पर गौर करके यह समझने में मदद मिल सकती है, जहां कागज़ों पर 'पर्याप्त' सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। आखिर, आईएसपीएस वास्तव में क्या उपलब्ध कराते हैं? इस लेख में आईएसपीएस की भूमिका और भारत में 'फैमिली डॉक्टर' के महत्व का विश्लेषण किया गया है। साथ ही, दवाखानों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की जटिलताओं पर सवाल उठाए गए हैं, जो आईएसपीएस के संदर्भ से परे होते हुए भी प्रासंगिक हैं।

फैमिली डॉक्टर जो अक्सर जनरल प्रैक्टिशनर के पर्याय होते हैं, लेकिन हमेशा नहीं प्राथमिक स्वास्थ्य प्रदाता होते हैं जो परिवारों में विभिन्न उम्र के लोगों की विभिन्न बीमारियों का इलाज करते हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में, फैमिली डॉक्टर एक 'दोहरी ख्रष्टि' रखते हैं। एक ओर तो वे मरीज़ को एक शरीर या मन के रूप में देखते हैं जिसे चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता है और साथ ही उसे एक संपूर्ण इंसान के रूप में देखते हैं, जो अन्य लोगों के साथ जटिल सम्बंधों में उलझा है। दृष्टिकोण का यह दोहरापन और मरीज़ों तथा उनके परिवारों के साथ उनकी नज़दीकी, उन्हें 'व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा' प्रदान करने के सक्षम बनाती है।

यह सरकारी और निजी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यावसायीकरण के चलते डॉक्टरों से मिलने वाली नौकरशाही नुमा और बेरुखी से भरी सेवा के विपरीत है। फैमिली डॉक्टर लंबे समय तक मरीज़ों और उनके परिवारों को देखकर यह समझ सकते हैं कि अचानक होने वाली बीमारियां कैसे जीर्ण बीमा. रियां बन सकती हैं, और जीर्ण बीमारियों के कैसे अचानक गंभीर लक्षण उभर सकते हैं। वे मरीज़ों की विशेषताओं और व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार अपने निदान और उपचार में बदलाव करते हैं, जिसकी सफलता का स्तर अलग-अलग होता है।

समय के साथ, परिवार उनकी सलाह पर भरोसा करने लगते हैं और छोटी-बड़ी हर प्रकार की स्वास्थ्य चिंताओं पर उनकी राय लेते हैं। इस तरह, वे भरोसेमंद बन जाते हैं और मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक राहत का एहसास कराते हैं।

निश्चित रूप से, भारत के दवाखानों और अस्पतालों में, खासकर हाशिए पर रहने वाले समूहों को ऐसी स्वास्थ्य सेवा मिलना दुर्लभ है। लेकिन, मुझे लगता है, आईएचपीएस इन आदर्शों को कुछ हद तक साकार करते हैं। ऐसा अक्सर वे सोच-समझकर नहीं करते, बल्कि यह उनके काम के ढांचे और स्थितियों से स्वाभाविक रूप से उभरता है। उदाहरण के लिए, उनके दवाखाने के भौतिक वातावरण पर गौर कीजिए। डॉ. 'आर' के दवाखाने की तरह, आम तौर पर ये दवाखाने घनी बस्तियों में आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच एक छोटे कमरे में चलते हैं, जहां कोई बड़ा साइनबोर्ड भी नहीं होता। अंदर ज़रा-सी जगह में एक मेज़, कुछ कुर्सियां, दवाइयों से भरी अलमारी, एक बिस्तर, मरीज़ और डॉक्टर, ये सब जगह के लिए होड़ करते नज़र आते हैं। इन दवाखानों के खुलने पर मरीज़ बिना किसी अपॉइंटमेंट या बिना किसी नौकरशाही के हस्तक्षेप के आ-जा सकते हैं। मोहल्ला क्लीनिक (जो आम तौर पर दोपहर 2 बजे तक बंद हो जाते हैं) और अन्य सरकारी डिस्पेंसरी की तुलना में ये देर तक खुले रहते हैं।



## सद्भावना की मानव समाज में उपादेयता


**डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

**आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है, आत्मज्ञान के लिए गरु ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है**

आज मानवता कराह रही है। समाज में चहुंओर ईर्ष्या, घृणा, द्वेष, अनाचार, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, रिश्ते-नातों की टूटती दीवार , नारी-अस्मिता पर प्रहार, ऊंच-नीच की भावना,जाति विद्वेष, साम्प्रदायिकता व लड़ाई-झगड़े आदि बुराईयां तीव्र गति से बढ़ती दृष्टिगोचर हो रहीं हैं। प्रश्न उठता है कि इसका समाधान क्या है? विचारा. ेपरांत इसका एक ही उत्तर मिलता है-सद्भावना। सामान्यत: सद्भावना से तात्पर्य-मैत्रीपूर्ण स्वभाव (भाईचारे), दयालुता, परोपकार, ईमानदारी, विश्वसनीयता, सत्यवादिता माना जाता है जबकि सद्भावना सत्+भावना दो शब्दों से मिलकर बना है जिसका अर्थ है सत्य की भावना अर्थात सत्य को जानकर जो भावनाओं का प्रकटीकरण होता है, वह सद्भावना है जो सामान्य जन समझते है वे सत्य के गुण प्रभाव है। जब व्यक्ति सत्य को जान लेता है तो उसमें स्वतरू इन गुणों का प्रादुर्भाव होता है।

आदिगुरु शंकराचार्य का मत है-ब्रह्म सत्यं अर्थात ब्रह्म ही सत्य है और सत्य ही ब्रह्म है, ब्रह्म को जानने के बाद और कुछ जानना शेष नहीं रहता। यह श्लोक वेदांत से लिया गया है और अद्वैत दर्शन का मूलाधार है। छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है-सर्वं खल्विदं ब्रह्म अर्थात सम्पूर्ण चराचर जगत ब्रह्म का ही प्रसार है। उपनिषद का यह महावाक्य निराकार ब्रह्म की सर्वव्यापकता का उद्घोष करता है। वह ब्रह्म सर्व व्यापक होने के साथ सबसे अधिक नजदीक हमारे अंदर है इसलिए संतों ने कहा कि ज्यों तिल माहि तेल है, ज्यों चकमक में आग। तेरा सांई तूझमें, जाग सके तो जाग अर्थात वह परमपिता परमात्मा प्रत्येक मानव के हृदयस्थ है। बृहदारण्यक उपनिषद में ऋषियों ने उद्घोष किया कि अहं ब्रह्मामि अर्थात मैं ब्रह्म हूं क्योंकि ब्रह्म ही शांति, आनन्द और गुणों की खान है और आत्मा ही ब्रह्म है जिसे मण्डूक्य उपनिषद में-अयं आत्मा ब्रह्म कहकर सम्बोधित किया गया है और वेदांत का कथन हैं कि आत्मानं विद्धि आत्मानं उपास्य अर्थात अपनी आत्मा को जानो, अपनी आत्मा की उपासना करो। जबकि रामचरितमानस कहती है कि ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि अर्थात आत्मा ईश्वर का अंश है जो चेतन्य, अवगुणों से रहित, स्वाभाविक रूप से सुखों की खान है। आत्मा का अर्थ है-अ माने नहीं, तम माने अंधकार अर्थात जहां प्रकाश ही प्रकाश है किन्तु इसके लिए आत्मा को जानना अर्थात आत्मज्ञान जरुरी है। आत्मज्ञान में व्यक्ति के परिवर्तन की क्षमता है। आत्मज्ञान को जानकर रत्नाकर डाकू-महर्षि वाल्मीकि, आम्रपाली वेश्या- बौद्ध भिक्षुणी और अंगुलीमाल- बौद्ध भिक्षु बन गए।

आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है। आत्मज्ञान के लिए गुरु, ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है। आत्मज्ञान हेतु गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए गीता में कहा गया है-तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिन रूअर्थात तत्वदर्शी ज्ञानी से आत्मज्ञान का उपदेश लेना चाहिए। तत्वदर्शी ज्ञानी का जाति, धर्म, पद, प्रतिष्ठा से मूल्यांकन नहीं किया जा सकता क्योंकि शुकदेव मुनि ने राजा जनक, मीराबाई ने संत रविदास,कबीर दास ने रामानंद से ज्ञान प्राप्त किया। आत्मज्ञान का ध्यान से अटूट सम्बन्ध है इसलिए कहा गया है-जिमि दूध के मथन से निकसत है घी जतन से।तिमि ध्यान की लगन से, परब्रह्म ले निहारा। कहने का तात्पर्य है कि यदि हम परब्रह्म परमात्मा की अनुभूति करना चाहते हैं तो हमें ध्यान करना होगा क्योंकि कहा गया है-शेष महेश गनेश दिनेश सुरेसहु जाहि निरंतर ध्यावै अर्थात सतत् ध्यान के कारण ही शंकर में संहार, विष्णु में पालन और ब्रह्मा में सृजन के साथ अन्य देवी-देवताओं से विभिन्न दिव्य गुणों की शक्तियां समाहित हैं। ध्यान हेतु साधना जरुरी है। साधना का अर्थ है ध्यान हेतु तन और मन को साधना इसलिए अष्टांग योग में प्रारम्भ के पंच अंग- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार की व्यवस्था की गई है जिसका ध्यान हेतु हमें पालन करना चाहिए। आत्मज्ञान हेतु सबसे अधिक महत्वपूर्ण है-सत्संग। सत्संग सत् और संग दो शब्दों से मिलकर बना है अर्थात सत्य या हृदय स्थित ईश्वर को जानकर उसका संग करना ही वास्तविक सत्संग है किन्तु इस सत्संग हेतु ज्ञानी साधुओं के पास बैठकर ज्ञानचर्चा सुनना या करना, सद साहित्य-वेद, उपनिषद, गीता, रामचरितमानस व संतों की वाणी का स्वाध्याय या वाचन करना भी सत्संग है। मानव समाज में सद्भावना के प्रचार-प्रसार हेतु सत्य को जानना नितांत आवश्यक है क्योंकि सत्य को जानने से आंतरिक परिवर्तन होता है और व्यक्ति में स्वतरूप्रेम, ईमानदारी, सत्यवादिता,दयालुता, परोपकार, समानता और भाईचारे की भावनाएं उद्भूत होती है और पावनता का उत्दृष्ट भाव जाग्रत होने के कारण नारी सम्मनीया और आदरणीया हो जाती है।



## बार-बार कब्ज होना कहीं बवासीर का खतरा तो नहीं...!

आमतौर पर कब्ज की समस्या काफी परेशानी देती है। कब्ज एक ऐसी समस्या है, जो नियमित रुप से पेट साफ नहीं होता है। जिस वजह से पेट में दर्द, भारीपन जैसे लक्षण दिखते हैं। बार-बार कब्ज की पेरशानी होने से बवासीर का खतरा बन जाता है। इन सभी खतरों को पूरा करने के लिए इन 6 फलों का सेवन जरूर करें।

क्या आपका पेट हफ्ते में 2-3 बार ही साफ हो पाता है, तो इस समस्या को भूलकर भी इग्नोर न करें। यह चेतावनी कब्ज की हो सकती है जोकि आगे चलकर खरनाक समस्या बन सकती है। डॉक्टर के मुताबिक, बवासीर, खूनी बवासीर और फिर फिशर का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान रहते हैं, तो आप कब्ज से राहत पाने के लिए इन 6 फलों का सेवन कर सकते हैं।


### कीवी का सेवन करें...

एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि डेंगू के इलाज में कीवी का सेवन करना चाहिए। कीवी खाने से इम्यूनिटी बढ़ाती है और इंफेक्शन में राहत मिलती है। इस फल को खाने से डायजेशन तेजी से होता हैं क्योंकि इसमें फल के अंदर एक्टीनिडीन होता है।

### नाशपती...

नाशपती फल के अंदर सोर्बिटोल होता है। यह एक शुगर एल्कोहॉल होता है, जो लैक्सेटिव की तरह काम करता है। इसके अत्याधिक सेवन करने से ब्लोटिंग, डायरिया हो सकता है, क्योंकि इसके अंदर हाई फूडमैप केमिकल होता है।

### डाइट में फलों का सेवन करे शुरू



### सेब...

सेब खाने से बीमारी दूर होती है इसके साथ यह कब्ज भी दूर करता है। सेब में सबसे अधिक फाइबर मात्रा अधिक होती है। जो मल को आसानी से त्यागने में मदद करता है।

### पपीता...

पपीता का सेवन करने से पेट संबंधित समस्याएं दूर होती है। यह कब्ज की समस्या को दूर करता है और पेट को साफ करने में मदद करता है। पपीता में डायजेस्टिव एंजाइम होते हैं, जो इस काम के लिए जिम्मेदार हैं।

### प्रून्स और बेरीज...

ये दोनों ही फल कब्ज के लिए रामबाण है। प्रून्स में फाइबर से भरा होने के साथ ही मल निकासी को आसान बनाने के लिए काफी बढ़िया तरीका है। वहीं, बेरीज अंदर काफी एंटीऑक्सीडेंट पाई जाती है।



# बलूच आर्मी ने पाकिस्तान में हाईजैक की पैसेंजर ट्रेन

## 30 सैनिक आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ में मारे गए

## 214 लोग बनाए बंधक, ट्रेन में 140 सैनिक भी थे सवार

**धमकीः अगर पाक सेना कार्रवाई करेगी, तो सभी 214 बंधकों को मार दिया जाएगा**

**पाकिस्तानी सेना ने किया आत्मसमर्पण, 6,000 सैनिक दिखाई दे रहे लाचार**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच आर्मी ने पूरी पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया है। जफर एक्सप्रेस बलोचिस्तान की पैसेंजर ट्रेन है। इस ट्रेन में मंगलवार को सेना के 140 जवान भी सवार थे। ऐसे में जिस तरीके से ट्रेन का हाईजैक हुआ, उससे इंटेलिजेंस के फेल्योर होने का भी सवाल उठ रहा है। हाईजैक की वजह से आतंकवादियों की कैद में करीब 400 लोग फंसे थे। बताया इस ट्रेन में 140 सैनिक भी यात्रा कर रहे थे। ऐसे में, जफर एक्सप्रेस में सवार सभी यात्रियों को बलोचिस्तान आर्मी के आतंकियों ने छोड़ दिया, लेकिन ट्रेन में सवार सभी सैनिकों को बंधक बना लिया है। ट्रेन को हाईजैकरों से छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 30 जवानों की मौत हो गई है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने बयान जारी कर कहा है कि मशकफ, धादर और बोलन में सावधानीपूर्वक ट्रेन को हाईजैक किया गया है। हमारे लड़ाकों ने पहले ट्रेन की पटरी को बम से उड़ा दिया, जिसके बाद ट्रेन आसानी से रुक गई। बीएलए का कहना है कि जैसे ही ट्रेन ट्रैक पर रुकी। हमारे लोगों ने ट्रेन को नियंत्रण में ले लिया। आतंकी संगठनों का कहना है कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई कार्रवाई करती है तो सभी 214 बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए ने पाकिस्तानी सेना को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर किसी भी तरह का सैन्य अभियान उनके खिलाफ शुरू किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। संगठन ने धमकी दी कि यदि उन पर हमला हुआ, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा और इसके लिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना पर होगी। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस हाईजैक करने के बाद पाकिस्तान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राउंड फोर्सेज को पीछे हटना पड़ा, जिसके बाद अब एयर स्ट्राइक की जा रही है। हेलीकॉप्टर और फाइटर जेट मौके पर भेजे गए हैं। बीएलए की मजीद ब्रिगेड, STOS, फतह स्क्वाड और जिराब यूनिट के लड़ाके अब भी मजबूत स्थिति में हैं। संगठन ने पाकिस्तानी सेना को चेतावनी देते हुए कहा, अपने जवानों को बचाने का आखिरी मौका है। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, एंटी-टेररिज्म फोर्स ATF और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस ISI के सक्रिय ड्यूटी पर तैनात जवान भी शामिल हैं, जो छुट्टी पर पंजाब जा रहे थे। बीएलए ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तानी सेना ने कोई जवाबी कार्रवाई की, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलूच ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से सुनियोजित था और उनके लड़ाके ट्रेन व यात्रियों पर पूरी तरह कंट्रोल में हैं। बताते चलें कि पाकिस्तान में आतंकवाद और अलगाववादी आंदोलनों की जड़ें काफी गहरी हैं।

### सेना के पिट्ठू ने जताई थी आशंका

पाकिस्तान सेना के पिट्ठू कहे जाने वाले पूर्व मंत्री फजरलुर रहमान ने कुछ दिन पहले ही बलोचिस्तान में बड़ी घटना की आशंका जताई थी। रहमान का कहना था कि बलोचिस्तान के लोग पाकिस्तान सेना की बात सुनना अब बंद कर देंगे। वहां के लड़ाके सीधे मोर्चा खोलेंगे। रहमान के मुताबिक बलोचिस्तान की सेना अब नाराज हो गई है और सरकार उसे संभाल नहीं पाएगी। फजलुर का कहना था कि बलोचिस्तान जल्द ही पाकिस्तान से अलग हो जाएगा। बलोचिस्तान लंबे वक्त से हिंसा की आग में झुलस रही है। पाकिस्तान की सरकार खुद यहां की हिंसा से चिंतित है। ऐसे में सेना के इतने बड़े मूवमेंट को जिस तरीके से एक पैसेंजर ट्रेन में करवाया गया है, उससे भी सवाल उठ रहे हैं।

## बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को मिल रहा जबरदस्त समर्थन

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को जबरदस्त समर्थन प्राप्त है। हालांकि, खुले तौर पर यहां लोग बलूच लिबरेशन आर्मी के समर्थन में खड़े नहीं दिखाई देते। इसकी वजह यह है कि पाकिस्तान सरकार ने बीएलए से बात करने की जगह 2006 में ही इस संगठन को बैन कर दिया। तब से लेकर अब तक बीएलए पाकिस्तानी सरकार के नुमाइंदों को निशाना बनाती आ रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी की बनावट कुछ इस तरह की रही है कि इस संगठन ने अलग-अलग स्तर पर कई प्रमुख तैनात किए हैं। इस संगठन को सबसे लंबे समय तक चलाने वालों में असलम बलूच का नाम सबसे आगे है।

इतिहास की बात करें तो असलम बलूच 2006 से 2018 तक इस संगठन का प्रमुख रहा। हालांकि, 2018 में अफगानिस्तान के कंधार में एक आत्मघाती हमले में असलम की मौत हो गई थी। इस घटना से बीएलए को बड़ा झटका लगा था। हालांकि, संगठन ने इसके बाद से खुले तौर पर कभी अपने नेतृत्व में शामिल लोगों का ऐलान नहीं किया। बताया जाता है कि बलूचिस्तान में स्थानीय कमांडर ही दस्तों के संचालन का जिम्मा उठाते हैं। बीएलए के अलावा बलूचिस्तान में जुम्मा खान ने 1964 में बलूच लिबरेशन फ्रंट की स्थापना की थी। बलूचिस्तान की आजादी के लिए बना यह संगठन एक समय काफी चर्चा में रहा। हालांकि, बाद में इस संगठन के लड़ाके भी बीएलए में शामिल हो गए। इसके अलावा बीएलए की छात्र इकाई बलूच स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन भी बलूचिस्तान में काफी सक्रिय है। इसका नेतृत्व एक समय डॉ। अल्लाह नजर कर रहे थे, जो कि बलूच आंदोलन का बड़ा चेहरा रहे हैं।

## सऊदी क्राउन प्रिंस से मिले जेलेंस्की

**जेद्दा /सऊदी अरब।** सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान ने सोमवार देर शाम जेद्दा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाक.ात की। आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसपीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सऊदी क्राउन प्रिस ने जेद्दा के अल-सलाम पैलेस में यूक्रेन के राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां एक आधिकारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। दोनों नेताओं ने औपचारिक बातचीत भी की। जेलेंस्की अमेरिका-यूक्रेन वार्ता से पहले सोमवार को सऊदी तटीय शहर में पहुंचे।

कीव स्थित यूक्रेनी समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को ज़ेलेंस्की के हवाले से कहा कि सोमवार को मैं क्राउन प्रिंस (मोहम्मद बिन सलमान) से मिलने के लिए सऊदी अरब जाने वाला हूं। उसके बाद मेरी टीम हमारे अमेरिकी भागीदारों के साथ काम करने के लिए सऊदी अरब में रहेगी। अमेरिकी विद.ेश मंत्री मार्को रुबियो सोमवार को ही जेद्दा पहुंचे और सऊदी क्राउन प्रिस से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश विभाग के पिछले बयान के अनुसार रुबियो सोमवार से बुधवार तक जेद्दा में रहेंगे और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मिलेंगे। यूक्रेन-अमे.रिका की बैठक मंगलवार को होगी। फरवरी के अंत में व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ज़ेलेंस्की के बीच कथित टकराव के बाद यह पहली बैठक होगी। इस टकराव विवाद के कारण द्विपक्षीय खनिज समझौते को रद्द कर दिया गया और इसके बाद यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता को निलंबित कर दिया गया।



## जान का दुश्मन बना ग्वाटेमाला में ज्वालामुखी



**ग्वाटेमाला एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो मध्य अमेरिका में 30 हजार लोगों की जान पर खतरे का कारण बना हुआ है**

**ग्वाटेमाला सिटी।** मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला के राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण समन्वयक ने सोमवार को चेतावनी दी कि यहां सक्रिय ज्वालामुखी से करीब 30 हजार लोगों के लिए खतरा बन गया है। एजेंसी के कार्यकारी सचिव क्लॉडिन ओगाल्डेस ने सैकेटपेक्यूज़, चिमाल्टेनैंगो और एस्कुइंटला के विभागों में रहने वाले आस-पास के निवा.सियों से पिछले कुछ घंटों में हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद तुरंत अपने घरों को खाली करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सेना और राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा, सुरक्षा महा.निदेशालय के साथ मिलकर सुरक्षा उपायों का समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 282 परिवारों को पहले ही सैकेटपेक्यूज़ के सैन जुआन अलोटेनैंगो कस्बे में शरणस्थलों में पहुंचाया जा चुका है और एस्कुइंटला के कोटज़ुमालगुआपा में भी एक शरणस्थल तैयार किया गया है। कॉनरेड न्यूज़लैटर के अनुसार सक्रिय ज्वालामुखी से किसी भी समय लावा और धुएं का गुबार निकल सकता है जो ज्वालामुखी के किसी भी खड्ड से नीचे गिर सकता है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि अगर गतिविधि जारी रहती है तो अधिकारियों को उम्मीद है कि राख और धुएं का गुबार समुद्र तल से छह हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा और ज्वालामुखी के 40 किलोमीटर पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम तक के समुदायों पर गिरेगा। एजेंसी ने कहा, ज्वालामुखी के विभिन्न किनारों की ओर लगातार (लावा) हिमस्खलन भी हो सकता है जिससे कम ऊंचाई पर अधिक मात्रा में राख निकल सकती है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर.
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा० सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

## जॉब अलर्ट

**NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...**

### आवश्यकता है।

**पद** : महिला रसोइया
**स्थान** : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**नौकरी का प्रकार** : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- मुगलाई, कश्नन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।

**योग्यताएँ:**
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।

**कार्य समय:**
- **समय:** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

**सहायक प्रबंधक** : प्रिंट मीडिया
**स्थान** : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**नौकरी का प्रकार** : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।

**योग्यताएँ:**
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

**पद** : मार्केटिंग एजेंट
**स्थान** : दिल्ली
**नौकरी का प्रकार** : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:**
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ :**
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।

**योग्यताएँ:**
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
**शाह आलम : 80772 43100**
Email:- shahtimes0105@gmail.com